

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित

जन जन की आवाज़



लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 113 | शुक्रवार, 05 जून 2026 | ज्येष्ठ कृष्ण पंचमी विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रूपया


## संक्षिप्त समाचार

### विराट कोहली चले गए लंदन पाटीदार भी लौट आए इंदौर



नई दिल्ली। लगातार दूसरी बार ट्रॉफी जीतने के बाद विराट कोहली लंदन रवाना हो चुके है, कप्तान रजत पाटीदार एमपीएल की तैयारी में जुट गए और अपने घर इंदौर लौट आए है। टीम के बाकी खिलाड़ी अपने अपने घर जा चुके है। ऐसे में सवाल बड़ा ये है कि इस बार कोई भव्य जुलूस नहीं निकला न ही कोई अत्यधिक दिखावटी जश्न मनाया गया। जश्न न मनाए जाने के पीछे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की मंशा कानून व्यवस्था की स्थिति को नियंत्रण में रखना था, इसलिए फैसला लेना पड़ा।

### संयुक्त राष्ट्र महासभा के नए अध्यक्ष बने खलीलुर रहमान

नई दिल्ली। बांग्लादेश के विदेश मंत्री डॉ. खलीलुर रहमान को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 81वें सत्र का अध्यक्ष चुना गया है। उन्होंने एक करीबी मुकाबले में साइप्रस के उम्मीदवार एंड्रियस काकौरिस को हराया। मतदान में 190 सदस्य देशों ने हिस्सा लिया। तीन देशों ने मतदान नहीं किया। रहमान को 99 वोट मिले, जबकि काकौरिस को सिर्फ 91 वोट मिले। चुनाव में जीत हासिल करने के लिए कम से कम 96 वोटों की जरूरत थी। खलीलुर रहमान जर्मनी की पूर्व विदेश मंत्री एनालेना बेरबॉक की जगह लेंगे।

### आमिर खान तीसरी बार पांच जुलाई को बनेंगे दूल्हा



मुंबई। मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान बहुत जल्द शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। आमिर बहुत जल्द गर्लफ्रेंड गौरी स्ट्रैट से अपने रिश्ते को एक कदम आगे ले जाने के लिए तैयार हैं। आमिर खान से जुड़े करीबी लोगों ने बताया कि एक्टर शादी करने जा रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने शादी की तारीख भी अनाउंस कर दी। आमिर खान पांच जुलाई को शादी करने जा रहे हैं। ये शादी काफी सादे तरीके से होगी और इसमें करीबी लोग ही शामिल होंगे।

### लियोनेल मेस्सी की 70 फुट ऊंची प्रतिमा हटाई गई

कोलकाता। अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी की 70 फुट ऊंची प्रतिमा को सोमवार को सुरक्षा कारणों से यहां लेक टाउन से हटा दिया गया। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के अनुसार प्रतिमा को बिना किसी नुकसान के उसके चबूतरे से अलग किया गया और एक 'हाइड्रोलिक क्रेन' की मदद से ट्रक पर रखा गया।

## बल्लभगढ़-जेवर एसप्रेसवे पर निमार्णाधीन पुल से क्रेन गिरने से 6 लोगों की मौत

>> पन्हेरा खुर्द गांव के पास हादसा

>> स्थानीय प्रशासन और बचाव दल मौके पर जुटे

>> घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया

हरियाणा में बल्लभगढ़-जेवर एक्सप्रेसवे पर गुरुवार को एक बड़ा हादसा हुआ है। पन्हेरा खुर्द गांव के पास निमार्णाधीन फ्लाईओवर पर काम के दौरान एक क्रेन अचानक नीचे गिर गई। इस भीषण दुर्घटना में लगभग पांच से छह लोगों की मौत होने की आशंका जताई जा रही है। अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। वहीं, कई लोग घायल हुए हैं, जिन्हें तुरंत नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया। स्थानीय प्रशासन और पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और बचाव कार्य में जुट गई। पन्हेरा खुर्द गांव के पास निमार्णाधीन फ्लाईओवर पर यह हादसा हुआ। जानकारी के अनुसार, फ्लाईओवर निर्माण के दौरान काम में लगी क्रेन अचानक संतुलन खोकर नीचे गिर गई। घटना इतनी भयंकर थी कि आसपास के मजदूर और कर्मचारी इसके सीधा प्रभाव में आए। स्थानीय लोगों और सुरक्षा कर्मियों ने तुरंत बचाव अभियान शुरू किया।

इस एक्सप्रेसवे का निर्माण कई महत्वपूर्ण औद्योगिक और आवासीय क्षेत्रों से गुजरता है। इसलिए, दुर्घटना स्थल पर भारी संख्या में मजदूर और निर्माणकर्मी मौजूद थे। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर क्रेन की गिरने की वजह तकनीकी खराबी या सुरक्षा मानकों की अनदेखी रही होगी, तो यह निर्माण सुरक्षा नियमों की गंभीर विफलता को दशार्ता है।



### घायलों और मृतकों की स्थिति

रिपोर्ट्स के अनुसार, हादसे में पांच से छह लोगों की मौत हुई हो सकती है। घायलों की संख्या ज्यादा बताई जा रही है। अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि घायलों में से कुछ की स्थिति गंभीर है और उन्हें इमरजेंसी वार्ड में भर्ती किया गया है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि क्रेन के गिरते ही आसपास के मजदूर और कर्मचारी चोटिल हुए। कुछ लोगों को नीचे दबा पाया गया। इसके अलावा, आसपास के वाहन और निर्माण सामग्री भी क्षतिग्रस्त हो गए।

सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घटना स्थल को घेरकर बचाव दल और फायर ब्रिगेड को तुरंत कार्रवाई करने के लिए कहा। बचाव दल ने दबे हुए लोगों को निकालने का प्रयास शुरू किया। अधिकारियों ने कहा कि घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया जा रहा है और चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए हेलीकॉप्टर और एम्बुलेंस की व्यवस्था की गई है।

हरियाणा के स्थानीय प्रशासन ने कहा कि इस हादसे में मृतकों की संख्या बढ़ने की संभावना है और यह एक दुखद घटना है। पुलिस ने तुरंत मामले की जांच शुरू कर दी है ताकि हादसे की वास्तविक वजह का पता लगाया जा सके।

एक सिविल इंजीनियर ने कहा कि ऐसे हादसे आम तौर पर सुरक्षा मानकों के उल्लंघन या मशीनरी की खराबी के कारण होते हैं। अगर समय रहते निगरानी की जाती, तो यह हादसा टाला जा सकता था।

स्थानीय लोग हादसे को देखकर स्तब्ध हैं। कुछ परिवारों का कहना है कि उनका कोई सदस्य हादसे में फंसा हुआ है और वे उसकी मदद के लिए मौके पर पहुंचे हैं। कई लोग पुलिस और प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

एक स्थानीय निवासी ने कहा, हम रोजाना यहां से गुजरते हैं। अचानक यह हादसा देखकर सब हक्का-बक्का रह गए। प्रशासन को चाहिए कि भविष्य में ऐसे हादसे रोकने के लिए कड़े कदम उठाए जाएँ।

### पुलिस और प्रशासन की जांच

*पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में यह देखा जा रहा है कि क्रेन के गिरने का कारण मशीनरी की खराबी थी या मानव त्रुटि। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि हादसे में शामिल सभी कर्मचारियों से पूछताछ की जाएगी और निर्माण कंपनी से सुरक्षा रिकॉर्ड मांगे जाएंगे। हरियाणा के प्रशासन ने कहा कि अगर कंपनी की लापरवाही सामने आती है, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, भविष्य में ऐसे निर्माण स्थलों पर सुरक्षा मानकों को और सख्ती से लागू करने का निर्देश दिया गया है।*

बल्लभगढ़-जेवर एक्सप्रेसवे पर हुए इस हादसे ने एक बार फिर यह दिखाया कि निर्माण स्थलों पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी कितना घातक हो सकती है। प्रशासन और पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी है, लेकिन हादसे में मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका बनी हुई है। विशेषज्ञों का कहना है कि हादसे की पूरी जांच और सुरक्षा उपायों की समीक्षा जल्द ही करनी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाएं रोकी जा सकें।

इस हादसे से प्रभावित परिवारों को प्रशासन और समाज की ओर से हर संभव मदद मिलनी चाहिए। साथ ही, निर्माण कंपनियों को यह संदेश जाना चाहिए कि सुरक्षा नियमों की उपेक्षा का परिणाम विनाशकारी हो सकता है।

## 5,000 करोड़ की परियोजनाओं को मिली गति, सीएम योगी ने किया लोकार्पण-शिलान्यास

>> निवेश और रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

>> कई जिलों को मिली विकास परियोजनाओं की सौगात

■ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में 5,000 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया है। सरकार का कहना है कि इन परियोजनाओं से बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी और स्थानीय स्तर पर विकास कार्यों को गति मिलेगी।

पिछले कुछ सप्ताह के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश के अलग-अलग जिलों में



सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल और शहरी विकास से जुड़ी कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इन योजनाओं का उद्देश्य बुनियादी सुविधाओं का विस्तार और लोगों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराना है। सरकार का मानना है कि बेहतर बुनियादी ढांचा निवेश आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### आधारभूत ढांचे पर सरकार का फोकस

राज्य सरकार लगातार सड़क नेटवर्क, मेडिकल सुविधाओं और शहरी विकास को मजबूत करने पर जोर दे रही है। इसी कड़ी में विभिन्न जिलों में नई परियोजनाएं शुरू की गई हैं। सरकार का दावा है कि इन कार्यों से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और क्षेत्रीय विकास को नई गति मिलेगी।

नई परियोजनाओं के पूरा होने से उद्योग, व्यापार और स्थानीय अर्थव्यवस्था को लाभ मिलने की उम्मीद है। इसके साथ ही निर्माण कार्यों के दौरान भी बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार मिल रहा है।

## कमरे में फंदे से लटका मिला न्यायालय में तैनात दरोगा का शव, पुलिस ने दरवाजा तोड़कर निकाला

>> दरोगा ने क्यों की आत्महत्या जांच में जुटी पुलिस

>> परिजनों का आरोप ड्यूटी के लिए सीनियर इंस्पेक्टर करते थे उत्पीड़न

■ जागरण मोर्चा

बदायूं। न्यायालय सुरक्षा में तैनात एक दारोगा का शव बृहस्पतिवार को कमरे में फंदे से लटका मिला। वह शहर के सिविल लाइंस कोतवाली थाना क्षेत्र के मधुबनी कॉलोनी में किराये के कमरे में रहते थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। परिजनों ने सीनियर इंस्पेक्टर पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है।

सीओ सिटी रजनीश उपाध्याय ने बताया कि अभी तक की जांच में दरोगा के आत्महत्या करने की पुष्टि हुई है। परिजनों के आने पर उनसे बातचीत के बाद ही आत्महत्या के कारणों का पता लग सकेगा। एसएसपी अंकिता शर्मा ने भी मौके पर जाकर घटना का जायजा लिया। मूलरूप से मथुरा जिले के गोविंदनगर



मृतक का फाइल फोटो.

निवासी दरोगा मेघश्याम गौतम (52 वर्ष) पुत्र रतनलाल गौतम बदायूं शहर के मधुबनी कॉलोनी में किराये के कमरे में रहते थे। मकान मालिक विकेश ने पुलिस को बताया कि बृहस्पतिवार की सुबह दरोगा की बेटी का फोन आया कि वह फोन नहीं उठा रहे हैं। इसके बाद विकेश की पत्नी ने उनके कमरे का दरवाजा खटखटकाया, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

सीओ सिटी रजनीश उपाध्याय ने बताया कि दारोगा का शव उनके किराये के कमरे में लटका मिला। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। उनके परिवार को सूचना दे दी गईजिसके बाद रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने एक इंस्पेक्टर पर ड्यूटी के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है।पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से ही मौत का कारण पता लग सकेगा। एसएसपी अंकिता शर्मा ने भी मौके पर जाकर घटना का जायजा लिया। एसएसपी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### गमछे के फंदे से लटके मिले

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़कर अंदर जाकर देखा गया, तो दरोगा कमरे के दूसरे गेट पर गमछे के फंदे से लटकते मिले। घटना की सूचना पर एसपी सिटी अभिषेक कुमार सिंह और सीओ सिटी रजनीश कुमार उपाध्याय भी मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए। दरोगा मेघश्याम पिछले एक साल से इसी मकान में रह रहे थे।

## भारत सहित 54 देशों पर 12.5 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने का रखा प्रस्ताव

■ वाशिंगटन

अमेरिका ने भारत सहित 54 देशों के खिलाफ व्यापारिक कार्रवाई की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) ने सेक्शन 301 जांच के निष्कर्ष जारी करते हुए उन देशों पर 12.5 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क (टैरिफ) लगाने का प्रस्ताव रखा है, जिन पर बलपूर्वक श्रम से बने उत्पादों के आयात को रोकने और उस पर प्रभावी कार्रवाई नहीं करने का आरोप है। यह घोषणा ऐसे समय में हुई है, जब नई दिल्ली में भारत और अमेरिका के



मुख्य वार्ताकार द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को अंतिम रूप देने के लिए तीन दिवसीय वार्ता कर रहे हैं। भारत का लक्ष्य इन वार्ताओं में सेक्शन 301 जांच से राहत प्राप्त करना और अपने प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में कम टैरिफ सुनिश्चित करना है।

### भारत ने आरोपों को खारिज किया

भारत ने जबरन श्रम से जुड़े आरोपों को स्पष्ट रूप से खारिज कर दिया है। भारत ने कहा है कि ऐसे मुद्दों का समाधान चल रही व्यापार वार्ताओं के ढांचे के भीतर होना चाहिए, न कि एकतरफा कदमों के माध्यम से। एक अधिकारी के अनुसार भारत तभी समझौते को अंतिम रूप देगा जब उसे 'निष्पक्ष, न्यायसंगत और संतुलित' शर्तें मिलेंगी। यह भी संकेत दिया गया है कि समझौते की रूपरेखा तय होने के बाद अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमिसन ग्रीर भारत की यात्रा कर सकते हैं।

### दावाः ईरान परमाणु हथियार न रखने पर हुआ तैयारः ट्रंप

वाशिंगटन डीसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि ईरान न्यूक्लियर हथियार नहीं रखने पर मान गया है। ट्रंप का कहना है कि ईरान इस बात पर सहमत हो गया है कि उनके पास न्यूक्लियर वेपन नहीं होगा। ट्रंप ने कहा कि ईरान के सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई अमेरिका के साथ बातचीत में शामिल हैं और बातचीत में मंजूरी दे रहे हैं।

**नेतन्याहू को ट्रंप ने फटकारा :** ट्रंप ने नेतन्याहू को बहुत बुरा भला कहा था। दरअसल बीते कुछ समय से ईरान के साथ बातचीत में ट्रंप ने नेतन्याहू को साइड लाइन कर दिया। इजरायल ने लेबनान को निशाना बनाना शुरू कर दिया और ट्रंप को सीजफायर टूटने की चिंता होने लगी। इजरायल के इस रवैये के बात ही ट्रंप का सब्र का बांध टूट गया। ट्रंप ने नेतन्याहू से कहा, तुम विशुद्ध रूप से सनकी हो। अगर मैं नहीं होता तो तुम जेल में होते। मैं तुम्हें बचा रहा हूं। अब हर कोई तुमसे नफरत करता है। हर कोई इजरायल से भी नफरत करता है।

## पंचायत चुनाव में देरी पर हाईकोर्ट सख्त, सरकार से मांगा जवाब

>> चुनाव में देरी पर कोर्ट की नाराजगी

>> प्रशासकों की नियुक्ति पर उठे सवाल

■ प्रयागराज

उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव कराने में हो रही देरी को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से जवाब तलब किया है। कोर्ट ने सरकार से चुनाव की संभावित तारीख और तैयारियों की स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। साथ ही ग्राम प्रधानों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद प्रशासकों की नियुक्ति के फैसले पर भी सवाल उठे हैं। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने समय पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया पूरी करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

इलाहाबाद हाईकोर्ट में दायर याचिका में पंचायत चुनाव समय पर न कराए जाने का मुद्दा उठाया गया है। सुनवाई के दौरान अदालत ने राज्य सरकार से पूछा कि पंचायत चुनाव कराने को लेकर क्या तैयारी की गई है और चुनाव की संभावित तारीख क्या है। कोर्ट ने कहा कि स्थानीय निकाय लोकतांत्रिक व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं और इनके चुनाव समय पर होना जरूरी है। याचिकाकताओं का तर्क है कि पंचायतों का कार्यकाल समाप्त होने के बावजूद नई पंचायतों का गठन नहीं किया गया, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में जनप्रतिनिधित्व प्रभावित हो रहा है। इस पर अदालत ने सरकार से विस्तृत जानकारी मांगी है। मामले में ग्राम प्रधानों और पंचायत प्रतिनिधियों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद प्रशासकों की नियुक्ति के फैसले को भी चुनौती दी गई है। याचिका में कहा गया है कि निर्वाचित प्रतिनिधियों की जगह प्रशासनिक अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपना लोकतांत्रिक व्यवस्था की भावना के अनुरूप नहीं है।

### ग्रामीण प्रशासन पर पड़ रहा असर

*विशेषज्ञों का मानना है कि पंचायत चुनाव में देरी का असर ग्रामीण विकास योजनाओं और स्थानीय प्रशासन पर पड़ सकता है। पंचायतें गांव स्तर पर विकास कार्यों के संचालन और निगरानी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। निर्वाचित प्रतिनिधियों की अनुपस्थिति में कई योजनाओं के क्रियान्वयन और जनसुनवाई की प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है।*

## अधिवक्ता लाहोटी के नाम पर सर्वोच्च न्यायालय के कॉलेजियम की मोहर

■ जबलपुर

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की कमी को दूर करने महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सर्वोच्च न्यायालय के कॉलेजियम ने वरिष्ठ अधिवक्ता अमित लाहोटी को न्यायाधीश नियुक्त करने की अनुशंसा सरकार को भेज दी है। देश के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाले इस कॉलेजियम से जारी प्रस्ताव के बाद अब नियुक्ति प्रक्रिया का अगला चरण केंद्र सरकार और राष्ट्रपति की स्वीकृति से पूरा होगा। लाहोटी मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय में अनेक महत्वपूर्ण



मामलों की पैरवी कर चुके हैं। लाहोटी के पिता न्यायमूर्ति केके लाहोटी मप्र उच्च न्यायालय के न्यायाधीश रहने के साथ-साथ कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के पद पर भी सेवाएं दे चुके हैं।

## महंगे पेट्रोल से मिलेगी आजादी

## लीजिए, अब इथेनॉल से चलेगी बाइक

■ नई दिल्ली

जल्द ही इथेनॉल से चलने वाली बाइक भारत में लॉन्च होने जा रही है। देश की अग्रणी बाइक कंपनी हीरो मोटोकॉर्प पहली फ्लेक्स-फ्यूल बाइक ला रही है।

ऑटो इंडस्ट्री की रिपोर्ट्स के अनुसार यह बाइक कंपनी की पॉपुलर एचएफ डीलक्स या फिर सबसे ज्यादा बिकने वाली स्पेलेंडर पर बेस्ड हो सकती है। हीरो मोटोकॉर्प भारतीय बाजार में अपनी




पहली फ्लेक्स-फ्यूल मोटर साइकिल लॉन्च कर रही है। लॉन्च समारोह में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के साथ केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी उपस्थित रहेंगे।

## 17 राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट! 70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलेंगी हवाएं

### मानसून की दस्तक के आसार

मौसम विभाग के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम मानसून आज केरल में प्रवेश कर सकता है। इसके प्रभाव से केरल में अगले छह से सात दिनों तक अच्छी बारिश होने की संभावना है। साथ ही तमिलनाडु और कर्नाटक के कई हिस्सों में भी बारिश का दौर शुरू हो सकता है। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि मानसून के आगे बढ़ने के साथ दक्षिण भारत के अधिकांश क्षेत्रों में तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी।

■ नई दिल्ली

देश के कई हिस्सों में मौसम का मिजाज बदलने वाला है। भारतीय



मौसम विभाग ने अगले 8 घंटों के भीतर 17 राज्यों में आंधी और बारिश की संभावना जताई है। इस दौरान 70 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। वहीं, दक्षिण-पश्चिम मानसून केरल पहुंचने के करीब है, जिससे दक्षिण भारत में बारिश की गतिविधियां बढ़ने की उम्मीद है।

आईएमडी ने बताया है कि उत्तर-पश्चिम, मध्य, पूर्वी और दक्षिणी भारत के कई राज्यों में अगले कुछ घंटों के दौरान मौसम तेजी से बदल सकता है। कई इलाकों में गरज-चमक के साथ बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है। कुछ स्थानों पर हवा की रफ्तार 70 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो सकता है।

### तृणमूल में बगावत : ममता बनर्जी बनी रहेंगी पार्टी प्रमुख

## नए गुट ने ऋतब्रत बनर्जी को नेता प्रतिपक्ष बनाया

■ कोलकाता

हाल ही में संपन्न पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में हार के एक महीने बाद तृणमूल कांग्रेस में विभाजन की खबर अब आधिकारिक हो गई है। विधानसभा में तृणमूल कांग्रेस के कुल 80 विधायकों में से 58 विधायकों ने पार्टी से निष्कासित विधायकों ऋतब्रत बनर्जी और संदीपान साहा के नेतृत्व में बगावत कर दी है। बुधवार को विधानसभा में एक नया प्रस्ताव पेश किया गया, जिस पर इन 58 विधायकों के हस्ताक्षर थे। इसमें दावा किया गया कि वे ही तृणमूल कांग्रेस के असली प्रतिनिधि हैं। इस प्रस्ताव में हावड़ा जिले की





उलुबेरिया (पूर्व) विधानसभा सीट से तृणमूल कांग्रेस के विधायक ऋतब्रत बनर्जी को नेता प्रतिपक्ष (एलओपी) नामित किया गया है।

इसी प्रस्ताव में तृणमूल कांग्रेस के विधायकों को विपक्ष का उप नेता नामित किया गया है। इनमें उत्तरी कोलकाता की एंटाली विधानसभा सीट से संदीपान साहा, पश्चिम मेदिनीपुर जिले के केशपुर से शिउली साहा और दक्षिण 24 परगना जिले के कस्बा से जावेद अहमद खान शामिल हैं। रघुनाथगंज से तृणमूल कांग्रेस के अनुभवी विधायक अखरुज्ज़मान को इस प्रस्ताव में विधानसभा में तृणमूल कांग्रेस के नए गुट का मुख्य सचेतक नामित किया गया है। हालांकि इस प्रस्ताव में पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पार्टी की 'सुप्रीमो' यानी पार्टी अध्यक्ष के रूप में ही दर्शाया गया है। जिन 58 विधायकों के हस्ताक्षर इस प्रस्ताव पर थे, वे सभी सुबह से एक-एक करके विधानसभा परिसर में पहुंचने लगे। इसके बाद बागी विधायकों की एक आपात बैठक हुई, जिसमें विधानसभा में विपक्ष के लिए आरक्षित पांच सीटों के लिए पांच नामों का अनुमोदन किया गया। इसके बाद ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व में 58 विधायक स्पीकर के कक्ष में गए और प्रस्ताव प्रस्तुत किया। स्पीकर ने इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया। पिछले महीने तृणमूल कांग्रेस के महासचिव और लोकसभा सांसद अभिषेक बनर्जी ने स्पीकर के कार्यालय को एक पत्र भेजा था। इसमें शोभनदेव चट्टोपाध्याय को नेता प्रतिपक्ष (एलओपी), नैना बंदोपाध्याय और असीमा पात्रा को विपक्ष की दो उप नेता और फिरहाद हकीम को विधानसभा में तृणमूल कांग्रेस के विधायी दल का मुख्य सचेतक नामित किया गया था। हालांकि, स्पीकर ने जोर देकर कहा कि जिस प्रस्ताव पर तृणमूल कांग्रेस के विधायकों के हस्ताक्षर हैं और जिसमें विधानसभा की सीटों के लिए चार नामों का समर्थन किया गया है, उसे अभिषेक बनर्जी के पत्र के साथ ही जमा किया जाना चाहिए।

# दूसरे दिन शांतिपूर्ण तरह से निपटी परीक्षा, नकल माफिया रहे सावधान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** टीजीटी चयन परीक्षा के दूसरे दिन भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता और शुचिता का संदेश देने के लिए आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक एवं पूर्व आईजी डॉ. राकेश सिंह गुरुवार को बिशप मंडल इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र पहुंचे। उन्होंने परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था, बायोमेट्रिक सत्यापन, सीसीटीवी निगरानी और परीक्षा संचालन की तैयारियों का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि मेधावी युवाओं का हक छीनने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी और किसी भी कीमत पर परीक्षा की निष्पक्षता से समझौता नहीं होगा।पूर्व आईजी डॉ. राकेश सिंह ने परीक्षा कक्षों का भ्रमण कर केंद्र व्यवस्थापकों और अधिकारियों से व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के अनुरूप प्रदेश में आयोजित हो रही सभी भर्ती परीक्षाओं को पूर्ण पारदर्शिता, शुचिता और नकलविहीन वातावरण में संपन्न कराया जा रहा है। परीक्षा प्रक्रिया को सुरक्षित बनाने के लिए हर स्तर पर निगरानी बढ़ाई गई है और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। डॉ. राकेश सिंह ने बताया कि शिक्षक भर्ती, प्रधानाचार्य चयन समेत अक्टूबर तक करीब पांच महत्वपूर्ण परीक्षाएं आयोजित होनी हैं। इन सभी परीक्षाओं को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए व्यापक रणनीति तैयार की गई है। सुरक्षा एजेंसियों, प्रशासन और परीक्षा आयोग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया गया है ताकि किसी भी तरह की अनियमितता की संभावना समाप्त की जा सके।



परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते अधिकारी। -जागरण मोर्चा

### सीसीटीवी और बायोमेट्रिक बना सुरक्षा कवच

उन्होंने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर बायोमेट्रिक सत्यापन, सीसीटीवी निगरानी और बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है। साल्वर गैंग, फर्जी अभ्यर्थियों और परीक्षा माफियाओं पर विशेष नजर रखी जा रही है। परीक्षा केंद्रों के भीतर और बाहर दोनों स्थानों पर सतर्क निगरानी की जा रही है।टीजीटी परीक्षा के पहले दिन ही बायोमेट्रिक जांच ने दो फर्जी अभ्यर्थियों की पोल खोल दी थी। इस्लामिया इंटर कॉलेज केंद्र पर विजय प्रताप सिंह के स्थान पर प्रमोद यादव और बरेली कॉलेज केंद्र पर रविंद्र की जगह अमेठी निवासी राम मनोहर प्रजापति परीक्षा देने पहुंचा था। दोनों को पकड़कर संबंधित थानों में मुकदमा दर्ज कराया गया। इस कार्रवाई के बाद परीक्षा माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

### मेधावी युवाओं का अधिकार सर्वोपरि

पूर्व आईजी डॉ. राकेश सिंह ने कहा कि भर्ती परीक्षाओं की निष्पक्षता सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। योग्य और मेहनती अभ्यर्थियों का अधिकार सुरक्षित रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है। इसलिए किसी भी स्तर पर गड़बड़ी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

## सार संक्षेप

### प्रॉपर्टी विवाद में तीसरी मंजिल से गिरकर युवक की मौत, चाचा-भतीजों पर हत्या का आरोप

**बरेली।** किला थाना क्षेत्र में प्रॉपर्टी बंटवारे के विवाद में एक युवक की तीसरी मंजिल से गिरकर मौत हो गई। मृतक के बेटे ने चाचा और चचेरे भाइयों पर धक्का देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। घटना के बाद पूरे इलाके में तनाव का माहौल है। मुरावपुरा निवासी 50 वर्षीय सूर्य प्रकाश गुप्ता का अपने भाइयों के साथ मकान और संपत्ति के बंटवारे को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। परिजनों के मुताबिक गुरुवार सुबह करीब 11 बजे विवाद अचानक बढ़ गया। दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और कहासुनी ने उग्र रूप ले लिया। मृतक के पुत्र आशुतोष गुप्ता ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि उनके चाचा विष्णु गुप्ता अपने पुत्रों आयुष गुप्ता और कौशिक गुप्ता समेत कई लोगों के साथ घर पहुंचे। आरोप है कि उन्होंने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी, मकान की दीवार तोड़ने का प्रयास किया और हंगामा किया। तहरीर में फायरिंग और पथराव के भी आरोप लगाए गए हैं।आशुतोष का आरोप है कि विवाद के दौरान उनके पिता सूर्य प्रकाश गुप्ता माहौल शांत कराने की कोशिश कर रहे थे। इसी बीच आरोपियों ने उन्हें पकड़कर तीसरी मंजिल से नीचे धक्का दे दिया। गंभीर रूप से घायल सूर्य प्रकाश को बचाया नहीं जा सका और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। तहरीर में कुछ रिश्तेदारों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों पर भी दबाव बनाने, घर खाली कराने तथा चार लाख रुपये की अतिरिक्त मांग करने के आरोप लगाए गए हैं। परिजनों ने पूरे मामले को सुनियोजित साजिश बताते हुए हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। घटना की सूचना मिलते ही किला थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। किला इंस्पेक्टर का कहना है कि परिजनों की तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट, स्थानीय लोगों के बयान और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रथम दृष्टया मामला पारिवारिक संपत्ति विवाद से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। सभी आरोपों की निष्पक्ष जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी के अनुरूप कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### आयुष्मान मरीज से वसूली में फंसा राजश्री मेडिकल कॉलेज, वीडियों ने खोली पोल; रुपये लौटाने के आदेश

**बरेली।** आयुष्मान भारत योजना के तहत मुफ्त इलाज की व्यवस्था को धता बताते हुए मरीज के परिजनों से कथित अवैध वसूली करने के मामले में राजश्री मेडिकल कॉलेज घिर गया है। जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद कार्यदायी संस्था ने मेडिकल कॉलेज प्रबंधन को कड़ी चेतावनी जारी करते हुए परिजनों से लिए गए रुपये वापस करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही दोबारा ऐसी शिकायत मिलने पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।उत्तराखंड निवासी सायरा को 7 मई को उपचार के लिए राजश्री मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। मरीज आयुष्मान कार्ड धारक थी और उसके उपचार के लिए योजना के तहत 48 हजार रुपये का प्री-अप्रूवल भी जारी हो चुका था। हालांकि स्वास्थ्य स्थिति गंभीर होने के कारण ऑपरेशन नहीं हो सका और 12 मई को उसकी मौत हो गई।परिजनों का आरोप है कि आयुष्मान कार्ड होने के बावजूद अस्पताल में उनसे नकद रुपये वसूले गए, लेकिन कोई रसीद नहीं दी गई। परिजनों ने वसूली का वीडियो भी रिकॉर्ड कर लिया, जो बाद में जांच का अहम आधार बना। शिकायत मिलने पर मामले की जांच कराई गई। जांच समिति के समक्ष राजश्री मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने दावा किया कि मरीज के परिजनों से कोई धनराशि नहीं ली गई और आयुष्मान योजना के तहत मिले 48 हजार रुपये भी वापस कर दिए गए हैं। लेकिन वीडियो फुटेज और अन्य उपलब्ध साक्ष्यों ने अस्पताल के दावे की पोल खोल दी।जांच रिपोर्ट में वसूली की पुष्टि होने के बाद कार्यदायी संस्था की राज्य शिकायत अधिकारी वंदिता सिंह के निर्देश पर मेडिकल कॉलेज प्रबंधन को चेतावनी पत्र जारी किया गया। साथ ही स्पष्ट निर्देश दिए गए कि मरीज के तीमारदारों से ली गई रकम तत्काल वापस की जाए।कार्यदायी संस्था ने साफ किया है कि आयुष्मान योजना के लाभार्थियों से किसी भी प्रकार की अवैध वसूली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि भविष्य में इस तरह की शिकायत दोबारा सामने आई तो राजश्री मेडिकल कॉलेज के खिलाफ और अधिक कठोर प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।आयुष्मान योजना के नाम पर वसूली के इस मामले ने एक बार फिर निजी अस्पतालों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं और स्वास्थ्य विभाग की निगरानी व्यवस्था को भी कठघरे में ला खड़ा किया है।

# बरेली में सड़क चौड़ीकरण के लिए हटाया अतिक्रमण, मची खलबली

## कोहाड़ापीर स्थित पेट्रोल पंप के आसपास अभियान शुरू किया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शहर में सड़क चौड़ीकरण परियोजना को गति देने के लिए गुरुवार को बीडीए की प्रवर्तन टीम ने कोहाड़ापीर मार्ग पर बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान कई अवैध निर्माणों और कब्जों को बुलडोजर से ध्वस्त किया गया। पूरे अभियान के दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा, जिससे किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो सके।

नगर निगम की कोहाड़ापीर से कुदेशिया फाटक और धर्मकांटा तक सड़क चौड़ीकरण की महत्वाकांक्षी योजना लंबे समय से प्रस्तावित है। अधिकारियों के अनुसार सड़क के दोनों ओर बने अवैध निर्माण और अतिक्रमण इस परियोजना में सबसे बड़ी बाधा बने हुए थे। इसी को देखते हुए पहले से सर्वे कर लगभग 600 अतिक्रमणों को चिह्नित किया गया था और संबंधित लोगों को निशान लगाकर सूचना भी दी गई थी। गुरुवार सुबह बीडीए की टीम ने कोहाड़ापीर स्थित पेट्रोल पंप के आसपास अभियान शुरू किया। बुलडोजर और अन्य मशीनों की मदद से अवैध निर्माणों को हटाया गया। मौके पर कई थानों की पुलिस, प्रशासनिक अधिकारी और बीडीए के प्रवर्तन अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों की निगरानी में ध्वस्तीकरण की पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्वक संपन्न कराई गई।कार्रवाई के दौरान कुछ भूखंडों और निर्माणों को लेकर यह चर्चा भी रही कि संबंधित भूमि वक्फ संपत्ति से जुड़ी है। हालांकि प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सड़क चौड़ीकरण योजना में बाधक बनने वाले अवैध निर्माणों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। इसी बीच कुछ लोगों ने विरोध दर्ज कराने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस बल की मौजूदगी के चलते स्थिति नियंत्रण में रही।



अतिक्रमण हटाती जेसीबी। -जागरण मोर्चा

### बाजार में मची अफरा-तफरी

बुलडोजर कार्रवाई की सूचना फैलते ही कोहाड़ापीर बाजार क्षेत्र में खलबली मच गई। कई दुकानदार और भवन स्वामी अपने प्रतिष्ठानों की ओर दौड़ पड़े। कार्रवाई की जानकारी लेने और राहत की उम्मीद में नगर निगम व प्रशासनिक अधिकारियों के मोबाइल फोन लगातार बजते रहे। कुछ लोगों ने मौके पर पहुंचकर विरोध जताया,लेकिन प्रशासन ने अभियान जारी रखा। नगर निगम का मानना है कि सड़क चौड़ीकरण पूरा होने के बाद कोहाड़ापीर, कुदेशिया फाटक और धर्मकांटा क्षेत्र में लगने वाले जाम से काफी हद तक राहत मिलेगी। अधिकारियों के अनुसार अतिक्रमण हटने से परियोजना को अब गति मिलेगी और आने वाले समय में इस मार्ग पर यातायात अधिक सुगम हो सकेगा।



आग को बुझाते कर्मचारी। -जागरण मोर्चा

# हिंद टॉकीज के पास केबिल बॉक्स में धधकी आग, मचा हड़कंप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शहर के व्यस्त इलाके हिंद टॉकीज के पास गुरुवार सुबह बिजली के केबिल बॉक्स में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। सुबह करीब साढ़े छह बजे हुए इस घटनाक्रम से आसपास मौजूद लोगों में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाकर संभावित बड़े हादसे को टाल दिया।

सिविल लाइंस क्षेत्र स्थित हिंद टॉकीज के पास लगे बिजली के केबिल बॉक्स के नीचे पड़े कूड़े में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें केबिल बॉक्स तक पहुंच गईं और पूरा बॉक्स आग की चपेट में आ गया। धुआं और लपटें उठती देख आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम घटनास्थल पर पहुंची और तेजी से राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। दमकल कर्मियों ने कुछ ही देर में आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। अग्निशमन अधिकारी संजीव ने बताया कि समय रहते आग बुझा दी गई, जिससे कोई जनहानि या अन्य बड़ा नुकसान नहीं हुआ। हालांकि आग की चपेट में आने से बिजली का केबिल बॉक्स पूरी तरह जलकर खाक हो गया। घटना के बाद विद्युत विभाग को भी आवश्यक कार्रवाई के लिए सूचना दे दी गई है।

# दिल्ली हाईवे पर बस ऑपरेटरों के बीच चली गोलियां, तीन आरोपी हिरासत में

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** दिल्ली रूट पर बस संचालन को लेकर बुधवार रात भोजीपुरा क्षेत्र में हाईवे पर दो बस संचालक गुट में फायरिंग हो गई। गोलियों की आवाज से अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और तीन लोगों को हिरासत में ले लिया। पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है।

निगोही के बस संचालक गोल्डी और मानवेंद्र-अमरीश गुट के बीच दिल्ली रूट पर बस संचालन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। गोल्डी पक्ष पिछले करीब दस वर्षों से इस रूट पर बसों का संचालन कर रहा है, जबकि मानवेंद्र पक्ष ने एक जून से नई बस सेवा शुरू की है। बुधवार रात नई सेवा की पहली बस निगोही से दिल्ली के लिए रवाना हुई थी।आरोप है कि मिलक क्षेत्र के पास मानवेंद्र पक्ष की बस में गोल्डी गुट की बस ने टक्कर मार दी। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद उग्र हो गया और दोनों ओर से समर्थक जुटने लगे।

इसी दौरान फायरिंग किए जाने का आरोप लगाया गया, जिससे हाईवे पर दहशत फैल गई। विवाद के बीच मानवेंद्र पक्ष के लोगों ने दूसरी बस के ड्राइवर और कंडक्टर को पकड़ लिया। दोनों को लेकर निगोही थाने पहुंचा गया, लेकिन मामला बरेली क्षेत्र का होने के कारण पुलिस ने उन्हें वापस भेज दिया। इस घटनाक्रम के बाद दोनों गुटों के बीच तनाव और बढ़ गया। आरोप है कि जब गोल्डी पक्ष के लोग ड्राइवर और कंडक्टर को छुड़ाने पहुंचे तो फतेहगंज पश्चिमी टोल प्लाजा के पास दोबारा फायरिंग की गई। हाईवे पर मचे हंगामे और गोलीबारी की सूचना मिलते ही भोजीपुरा पुलिस सक्रिय हो गई। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी।

एएसपी शिवम आशुतोष ने बताया कि बस संचालन को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद की सूचना मिली थी। फायरिंग के आरोपों समेत पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# नगर निगम में नाला सफाई घोटाले की बू

## नालों से नहीं निकली सिल्ट, ठेकेदार पर तीन लाख जुर्माना, जेई पर भी गिरी गाज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** मानसून से पहले शहर को जलभराव से बचाने के लिए चलाए जा रहे नाला सफाई अभियान में बड़ी लापरवाही सामने आने पर नगर निगम ने सख्त कार्रवाई की है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई समीक्षा में नालों की सफाई व्यवस्था की हकीकत उजागर होने के बाद नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने संबंधित जूनियर इंजीनियर (जेई) विकास साहू को प्रतिकूल प्रविष्टि देने और ठेकेदार की फर्म पर तीन लाख रुपये का अर्थदंड लगाने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

गुरुवार को हुई समीक्षा में सामने आया कि जिन नालों की सफाई और मॉनीटरिंग की जिम्मेदारी जेई विकास साहू को सौंपी गई थी, वहां कार्य केवल कागजों तक सीमित था। नगर आयुक्त के निर्देश पर कराए गए निरीक्षण में पता चला कि नालों से सिर्फ ऊपर तैरता कचरा हटाया जा रहा था, जबकि तली-झाड़ सफाई और सिल्ट निकासी का कार्य नहीं किया गया। कई स्थानों पर पर्याप्त सफाई कर्मचारी भी मौजूद नहीं मिले।



### तीन सप्ताह बाद भी नहीं दिखी प्रगति

मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी ने बताया कि जोन-एक और जोन-दो के अंतर्गत राजीव कॉलोनी मुख्य मार्ग से रेलवे लाइन तक तथा मिशन कंपाउंड से सुभाषनगर पुलिया होते हुए मंदिर तक नाला सफाई कार्य की स्थिति बेहद खराब मिली। लगभग तीन सप्ताह पहले शुरू हुए अभियान में अपेक्षित प्रगति नहीं दिखी। निरीक्षण के दौरान न तो निकाली गई सिल्ट दिखाई दी और न ही सफाई कार्य में आवश्यक संसाधनों का उपयोग मिला।

### जेई की निगरानी पर उठे सवाल

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार कार्य की वास्तविक स्थिति खराब होने के बावजूद संबंधित जेई द्वारा ठेकेदार को कोई नोटिस जारी नहीं किया गया और न ही किसी प्रकार की दंडात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की गई। इससे कार्य की निगरानी और गुणवत्ता नियंत्रण पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। नगर निगम ने जेई विकास साहू से स्पष्टीकरण तलब करते हुए प्रतिकूल प्रविष्टि का नोटिस जारी किया है।

### ठेकेदार पर तीन लाख रुपये का अर्थदंड प्रस्तावित

नाला सफाई का कार्य कर रही ठेकेदार फर्म के संचालक इम्तियाज अहमद को जारी नोटिस में कहा गया है कि कार्य में घोर लापरवाही बरती गई। मौके पर जेसीबी समेत जरूरी संसाधन उपलब्ध नहीं थे और सफाई कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया। इस पर तीन लाख रुपये का अर्थदंड लगाने की कार्रवाई प्रस्तावित की गई है।

### बारिश से पहले हर हाल में पूरी होगी सफाई

नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने स्पष्ट किया कि नाला सफाई जैसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि बारिश शुरू होने से पहले सभी प्रमुख नालों की तली-झाड़ सफाई और सिल्ट उठान का कार्य पूरा कराया जाएगा, ताकि शहरवासियों को जलभराव की समस्या का सामना न करना पड़े।

### शिकायतों का फर्जी निस्तारण करने पर 67 अफसरों पर कार्रवाई

**बरेली।** बरेली में शिकायतों का फर्जी निस्तारण करने के मामले में डीएम ने बड़ी कार्रवाई की है। डीएम ने 15 अफसरों का वेतन रोका है। 52 को नोटिस जारी कर गुणवत्तापूर्ण निस्ताकरण की हिदायत दी है। बरेली में समेकित शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) पर मई में निस्तारित की गई 1,804 शिकायतों का फीडबैक लिया गया तो पता चला कि 1,206 शिकायतों का फर्जी निस्तारण कर दिया गया है।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा

बरेली सिटी से 'जागरण मोर्चा' को चाहिए ऊर्जावान पत्रकार!

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक 'जागरण मोर्चा' बरेली शहर, तहसील एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समाचार संकलन के लिए निष्पक्ष, साहसी और ऊर्जावान संवाददाताओं (पत्रकारों) की आवश्यकता है।

संपर्क सूत्र: 7579849555, 9627739857

मिलने का समय: दोपहर 12 से शाम 06 बजे तक

कार्यालय का पता: सी-86, चन्दपुरी, प्रेम नगर (बी-बाजार के सामने), बरेली, उत्तर प्रदेश।


**उपलब्धि** एक माह में 95 लाख के 462 मोबाइल बरामद

# बरेली पुलिस का सीईआईआर पोर्टल बना वरदान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** मोबाइल फोन गुम होने के बाद उसके वापस मिलने की उम्मीद अक्सर खत्म हो जाती है, लेकिन बरेली पुलिस ने एक बार फिर अपनी तकनीकी दक्षता और सक्रिय कार्रवाई से सैकड़ों लोगों के चेहरों पर मुस्कान लौटा दी। मई माह में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान पुलिस ने 462 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिए। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 95 लाख रुपये आंकी गई है।

पुलिस लाइन्स स्थित रविन्द्रालय में गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में एसपी साउथ ने बरामद मोबाइल फोन उनके असली मालिकों को सुपुर्द किए। लंबे समय से अपने मोबाइल की तलाश कर रहे लोगों के लिए यह पल बेहद भावुक रहा। मोबाइल वापस मिलने पर लोगों ने बरेली पुलिस का आभार जताया और कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उनका फोन दोबारा मिल सकेगा। एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देश में सर्विलांस सेल, साइबर टीमों और कंप्यूटर ऑपरेटरों ने संयुक्त अभियान चलाकर यह सफलता हासिल की। टीम ने आधुनिक तकनीक और भारत सरकार के सीईआईआर पोर्टल की सहायता से गुम हुए मोबाइल फोन ट्रैक किए। लगातार तकनीकी निगरानी, डेटा विश्लेषण और फील्ड कार्रवाई के जरिए बड़ी संख्या में मोबाइल बरामद किए गए। मोबाइल बरामदगी अभियान में उल्लेखनीय योगदान देने वाली थाना प्रेमनगर, कैंट, किला, सीबीगंज, शाही, विशारतगंज, अलीगंज, फरीदपुर, फतेहगंज पूर्वी, भोजीपुरा, शीशगढ़, देवरनियां, शेरगढ़, नवाबगंज और हाफिजगंज की साइबर टीमों को सम्मानित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने टीमों के पुलिसकर्मियों को एक-एक हजार रुपये का नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया।



मोबाइल दिखाते पीड़ित। -जागरण मोर्चा

### डेढ़ साल में 10.5 करोड़ के 5259 मोबाइल बरामद

बरेली पुलिस के आंकड़ों के अनुसार जनवरी 2025 से मई 2026 तक कुल 5259 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए जा चुके हैं। इनकी अनुमानित कीमत करीब 10 .5 करोड़ रुपये है। यह उपलब्धि प्रदेश में मोबाइल रिकवरी के क्षेत्र में बरेली पुलिस की सक्रियता, तकनीकी क्षमता और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# बरेली, बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर से 9 डिप्टी एसपी का तबादला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** प्रदेश सरकार ने पुलिस विभाग में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए डीएसपी स्तर के अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। जारी स्थानांतरण सूची में बरेली मंडल के चारों जिले बरेली, पीलीभीत, बदायूं और शाहजहांपुर प्रभावित हुए हैं।

बरेली से हर्ष मोदी को उन्नाव और गौरव सिंह को देवरिया भेजा गया है। वहीं जौनपुर से देवेश सिंह-II और गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट से हेमंत उपाध्याय को बरेली में नई तैनाती मिली है। इसके अलावा मंडलाधिकारी दयाशंकर द्विवेदी को मेरठ भेजा गया है। वहीं बदायूं से रजनीश कुमार उपाध्याय का तबादला कासगंज और कृष्ण कुमार तिवारी का स्थानांतरण 30वीं वाहिनी पीएसी गोंडा किया गया है। वहीं संभल से आलोक सिद्धू और देवरिया से अंशुमान श्रीवास्तव को बदायूं भेजा गया है। तबादला सूची में शाहजहांपुर सबसे अधिक प्रभावित जिलों में रहा। यहां तैनात पुलिस उपाधीक्षक पंकज पंत को रामपुर, प्रयांक जैन को एडीजी जोन प्रयागराज में स्टाफ ऑफिसर तथा अजय कुमार राय को जौनपुर भेजा गया है। वहीं मुख्यमंत्री सुरक्षा लखनऊ से जितेंद्र कुमार-II, आगरा से दीपक कुमार सिंह, वाराणसी कमिश्नरेट से विदुषी सक्सेना और मुजफ्फरनगर से देवव्रत बाजपेयी को शाहजहांपुर में नई तैनाती दी गई है। पीलीभीत से दीपक चतुर्वेदी को हापुड़, प्रतीक दहिया को कमिश्नरेट लखनऊ और राजीव रंजन श्रीवास्तव को कमिश्नरेट आगरा भेजा गया है। इनके स्थान पर चित्रकूट से राज कमल और सोनभद्र से राहुल पांडेय-II को पीलीभीत की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन एंव अखबार के लिए संपर्क करें।

मोबाइल नंबर– 7906815587, 9758444242


## एक नजर

### प्रसव के बाद नवजात की मौत, परिजनों का हंगामा, अस्पताल सील

**मसवासी।** नगर के काशीपुर मार्ग स्थित एक निजी अस्पताल में प्रसव के बाद नवजात की मौत हो जाने से परिजनों में आक्रोश फैल गया। गुस्साए परिजनों ने अस्पताल संचालक के खिलाफ हंगामा करते हुए कार्रवाई की मांग की। सूचना मिलने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची और अस्पताल को सील कर दिया। गांव सेमरा लाडपुर निवासी मोहम्मद इस्लाम ने बताया कि बुधवार देर रात प्रसव पीड़ा होने पर अपनी पत्नी गुलनाज को काशीपुर मार्ग स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। आरोप है कि करीब 12 घंटे तक प्रसव नहीं कराया गया। गुरुवार सुबह से ही महिला की हालत को लेकर परिजन चिंतित रहे। बताया गया कि गुरुवार करीब 11 बजे महिला ने पुत्र को जन्म दिया, लेकिन जन्म के कुछ देर बाद ही नवजात की तबीयत बिगड़ गई। परिजनों के अनुसार अस्पताल में ही नवजात की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग और ग्रामीण अस्पताल पहुंच गए तथा लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया ।परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में प्रशिक्षित चिकित्सक और पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध नहीं थीं ।उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की ।सूचना पर स्वास्थ्य विभाग की टीम के नोडल अधिकारी राजीव कुमार चंदेल मौके पर पहुंचे ।जांच-पड़ताल के बाद अस्पताल को सील कर दिया। अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# सड़क हादसे में एक युवक की मौत, दो गंभीर रूप से घायल

## सैफनी थाना क्षेत्र का मामला ,परिजनों में मचा कोहराम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सैफनी।** सैफनी-शाहबाद रोड पर ट्रक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौके ही मौत हो गई। पति-पत्नी घायल गंभीर रूप हो गए। तीनों बाइक पर सवार होकर शादी समारोह में शामिल होने आ रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद मुरादाबाद के निजी अस्पताल में रेफर कर दिया।



हादसे के बाद मौके पर लगी भीड़ व मृतक का फाइल फोटो। –जागरण मोर्चा

थाना क्षेत्र के बड़ा गांव निवासी शहादत व उसकी पत्नी माहिनूर तथा छोटा भाई अमीर (25) तीनों बाइक पर सवार होकर सैफनी में स्थित एक मैरिज में शादी समारोह में शामिल होने के लिए आ रहे थे। रात करीब 9 बजे कासम नगला गांव के समीप सामने से आ रहे तेज रफ्तार गन्ने के जूस वाहन से उनकी बाइक टकरा गई। जिससे तीनों सड़क पर ही गिर गए । इसी दौरान पीछे से आ रही ट्रक ने तीनों को अपनी चपेट में ले लिया।

मौजूद लोगों ने तीनों को अस्पताल में भर्ती कराया ।जहां डॉक्टर ने आमिर को मृत घोषित कर दिया ।जिससे शादी की खुशियां पल भर में गम में बदल गई। परिजन रोते बिलखते मौके पर पहुंच गए। जिससे कुछ देर के लिए जाम की स्थिति बन गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## किशोरी के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

**भोट।** दो दिन पूर्व किशोरी के अपहरण करने के मामले में थाना पुलिस ने गुरुवार को मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है। थाना क्षेत्र के गांव निवासी किसान की नाबालिग पुत्री को गांव निवासी युवक 2 जून की रात करीब 11 बजे बहला फुसलाकर धमकाते हुए भगा ले गया ।मामले की जानकारी होने पर किसान आरोपी युवक के घर गया तो युवक के माता पिता भी गाली गलौज कर धमकाने लगे। जिसके बाद किसान ग्रामीण ने आरोपी युवक दिनेश व उसके माता पिता के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज करायी थी ।वहीं पुलिस ने किशोरी को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया था तथा बरामद किशोरी के बयानों के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ पाक्सो एक्ट की धारा भी बढ़ाई थी ।थानाध्यक्ष अर्जुन सिंह त्यागी ने बताया कि उक्त मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी दिनेश को गुरूवार को क्षेत्र के ही सनकरा गांव के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## 30 बाढ़ चौकियां स्थापित, 115 गांव संवेदनशील की श्रेणी में

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** बरसात 15 जून से शुरू होती है। इसको लेकर जिलाधिकारी ने आगामी से निपटने के लिए सिंचाई विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। जिसमें बाढ़ के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया है साथ 30 चौकियां भी स्थापित की गई है। वहीं दूसरी ओर सिंचाई विभाग ने रामनगर बैराज से छोड़े जाने वाले पानी की सत्यापन कराए जाने के लिए अधीनस्थ को भेजा है।बाढ़ को लेकर सिंचाई विभाग की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई है। इस बार जनपद के 115 गांव संवेदनशील, जबकि 65 अतिसंवेदनशील है। संवेदनशील गांवों में तहसील सदर के 30, स्वार में 32, टांडा में 17, मिलक में 2, बिलासपुर में 24,शाहबाद में 10, अतिसंवेदशील गांव सदर में 33, स्वार में 3, टांडा में 21, शाहबाद में 8 रखे गए है। जनपद में 8 नदियां है जिसमें कोसी नदी लालपुर, कोसी दढ़ियाल, रामगंगा हुसैनगंज मदारपुर, रामगंगा गंगापुर भोपतपुर, भाखड़ा बिलासपुर, पीलाखार केमरी बेराज शामिल है। वहीं दूसरी ओर बाढ़ से प्रभावित लोगों को शरण देने के लिए 16 शरणालय बनाए है। जिसमें सदर में 3, स्वार में 1, टांडा में 4, मिलक में 4, बिलासपुर में 1, शाहबाद में 3 बनाए है।

## डीएम ने 15 नायब तहसीलदारों के बदले कार्य क्षेत्र

**रामपुर।** जिलाधिकारी ने जनपद में तैनात 15 नायब तहसीलदारों के कार्यक्षेत्र बदल दिए हैं। जिसमें मिलक से सीमा गंगवार को शाहबाद, अंकित अवस्थी को मिलक से शाहबाद, सचिन कुमार को स्वार से शाहबाद, नीरज डंगवाल(नवागंतुक) को टांडा, विवेक शर्मा को बिलासपुर से टांडा, सतीश चंद्र को मिलक से स्वार, भानु प्रताप को शाहबाद से स्वार, राजेश कुमार को शाहबाद से मिलक, हरीश चंद्र जोशी को शाहबाद से मिलक, अमित कुमार को टांडा से मिलक, लोकेश कुमार को स्वार से बिलासपुर, विश्वास दीक्षित को टांडा से सदर, मानवेंद्र सिंह और देवेश पांडेय सदर में ही बने रहेंगे।

# दिव्यांग किशोरी से घर में घुसकर दुष्कर्म, केस दर्ज

- किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा जिला अस्पताल

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**सैफनी।** सैफनी क्षेत्र में मानसिक रूप से दिव्यांग दलित किशोरी के साथ अकेली पाकर घर घुसकर एक युवक ने 15 वर्षीय किशोरी के दुष्कर्म कर शर्मसार करने वाली घटना को अंजाम देकर फरार हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

थाना क्षेत्र की पीड़ित किशोरी की मां ने आरोप लगाते हुए बताया कि गुरुवार करीब सुबह 10:30 पास में कपड़े सिलवाने गई थी। मां जब वापस लौटी तो मुख्य दरवाजा अंदर से बंद मिला और भीतर से बेटी के चीखने की आवाज आ रही थी। मां के शोर मचाने पर ग्रामीण इकट्ठा हो गए। जहां गांव के ही आरोपी साबिर खुद को घिरता देख छत के रास्ते भागने लगा। इस दौरान आरोपी को मौजूद लोगों ने दबोच लिया, लेकिन वह ग्रामीणों से हाथापाई और धक्का-मुक्की करते फरार हो गया। जिससे दलित समाज के लोगों में आक्रोश फैल है। मामला दो समुदायों को देखते हुए पुलिस बल भी तैनात कर दिया गया। वहीं घटना की जानकारी पाकर सीओ देवकीनंदन ने भी घटनास्थल पहुंच गए। इस दौरान पीड़ित मां की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी साबिर के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा है। पुलिस फरार आरोपी की तलाश में जुटी है।

# बिना पंजीकरण के अस्पताल से लौट रहे मरीज

- जिला अस्पताल में में आ रहे है रोजाना 750-1000 मरीज

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** जिला अस्पताल की ओपीडी में भीषण गर्मी के बावजूद मरीजों की संख्या में लगातार बढ़ रही है। प्रतिदिन 750 से 1000 मरीज उपचार के लिए अस्पताल पहुंच रहे हैं। इस बढ़ती भीड़ के कारण पंजीकरण व्यवस्था पर भारी दबाव है, जिसके चलते कई मरीजों को बिना डॉक्टर से परामर्श लिए ही वापस लौटना पड़ रहा है।



पंजीकरण कराने को कतार लगे रोगी। –जागरण मोर्चा



जिला अस्पताल में पंजीकरण कक्ष।

अस्पताल पहुंची महिला रोगी चमन ने बताया कि वह लगातार दूसरे दिन भी अस्पताल आईं, लेकिन उनका नंबर नहीं आ सका ।कहा कि जब पर्चा ही नहीं बनेगा तो डॉक्टर को कैसे दिखाएंगे।

आसमा और एक अन्य महिला ने बताया कि वह काफी देर तक लाइन में खड़ी रहीं, लेकिन नंबर आने से पहले ही पंजीकरण काउंटर बंद हो गया, जिससे उन्हें बिना इलाज और दवा के लौटना पड़ा। शहाब ने भी पर्चा न बनने की शिकायत की। मरीजों का कहना है कि भीषण गर्मी में घंटों लाइन में खड़े रहने के बावजूद यदि पंजीकरण न हो तो उनकी परेशानी और बढ़ जाती है। दूर-दराज के क्षेत्रों से आने वाले कई मरीजों को समय पर पर्चा न बनने के कारण निराश होकर वापस लौटना पड़ता है।

> वर्तमान में केवल चार काउंटरों से ही पंजीकरण की व्यवस्था संचालित की जा रही है। उन्होंने स्वीकार किया कि गर्मी के मौसम में मरीजों की संख्या बढ़ने से कुछ दिक्कतें सामने आ रही हैं। समस्या के समाधान के लिए एक योजना तैयार कर रहा है। मरीजों को लंबी कतारों और पंजीकरण संबंधी परेशानियों से राहत दिलाने के लिए व्यवस्था को और बेहतर बनाया जाएगा। – **बीसी सक्सेना, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक।**

# करंट लगने से महिला झुलसी, सीएचसी में कराया भर्ती

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहबाद।** तहसील क्षेत्र के शाहपुर देव गांव बुधवार देर करंट की चपेट में आकर एक महिला गंभीर रूप से झुलस गई। परिजनों द्वारा आनन-फानन में उसे शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

मिली जानकारी के अनुसार शाहपुर देव निवासी गुड्डू की पत्नी अनु अपने घर पर काम कर रही थी, देर रात काम करते वक्त अचानक करंट की चपेट में आ गई। करंट लगते ही अनु जोर से चिल्लाई और जमीन पर गिरकर घायल हो गई। महिला की चीख सुनकर परिजन दौड़कर उसके पास पहुंचे, और कॉल कर एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुँची एंबुलेंस करंट की चपेट में आकर झुलसी महिला को उपचार के लिए शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आईं। जहां डॉक्टरों ने महिला का इलाज शुरू किया। डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार दिए जाने के बाद महिला की हालत में सुधार आ गया, जिसके बाद उसे अस्पताल से छुट्टी देकर घर भेज दिया गया।

# अल्ट्रासाउंड सेंटर में दो-तीन दिन से रोगियों को करना पड़ रहा इंतजार

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** जिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड जांच के लिए मरीजों को दो से तीन दिन का इंतजार करना पड़ रहा है। बढ़ती भीड़ के कारण मरीजों को चिलचिलाती गर्मी में घंटों लाइन में खड़े रहना पड़ रहा है, जिससे उनकी परेशानी बढ़ गई है। अल्ट्रासाउंड रेडियोलॉजिस्ट डॉ. एस के राना का कहना मरीजों की संख्या बढ़ रही है रोजाना साठ से सत्तर अल्ट्रासाउंड हो रहे हैं सौ से अधिक मरीज आ रहे हैं।




जिला अस्पताल के अल्ट्रासाउंड कक्ष के बाहर खड़े रोगी।

अस्पताल के अल्ट्रासाउंड सेंटर पर प्रतिदिन 100 से अधिक मरीज जांच कराने पहुंचते हैं।उपलब्ध समय और संसाधनों के चलते एक दिन में केवल 60 से 70 मरीजों का ही अल्ट्रासाउंड हो पाता है। इस वजह से मरीजों की लंबी कतारें लग रही हैं। जांच के लिए कई दिनों का इंतजार करना पड़ रहा है। अल्ट्रासाउंड सेंटर के बाहर सुबह से ही मरीजों और उनके तीमारदारों की भीड़ लग रही है। लेकिन भीड़ के कारण उन्हें अपनी निर्धारित तिथि का इंतजार करना पड़ रहा है।

अल्ट्रासाउंड सेंटर प्रभारी ने बताया कि इस समय मरीजों का दबाव काफी बढ़ गया है। प्रतिदिन आने वाले मरीजों की संख्या उपलब्ध क्षमता से अधिक है। उन्होंने यह भी कहा कि स्टाफ अपनी पूरी क्षमता से लगातार काम कर रहा है, लेकिन मरीजों की बढ़ती संख्या के कारण भीड़ को नियंत्रित करना मुश्किल हो रहा है।

**टूर्नामेंट** | बैद तुर्क ने 38 गेंदों में बनाए 28 रन

# अजीतपुर 11 ने चौबर्स इलेवन को 2 विकेट से हराया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** ज्वाला क्लब वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित केपी सिंह मेमोरियल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को दो रोमांचक मुकाबले खेले गए। पहले मैच में गोल्डन हॉक्स क्रिकेट क्लब ने रामपुर चैलेंजर्स को 9 विकेट से हराया। रात्रि मुकाबले में अजीतपुर 11 ने चौबर्स इलेवन को 2 विकेट से शिकस्त देकर जीत दर्ज की।



मैदान पर चौके छक्के मारता खिलाड़ी। –जागरण मोर्चा

पहले मुकाबले में रामपुर चैलेंजर्स की टीम 88 रन पर सिमट गई, जिसके जवाब में गोल्डन हॉक्स ने 9 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। तरुण सिंह ने 50 रन की विस्फोटक पारी खेली, जबकि विकास यादव ने 3 विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्राप्त किया ।रात्रि में खेले गए दूसरे मुकाबले में अजीतपुर 11 ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए चौबर्स इलेवन की टीम 19 ओवर में 108 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से दीपांशु यादव ने 27 गेंदों में 20 रन बनाकर सर्वाधिक योगदान दिया। अजीतपुर 11 के गेंदबाज उबैद तुर्क ने 27 रन देकर 4 विकेट हासिल किए, जबकि आहिल पठान ने 16 रन देकर 3 विकेट चटकाए ।109 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अजीतपुर 11 की शुरुआत अच्छी रही। पप्पू पाशा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 49 गेंदों में 60 रन बनाए, जिसमें 7 चौके शामिल रहे। उबैद तुर्क ने 38 गेंदों में 28 रन का योगदान दिया।

अजीतपुर 11 ने 18.1 ओवर में 8 विकेट खोकर 110 रन बनाते हुए 2 विकेट से रोमांचक जीत दर्ज कर ली ।चौबर्स इलेवन की ओर से विवेक भारद्वाज ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 20 रन देकर 5 विकेट झटके, लेकिन उनकी मेहनत टीम को जीत नहीं दिला सकी। अजीतपुर 11 के पप्पू पाशा को उनकी मैच विजयी 60 रन की पारी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेंद्र सिंह, फरमान, इकबाल एवं यशपाल रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में अल्फा मैक्स हॉस्पिटल के एमडी कैसर रसूल उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का आह्वान किया ।इस अवसर पर आयोजन समिति की ओर से अखिलेश बिसारिया, विजय चौहान, कुलदीप सक्सेना, वरुण जोशी, अमित ठाकुर सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे और प्रतियोगिता के सफल संचालन में सहयोग प्रदान किया।

## सार संक्षेप




रेलवे के अधिकारी को ज्ञापन देते किसान। –जागरण मोर्चा

### राष्ट्रीय चिंतन शिविर में जाएंगे 500 किसान

**मिलक।** भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति ने 9 और 11 जून को हरिद्वार में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन व चिंतन शिविर में शामिल होने के लिए रेल मंत्रालय से विशेष व्यवस्था की मांग की है। बुधवार को संगठन के पदाधिकारियों ने स्टेशन मास्टर मिलक के माध्यम से रेल मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा 9 जून को हरिद्वार के अलकंदा होटल, गंगा घाट पर राष्ट्रीय चिंतन शिविर का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष के आदेश पर जनपद रामपुर से 500 अन्नदाता इस शिविर में शामिल होंगे। इसके लिए सभी कार्यकर्ता 9 जून को रेल द्वारा निशुल्क हरिद्वार के लिए प्रस्थान करेंगे। किसान यूनियन ने मांग की है कि कार्यकर्ताओं की सुविधा के लिए काठगोदाम एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त डिब्बा जोड़ा जाए। साथ ही जीआरपी, रेलवे टीटी और स्टेशन मास्टर को पहले से सूचित कर सहयोग देने की अपील की गई है ताकि यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं को कोई समस्या न हो। ज्ञापन सौंपते समय लाला राम गंगवार, राजेंद्र यदुवंशी, मनोज शर्मा, साजिद अंसारी, जमील अहमद, कल्लू पांडे, धर्मेंद्र गंगवार, सुरेंद्र गंगवार, विनोद पटेल, विनोद शर्मा, प्रेमपाल यदुवंशी, रिजवान अंसारी, मेहंदी हसन, तुफैल खान, संजू खान आदि मौजूद रहे।

### पेट्रोल के दामों में वृद्धि को लेकर कांग्रेस का हल्ला बोल

**मिलक।** बिजली के बढ़े हुए बिलों, डीजल-पेट्रोल और रसोई गैस की कीमतों में लगातार हो रही वृद्धि के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने मोर्चा खोल दिया है ।कांग्रेसियों ने उपजिलाधिकारी मिलक के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर मूल्य वृद्धि तत्काल वापस लेने की मांग की। जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष व मीडिया प्रभारी महेन्द्र पाल सिंह यदुवंशी के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि सरकार ने बिजली की दरों में भारी वृद्धि कर गरीब जनता पर बोझ बढ़ा दिया है। साथ ही डीजल-पेट्रोल व गैस के दाम लगातार बढ़ने से आम आदमी की कमर टूट गई है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि देश-प्रदेश में आर्थिक मंदी का दौर है, व्यापारी और किसान बेहद परेशान हैं। उत्तर प्रदेश में बिजली सबसे महंगी है, जिससे घरेलू उपभोक्ताओं के साथ-साथ उद्योग भी पलायन को मजबूर हैं। कांग्रेस ने तीन दिवसीय हस्ताक्षर अभियान चलाकर जनता की राय लेने का फैसला किया है। अभियान के बाद हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन राज्यपाल को भेजा जाएगा। इस मौके पर महेंद्र पाल सिंह यदुवंशी, जीवेंद्र सिंह, सुरेश गंगवार, बेदराम यादव, राहुल, देवकीनंदन, काशी राम, आसिम अली, जिला सचिव, जिला उपाध्यक्ष व अन्य कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में बढ़ी हुई दरों को जनहित में वापस लेने की मांग उठाई।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी

### बाइक और ई रिक्शा में टक्कर, दंपति घायल

**शाहबाद।** गुरुवार को सड़क हादसे में बाइक सवार दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार बरेली के सिरौली थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवपुरी निवासी वाहिद अपनी पत्नी आशकारा के साथ बाइक पर सवार होकर सैफनी थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ागांव जा रहे थे। रास्ते में शाहबाद- आंवला स्टेट हाइवे के भगवन्तपुर मोड़ के पास सामने से आ रही एक ई-रिक्शा और बाइक की जोरदार टक्कर हो गई, हादसे में बाइक सवार दंपति अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरकर जख्मी हो गए। हादसे पर राहगीरों की भीड़ जुट गई और घायलों को उपचार के लिए निजी वाहन से सीएचसी शाहबाद पहुंचाया। सीएचसी में डॉक्टरों ने घायलों को प्राथमिक उपचार देकर घायल आशकारा की गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।



घायल बाइक सवार को उपचार देते स्वास्थ कर्मी।



राजदूत से वार्तालाप करते रजा पुस्तकालय के निदेशक। –जागरण मोर्चा

### रजा पुस्तकालय के निदेशक ने अजरबैजान के राजदूत का किया स्वागत

**रामपुर।** रजा पुस्तकालय में अजरबैजान गणराज्य के राजदूत एल्चिन हुसेनअली एवं पुस्तकालय के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र के बीच सांस्कृतिक-शैक्षणिक आदान-प्रदान,भारत अजरबैजान संबंधों को नई दिशा देने वाले संभावित सहयोग के विभिन्न आयामों पर बैठक हुई ।बैठक में दोनों देशों के मध्य सांस्कृतिक संवाद, शैक्षणिक सहयोग एवं पारस्परिक संबंधों को और अधिक सुदृढ़ बनाने के नए अवसरों पर विचार-विमर्श किया। भविष्य में सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने की आशा व्यक्त की गई। निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र ने राजदूत एल्चिन हुसेनअली का गांधी समाधि पर पहुंचकर स्वागत किया। उसके बाद राजदूत एवं पुस्तकालय के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र ने गांधी समाधि पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की तथा उनके प्रति श्रद्धासुमन अर्पित किए ।इसके प्रत्युत्तर में राजदूत ने भी निदेशक को हेयदर अलीयेव फाउंडेशन द्वारा प्रकाशित ख़म्सा-ए-निज़ामी गंजवी, द सेवन ब्यूटीज़, निज़ामी गंजवी एफोरिस्म तथा एक नगर (शहर) की पेंटिंग भेंट स्वरूप प्रदान की ।निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र ने राजदूत को रजा पुस्तकालय के गौरवशाली इतिहास, यहां संरक्षित दुर्लभ पांडुलिपियों, संरक्षण प्रयोगशाला की कार्यप्रणाली तथा डिजिटलीकरण एवं शोध से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं की जानकारी प्रदान की। कहा कि, जैसा कि आप जानते हैं, अंतर्राष्ट्रीय कला विशेषज्ञों और इतिहासकारों ने रामपुर रज़ा पुस्तकालय को देश की सर्वश्रेष्ठ रूप से संरक्षित पुस्तकालयों में से एक की संज्ञा दी है। इस पुस्तकालय को पुस्तकों का ताजमहल भी कहा जाता है ।निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र ने यह भी बताया कि राजदूत ने उन्हें अजरबैजान आने का सादर निमंत्रण दिया है ।कहा कि हम यह देखना चाहते हैं कि भारत और अज़रबैजान के बीच संबंध किस प्रकार और अधिक सुदृढ़ हो सकते हैं। राजदूत एल्चिन हुसेन अली ने कहा कि आज रजा पुस्तकालय का भ्रमण करके उन्हें अत्यंत प्रसन्नता हुई। इस अवसर पर राजदूत के साथ प्रोफेसर डॉ. रमाकांत द्विवेदी, निदेशक, इंडिया सेंट्रल एशिया फाउंडेशन एवं प्रमुख, मेरी सेंटर फॉर इंटरनेशनल स्टडीज तथा शिखा तिवारी भी उपस्थित रहीं।

# 3711 अभ्यर्थियों ने दी टीजीटी परीक्षा

## जनपद में 15 परीक्षा केन्द्रों पर विभिन्न विषयों की आयोजित हुई परीक्षा

**दूसरा दिन**

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** प्रशिक्षित स्नातक टीजीटी संवर्ग के विभिन्न विषयों की लिखित परीक्षा का दूसरा दिन जनपद में शांतिपूर्ण, पारदर्शी, नकलविहीन एवं सुव्यवस्थित वातावरण में सम्पन्न हुई। जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने बताया कि प्रथम पाली में जनपद के 15 परीक्षा केन्द्रों पर अंग्रेजी, गृह विज्ञान, जीव विज्ञान एवं संगीत वादन विषयों की परीक्षा हुई, जबकि द्वितीय पाली में संस्कृत, वाणिज्य एवं कला विषय की परीक्षा सम्पन्न हुई। मालूम हो कि 3 जून बुधवार को परीक्षा में कुल 3609 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए थे, जबकि गुरूवार 4 जून को 3711 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। इस प्रकार दोनों दिनों में कुल 7320 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा राजकीय मुर्तजा इंटर कालेज, राजकीय जुल्फिकार इंटर कालेज, राजकीय पॉलिटैक्निक, राजकीय आश्रम, पद्धति, राजकीय रजा पीजी कालेज, राजकीय इंटर कालेज काशीपुर, पं.दीनदयाल उपाध्याय मॉडल इंटर कालेज, राजकीय रजा इंटर कालेज, राजकीय इंटर कालेज सैजनी नानकार, राजकीय जुल्फिकार गर्ल्स इंटर कालेज, दयावती मोदी एकेडमी, ग्रीनवुड सीनियर सेकण्ड्री स्कूल, ईस्ट वेस्ट पब्लिक स्कूल, सांई सीनियर सेकण्ड्री स्कूल में हुई।


परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते एसपी। -जागरण मोर्चा

### एसपी ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक टीजीटी परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने केन्द्र व्यवस्थापकों एवं संबंधित अधिकारियों से परीक्षा संचालन के संबंध में जानकारी प्राप्त की। परीक्षा केन्द्रों पर तैनात पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करते हुए परीक्षा की शुचिता बनाए रखने, अभ्यर्थियों की सुगम एवं व्यवस्थित प्रवेश प्रक्रिया करने तथा किसी भी प्रकार की अवांछनीय गतिविधि पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने परीक्षा केन्द्रों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों, प्रवेश द्वारों पर की जा रही सघन चेकिंग एवं अन्य सुरक्षा प्रबंधों का भी जायजा लिया।

### निगरानी के लिए बनाया कंट्रोल रूम

परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और नकलविहीन बनाए रखने के लिए आयोग की ओर से व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए। जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने बताया कि मुख्यालय में विशेष कंट्रोल रूम बनाया गया है, जहां से सभी परीक्षा केंद्रों की लगातार निगरानी की गई। परीक्षा केंद्रों पर एआई कैमरों की मदद से प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखी गई।

## 9 को जिला सेवायोजन कार्यालय में लगेगा रोजगार मेला

**रामपुर।** मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के तहत जनपद के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए सेवायोजन विभाग द्वारा 9 जून को प्रात: 10 बजे से जिला सेवायोजन कार्यालय परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी जमीर हुसैन खां ने बताया कि रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। रोजगार मेले में भाग लेने के लिए अभ्यर्थियों का रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकृत होना अनिवार्य है। इच्छुक अभ्यर्थी अपनी शैक्षिक योग्यता के अनुरूप पोर्टल पर पंजीकरण कराकर रोजगार मेले में प्रतिभाग करें तथा उपस्थित कंपनियों में आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि रोजगार मेला पूर्णत: नि:शुल्क है। यदि कोई कंपनी कॉल, एसएमएस अथवा अन्य माध्यम से किसी प्रकार की फीस या धनराशि की मांग करती है तो अभ्यर्थी किसी भी प्रकार का भुगतान न करें।

## सार संक्षेप

### ओवरलोडिंग अभियान में 9 वाहन सीज

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देश पर जनपद में ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत बीती रात्रि 11 बजे से प्रात: 6 बजे तक परिवहन विभाग एवं पुलिस प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से सघन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान विभिन्न स्थानों पर ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की गई।अभियान के अंतर्गत भोजपुर थाना क्षेत्र में 6 ओवरलोड डंपरों को सीज किया। एक बस का चालान किया गया। इसके अतिरिक्त नवीन मंडी चौकी, थाना गंज क्षेत्र में 02 ओवरलोड ट्रकों को सीज किया गया तथा 01 पिकअप वाहन के चालान की कार्रवाई की गयी।एआरटीओ राजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि संबंधित वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए कुल लगभग 6 .30 लाख रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया। उन्होंने बताया कि ओवरलोडिंग सड़क सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा होने के साथ-साथ सड़कों को भी क्षति पहुंचाती है। जनपद में ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।



पुरस्कार के साथ मौजूद शिक्षिकाएं। -जागरण मोर्चा

### रामपुर के शिक्षक अयोध्या में सम्मानित

**रामपुर।** शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन उप्र द्वारा राज्य स्तरीय शैक्षिक नवाचार संगोष्ठी एवं वार्षिक अधिवेशन का आयोजन मारवाड़ी भवन अयोध्या में किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। कार्यक्रम में शैक्षिक नवाचारों, राज्य स्तरीय विषयगत शैक्षिक नवाचार कार्यशालाओं के आयोजन, शैक्षिक नवाचार संकलन, शैक्षिक भ्रमण, शैक्षिक नवाचार कार्यक्रम तथा एसोसिएशन की मजबूती के प्रयास, कार्य योजना आदि बिन्दुओं पर चर्चा की। शैक्षिक नवाचार संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि महापौर अयोध्या गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि मैंने आज देखा कि कोई एसोसिएशन ऐसा भी है जो अपनी मांगों को नहीं बल्कि शैक्षिक नवाचारों व बच्चो के शिक्षण हित के लिए कार्य कर रहा है।अन्त में अतिथियों ने कार्यक्रम में मौजूद सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। जिसमें जिले से रेनू सिंह मंडल सदस्य, लता पाल जिलाध्यक्ष, कुशल राणा कोषाध्यक्ष, जसवंत कौर सदस्य ने प्रतिभाग किया।

## यूपी टेट में सम्मिलित होने के लिए शिक्षकों को सामूहिक एनओसी एवं अनुमति के लिए दिया ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ राजवीर सिंह एवं जिला मंत्री अंजुम स्नेही सक्सेना द्वारा उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा के संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में कहा गया है। कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार सेवारत शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य कर दिया गया है। आगामी 2, 3 और 4 जुलाई 2026 को यूपीटेट परीक्षा का आयोजन प्रस्तावित है।सेवा की निरंतरता को बनाए रखने के लिए बड़ी संख्या में परिषदीय शिक्षकों ने इस परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवेदन किया है। संभावित परीक्षा तिथियों के दौरान विद्यालय संचालन के कारण सभी को एक साथ परीक्षा केंद्रों पर उपस्थित होने में प्रशासनिक समस्या न आए, इसके लिए सामूहिक अनुमति आवश्यक है। ज्ञापन में मांग की गई है।परीक्षा में शामिल होने वाले सभी शिक्षकों,अभ्यर्थियों को सामूहिक अनुमति प्रदान करने के लिए विभागीय पत्र जारी किया जाए।





### गर्भवती ने बच्चे को दिया जन्म

**रामपुर।** आपरेशन मुस्कान के तहत रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर सरयू यमना एक्सप्रेस के जरनल कोच में यात्रा कर रही महिला पिंकी जोकि सात माह की गर्भवती थी। जोकि बिहार की रहने वाली थी। इस उसकी तबियत खराब होने के कारण उसके साथियों ने कंट्रोल रुम पर सूचना दी। जिसके बाद टीम एकदम मौके पर पहुंची। उसके बाद ट्रेन रुकने पर गर्भवती को उतारा गया।उसने एक बच्चे को जन्म दिया। बाद में अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## तंबाकू से होने वाले नुकसान के बारे में बताया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिलाधिकारी के आदेश अनुसार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी के दिशा निर्देशन में तंबाकू निषेध दिवस की अवसर पर चलाए जा रहे हैं विशेष अभियान के तहत रामपुर में तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के जिला सलाहकार डॉ. शहजाद हसन खान द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन जिला महिला चिकित्सालय में आयोजित किया।

जिला महिला चिकित्सालय कार्यरत में काउंसलर द्वारा चिकित्सालय में आने वाले मरीजों एवं तीमारदारों को तंबाकू से होने वाली हानियां एवं इससे समुचित इलाज के बारे में विस्तार से समझाया।डॉ. मनोज चौधरी, डॉ. वकास अहमद, हॉस्पिटल मैनेजर एवं अन्य डॉक्टर तथा काउंसलर्स में प्रतिभाग किया इस कार्यक्रम के अलावा तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के सामाजिक कार्यकर्ता रिजवान तथा काउंसलर द्वारा पहाड़पुर ग्राम में फोकस ग्रुप डिस्कशन कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को तंबाकू से होने वाले नुकसान एवं इसके समुचित इलाज तथा बचाव के उपाय विस्तार से बताया गया। पहाड़पुर ग्राम के प्रधान राहत अली एएनएम प्रभा कुमारी एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।



जिला महिला चिकित्सालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल चिकित्सक व अन्य।

### सुनील सात साल से कर रहे पौधारोपण

**रामपुर।** तहसील शाहबाद के ग्राम भंवरका निवासी वीर सिंह यादव के छोटे पुत्र सुनील 7 साल से नियमित पौधारोपण कर रहे हैं। सुनील ने अपने आपको खेल के साथ साथ प्रकृति के लिए भी समर्पित कर दिया सुनील बताते है कि जब कोरोना जैसी महामारी आई तब उनका कबड्डी खेल रुक गया ऐसे में उन्होंने अपने गांव में प्रतिदिन सुबह उठते ही पौधारोपण करते और उस पौधे की देखभाल अपने पिता के साथ परिवार के सदस्य समान करते सुनील ने कई हजारों की संख्या में पौधे लगायें है जो अब वृक्ष का रूप ले रहे है सुनील ने पर्यावरण संरक्षण जागरूकता के लिए विभिन्न शहरों में भी अभियान चलायें है कोरोना काल में सुनील ने मुंह पर मास्क पीठ पर पौधा लटकाकर भी प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया था। जब कोरोना का प्रकोप बढ़ रहा था तब सुनील पौधा और ऑक्सीजन मास्क के माध्यम से लोगों को जागरूक कर रहे थे उनका संदेश था यदि पौधे नहीं लगायेंगे तब जनमानस को यही विधि अपनानी पड़ेगी सुनील बताते है कि वह किसी भी विशेष आयोजन के अवसर पर भी उपहार स्वरूप पौधे ही भेंट करते हैं। सुनील ने अभी तक 10 हजार से ज ज्यादा पौधे रोपित व लगभग 5 हज़ार तुलसी, स्पाइडर, स्नैक प्लांट, मनी प्लांट, डाईफ़न जैसे इंडोर पौधे भेंट किए है।


पौधारोपण करते सुनील यादव।

## न्यूलाइट क्लब ने आजाद क्लब को 9 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में किया प्रवेश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा।** नगर के मंसब अली स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित जाफर अली मेमोरियल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के 12 वें चौथे क्वार्टर फाइनल मैच में न्यूलाइट क्लब और आजाद क्लब के बीच मैच खेला गया। जिसमें न्यूलाइट क्लब मैच का विजेता बना।मंसब अली स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेले जा रहे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में टॉस जीत कर पहले बेटिंग करते हुए आज़ाद क्लब ने निर्धारित 16 ओवर में मात्र 69 रन बनाए। जिसमें बल्लेबाज नदीम ने 12 रन,गौहर अली ने 9 रन, नफासत अली ने 8 रन,आबिद ने 6 रन, महमूद ने 4 रन बनाए। अतिरिक्त 17 रन बने।न्यूलाइट क्लब के गेंदबाज जाविद लालू, राहत अली ने दो, 2, विकेट तथा मुनीर, बाबू जी, सगीर माया ने एक एक विकेट लिए। जीत के लिए मात्र 70 रन बनाने के लिए न्यूलाइट क्लब ने 6.2,ओवर में 70 रन एक विकेट के नुकसान पर बनाए। बल्लेबाज कमल सिंह और अलकमा अमान ने क्रमशः 31-31 रन, बनाए।

अतिरिक्त 7 रन बने। आजाद क्लब के इकलौते गेंदबाज मु० अजीम ने ही एक विकेट लिया। न्यूलाइट क्लब 9 विकेट से मैच जीत कर चौथे सेमीफाइनल में प्रवेश कर गया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार न्यूलाइट क्लब के जावेद लालू को नईम मालिक और भाजपा नेता मकसूद लाला द्वारा प्रदान किया गया। अंपायर शादाब कुरैशी और अब्दुल रहमान रहे। कमेंटेटर मोहम्मद सईद सागर , जहीर जिया और अब्दुल रज़्ज़ाक़ रहे। ऑनलाइन स्कोरिंग मौलाना जुनैद और आकिब गुल ने की। मैच में मुख्य अतिथि सुहैल इत्र वाले रहे।इस अवसर पर भाजपा नेता मकसूद लाला, फहीमुद्दीन पप्पू, आयोजक हाजी मुबीन, इसरार, नाजिम फरीदी, महफूज मुन्ना, अलकमा अमान, इनाम अली, मौलाना शाहफेद, ,तौसीफ आलम, जुबैर आलम, वसी खान, ,कदीर पप्पू, नुरुल हुदा ,कारी रिजवान, महबूब अली, जावेद रहमानी, कारी अल्तमश, मोइन अली, और बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।


विजयी टीम को पुरस्कार देते अतिथि। -जागरण मोर्चा

## मौसम एवं आपदा संबंधी समयबद्ध चेतावनी के लिए सचेत ऐप डाउनलोड करें:डीएम

- आंधी,तूफान,भारी वर्षा, बिजली गिरने सहित विभिन्न आपदाओं की मिलेगी पूर्व सूचना

जागरण मोर्चा कार्यालय



**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने जनपदवासियों से अपील की है कि मौसम संबंधी सटीक,विश्वसनीय एवं समयबद्ध चेतावनी प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) द्वारा विकसित सचेत मोबाइल ऐप को अपने मोबाइल फोन में अवश्य डाउनलोड करें।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मौसम में तेजी से हो रहे बदलावों के कारण आंधी-तूफान, भारी वर्षा, वज्रपात, बाढ़, लू एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं की घटनाओं में वृद्धि हो रही है। ऐसे में समय रहते चेतावनी प्राप्त होने पर जनहानि, पशुहानि तथा संपत्तियों को होने वाले नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता है।जिलाधिकारी ने बताया कि "सचेत" ऐप उपयोगकर्ताओं के वर्तमान स्थान के आधार पर मौसम एवं आपदा संबंधी चेतावनियां सीधे उनके मोबाइल फोन पर उपलब्ध कराता है। इससे नागरिक संभावित खतरों के प्रति पहले से सतर्क होकर आवश्यक सुरक्षा उपाय अपना सकते हैं।उन्होंने सभी विभागों, ग्राम पंचायतों, नगर निकायों, विद्यालयों, स्वयंसेवी संगठनों, जनप्रतिनिधियों से भी अपील की कि वे अपने स्तर पर अधिक से अधिक लोगों को सचेत ऐप डाउनलोड करने के लिए प्रेरित करें, जिससे जनपद में आपदा जोखिम को कम किया जा सके। प्रत्येक नागरिक समय पर महत्वपूर्ण चेतावनी संदेश प्राप्त कर सके।जिलाधिकारी ने कहा कि सुरक्षित रामपुर के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। सचेत ऐप इस दिशा में एक प्रभावी एवं उपयोगी माध्यम साबित हो सकता है।बताया कि सचेत ऐप गूगल प्ले स्टोर एवं एप्पल ऐप स्टोर पर निःशुल्क उपलब्ध है, जिसे डाउनलोड कर नागरिक मौसम एवं आपदा संबंधी महत्वपूर्ण सूचनाएं समय पर प्राप्त कर सकते हैं।

### घर बैठे उर्वरक बुक करें, एफएफएस ऐप लॉन्च

**रामपुर।** जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि उर्वरक वितरण प्रणाली को अधिक सुविधाजनक, पारदर्शी एवं किसान हितैषी बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा फ्रेमवर्क फॉर फर्टिलाइजर सेल मोबाइल ऐप विकसित किया। इस ऐप को प्रारंभिक चरण में उत्तर प्रदेश के दो जनपदों रामपुर एवं सीतापुर में शीघ्र लागू किया जा रहा है। बुकिंग के किसान के मोबाइल पर क्यूआर कोड एवं बुकिंग आईडी जनरेट होगी, जिसके आधार पर वह संबंधित विक्रेता से उर्वरक प्राप्त कर सकेगा। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद में खरीफ फसलों के लिए पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है। वर्तमान में जनपद में कुल 20,844 मीट्रिक टन यूरिया, 3,794 मीट्रिक टन डीएपी तथा 8,202 मीट्रिक टन एनपीके उर्वरक उपलब्ध है। गत वर्ष जून माह के वितरण की तुलना में इस वर्ष शत-प्रतिशत उर्वरक उपलब्धता सुनिश्चित कर ली गई है। बताया कि जून माह के लिए निर्धारित 8,563 मीट्रिक टन यूरिया लक्ष्य के सापेक्ष 251 प्रतिशत यूरिया उपलब्ध है तथा जनपद में किसी भी स्तर पर उर्वरकों की कोई कमी नहीं है। उ न्होंने बताया कि यदि कोई विक्रेता अथवा सहकारी समिति निर्धारित दरों से अधिक मूल्य पर उर्वरक बेचती है अथवा उर्वरक के साथ कोई अन्य उत्पाद जबरन खरीदने के लिए बाध्य करती है, तो इसकी शिकायत कृषि विभाग के कंट्रोल रूम नंबर 7839882763 एवं 9458846182 पर दर्ज कराएं।

### उत्तर प्रदेश प्रभारी मंत्री आज रामपुर में

**रामपुर।** पशुधन एवं दुग्ध विकास उत्तर प्रदेश प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह विकास भवन के सभागार में समीक्षा बैठक करेंगे। जिसमें जनपद के समस्त स्तरीय अधिकारी, समस्त कार्यदायी संस्थाएं शामिल होंगे। सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित विकास कार्यक्रमों, राजस्व कार्यों, कानून व्यवस्था एवं अन्य कार्यक्रमों की समीक्षा, निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण समेत अन्य बिन्दुओं पर चर्चा करेंगे।

### 'पासपोर्ट बनवा कर तैयारियां करें मुकम्मल'

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति के सदस्य हाफिज एजाज़ अहमद शाहीन अंसारी ने हज-2027 पर महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि हज कमेटी ऑफ इंडिया, मुंबई द्वारा हज एवं उमराह मंत्रालय, सऊदी अरब सरकार ने हज-2027 1448 हिजरी की प्रारंभिक तैयारियों के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि हज-2027 की आधिकारिक घोषणा शीघ्र किए जाने की संभावना है। इसलिए जो लोग हज यात्रा पर जाने के इच्छुक हैं, वे अभी से आवश्यक तैयारियां पूरी कर लें। हज आवेदन के लिए मशीन-पठित पासपोर्ट अनिवार्य होगा। जबकि हस्तलिखित पासपोर्ट मान्य नहीं होंगे। शाहीन अंसारी ने बताया कि हज-2027 के लिए आवेदन करने वाले सभी आवेदकों के पास ऐसा पासपोर्ट होना चाहिए जिसकी वैधता कम से कम 31 दिसंबर 2027 तक हो। जिन लोगों के पासपोर्ट की वैधता इस तिथि तक नहीं है, वे तत्काल नया पासपोर्ट बनवाने अथवा उसका नवीनीकरण कराने की प्रक्रिया शुरू कर दें। उन्होंने यह भी कहा कि नए पासपोर्ट बनवाते समय आवेदक यह विशेष ध्यान रखें कि पासपोर्ट में सरनेम/लास्ट नेम का कॉलम खाली न रहे, क्योंकि भविष्य में आवेदन प्रक्रिया में इससे समस्या उत्पन्न हो सकती है।



### शहर समेत तीन क्षेत्राधिकारियों के हुए तबादले

**रामपुर।** शासनादेशानुसार शहर समेत तीन नगर क्षेत्राधिकारियों के तबादले किए गए हैं। जिसमें नगर क्षेत्र में तैनात जितेंद्र कुमार को मथुरा, सीओ स्वार अतुल कुमार पांडेय को लखनऊ, सीओ टांडा कीर्ति आनंद को गोरखपुर तबादला हो गया है। जबकि अभिषेक श्रीवास्तव जोकि गाजियाबाद में तैनात थे। उनको रामपुर भेजा गया है। इसके अलावा सोनम सिंह उन्नाव से रामपुर आ रही है। पंकज पंत जोकि शाहजहांपुर में तैनात है। उनका भी रामपुर भेजा गया है। प्रीतमपाल भी रामपुर तबादला किया गया है। वहीं पुलिस अधीक्षक ने प्रभारी निरीक्षकों को इधर से उधर किया है। जिसमें मिलकखानम से निशा खटाना लाइन हाजिर कर दिया है। नरेश कुमार से पटवाई से मिलकखानम भेजा है। धनंजय सिंह को अपराध शाखा से थाना पटवाई भेजा गया है।

**समस्या** बाईपास के निर्माण से जाम और हादसों पर लगेगा अंकुश,क्षेत्रवासियों की निगाहें टिकी हैं क्षेत्रीय विधायक की ओर

## बाईपास निर्माण शुरू न होने से लोगों में बढ़ी बेचैनी



जागरण मोर्चा कार्यालय

**गयास फारूक/ टांडा।** टांडा और स्वार नगरों के बीच से गुजरने वाला मुख्य मार्ग वर्षों से जाम और सड़क हादसों की समस्या का केंद्र बना हुआ है। भारी वाहनों की आवाजाही और बढ़ती भीड़ के चलते लोगों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी समस्या के समाधान के लिए पिछले वर्ष टांडा और स्वार में बाईपास निर्माण की मंजूरी की घोषणा हुई थी। क्षेत्रीय विधायक, जिला प्रशासन और लोक निर्माण विभाग के प्रयासों से शासन स्तर पर दोनों बाईपासों को मंजूरी मिलने की बात कही गई थी।उस समय क्षेत्रीय विधायक की ओर से इसका व्यापक प्रचार भी हुआ और लोगों में उम्मीद जगी कि अब जाम और दुर्घटनाओं से राहत मिलेगी।

हालांकि स्वार बाईपास के लिए गत वित्तीय वर्ष में शासन से आंशिक धनराशि भी जारी कर दी गई, लेकिन टांडा बाईपास का मामला अब भी अधर में लटका हुआ है। निर्माण की प्रक्रिया किस स्तर पर है, प्रस्ताव लंबित है या निरस्त हो चुका है, इसे लेकर कोई स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। क्षेत्रीय विधायक की ओर से भी इस मुद्दे पर कोई ठोस बयान न आने से लोगों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है।क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि टांडा बाईपास का निर्माण शीघ्र शुरू नहीं हुआ तो नगर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव और हादसों की समस्या और गंभीर हो जाएगी। लोगों ने विधायक शफीक अंसारी से बाईपास निर्माण के लिए शासन स्तर पर प्रभावी पैरवी कर जल्द मंजूरी और धनराशि जारी कराने की मांग की है। इस संबंध में जब क्षेत्रीय विधायक शफीक अहमद अंसारी से फोन पर संपर्क करना चाहा, किन्तु उनसे काफी प्रयास के बावजूद संपर्क न हो सका।


टांडा में रोजाना लगने वाले जाम से कारोबार भी प्रभावित होता है और आम लोगों को भी परेशानी होती है।बाईपास ही इसका स्थायी समाधान है। **-हाजी शकील,नगर अध्यक्ष व्यापार मंडल टांडा।**


जब बाईपास की मंजूरी का इतना प्रचार हुआ था तो अब उसकी स्थिति भी जनता को बताई जानी चाहिए। चुप्पी से लोगों की चिंता बढ़ रही है। **-मजहर लाला,नगर अध्यक्ष भाकियू टांडा**


भारी वाहनों की वजह से अक्सर हादसों का डर बना रहता है। बाईपास बनने से नगर के भीतर ट्रैफिक का दबाव कम होगा। विधायक जी को चाहिए कि टांडा बाईपास के शीघ्र निर्माण को पुरजोर पैरवी करें। **-रईस उर्फ भूरा,सभासद वार्ड 11 टांडा**


स्वार बाईपास के लिए धनराशि जारी हो गई, लेकिन टांडा बाईपास की फाइल कहां अटकी है, इसकी जानकारी सार्वजनिक होनी चाहिए। जनप्रतिनिधियों को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। **-सतीश गौतम,समाजसेवी ग्राम अब्बास नगर टांडा।**

# 48 साल बाद 1978 हिंसा पीड़ित परिवार को मिला न्याय

- संभल में योगी सरकार की बड़ी पहल, गाटा संख्या 143 की 100 वर्ग मीटर भूमि का पट्टा पीड़ित परिवार को सौंपा

जागरण मोर्चा, कार्यालय


पीड़ित परिवार को भूमि के कागज सौंपते प्रभारी मंत्री। -जागरण मोर्चा

**संभल/बहजोई।** वर्ष 1978 की हिंसा से प्रभावित रामशरण दास रस्तोगी के परिवार को करीब 48 वर्ष बाद न्याय मिला है। प्रदेश सरकार की पहल पर परिवार को गाटा संख्या 143 की 100 वर्ग मीटर भूमि का पट्टा प्रदान किया गया। प्रभारी मंत्री एवं स्वतंत्र प्रभार मंत्री जेपीएस राठौर ने एक कार्यक्रम के दौरान परिवार को भूमि स्वामित्व से संबंधित दस्तावेज सौंपे। प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा कि प्रदेश सरकार पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने और उनकी लंबे समय से लंबित समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है।

बताया गया कि यह भूमि गाटा संख्या 143 से संबंधित है। लंबे समय से लंबित इस मामले में प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी होने के बाद पीड़ित परिवार को भूमि का स्वामित्व प्रदान किया गया। परिवार ने सरकार और प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

उल्लेखनीय है कि 24 नवंबर 2024 को शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान संभल में हुई हिंसा के बाद प्रदेश सरकार ने जिले के कई पुराने और लंबित मामलों की समीक्षा शुरू की थी। इसी क्रम में वर्ष 1978 की हिंसा से जुड़े इस प्रकरण का भी निस्तारण किया गया। प्रदेश सरकार का कहना है कि पीड़ितों को न्याय दिलाने तथा उनके अधिकार सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। 48 वर्ष पुराने मामले में भूमि पट्टा दिए जाने को प्रशासन और सरकार की ओर से एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। कार्यक्रम में जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल, पुलिस अधीक्षक केके बिश्नोई समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप

### बाइक और स्कूटी की टक्कर में दो घायल, रेफर

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के बहजोई रोड पर बुधवार की रात स्कूटी व बाइक की भिड़ंत हो गई। हादसे में वाहन सवार दो लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के बाद चिकित्सक ने दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। बुधवार की रात 12 बजे बहजोई रोड स्थित सीपीएस स्कूल के पास स्कूटी व बाइक की जोरदार टक्कर हो गए। हादसे में स्कूटी सवार संगम विहार निवासी नरेश पाल सिंह पुत्र मोहर सिंह व बाइक सवार दुर्गा धाम कालोनी निवासी छत्रपाल पुत्र राम गुलाम घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया। दोनों की हालत नाजुक होने पर चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### भगवान समय-समय पर सभी के कष्ट हरण करते- जगद्गुरु स्वामी अनंत श्याम देवाचार्य


श्रीमद्भागवत कथा सुनाते देवाचार्य।

**चन्दौसी।** नगर के सीता रोड स्थित श्री गीता सत्संग भवन में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस पर जगद्गुरु स्वामी अनंत श्याम देवाचार्य महाराज ने भगवान के विभिन्न अवतारों की कथा सुनाते हुए भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव बड़े हर्षोल्लास से मनाया। उन्होंने कहा कि भगवान समय–समय पर देवता, मनुष्य, ऋषि कोई भी हो, हर किसी के कष्ट हरण करते हैं और सुख प्रदान करते हैं। वामन अवतार का प्रसंग सुनाते हुए महाराज ने कहा कि जब राजा बलि ने शुक्राचार्य से मृत संजीवनी विद्या प्राप्त कर ली और दैत्यों का बल बढ़ गया, तब उन्होंने देवताओं को परास्त कर स्वर्ग से निकाल दिया। यह देखकर माता अदिति ने महर्षि कश्यप को प्रसन्न किया। ऋषि ने पूछा देवी, क्या चाहिए? क्यों परेशान हो?" तब माता अदिति ने कहा हे ऋषिवर, इस समय दैत्यों ने देवताओं को परास्त कर दिया है। सभी देवता घर से बेघर हो चुके हैं। राजा बलि अत्यंत बलवान हो रहे हैं। देवताओं को पुन: प्रतिष्ठित करने हेतु मुझे ऐसा पुत्र चाहिए। ऋषि कश्यप ने कहा – हे देवी, पयोव्रत करो। इस व्रत के प्रभाव से तुम्हें ऐसा बलशाली पुत्र प्राप्त होगा जो तुम्हारे पुत्रों को उनका राज्य वापस दिलाएगा। माता अदिति ने पयोव्रत किया, जिसके प्रभाव से भगवान वामन का अवतार हुआ। राजा बलि इस समय सौ अश्वमेध यज्ञ कर रहे हैं। यदि यह यज्ञ पूर्ण हुआ तो राजा बलि पूर्ण रूप से इंद्र बनकर शासन करने लगेंगे।"भगवान वामन ने कहा – "हे माता, राजा बलि इस समय पूर्ण रूप से धर्म एवं भक्ति में लगे हुए हैं। यज्ञों द्वारा पुण्य अर्जित कर रहे हैं। इस समय वह धर्म के मार्ग पर आरूढ़ हैं। मैं उन्हें युद्ध में परास्त नहीं कर सकता, उनकी किसी प्रकार से क्षति नहीं कर सकता। श्रीकृष्ण अवतार की कथा प्रारंभ करते हुए महाराज ने बताया कि जब धर्म का ह्रास होने लगता है, चारों ओर अधर्म, पाप, अनाचार और भ्रष्टाचार बढ़ने लगते हैं, तब भगवान अवतार ग्रहण करते हैं। जब कंस के अत्याचार बढ़ने लगे तो माता देवकी के गर्भ से भगवान श्रीकृष्ण ने अष्टम पुत्र के रूप में अवतार ग्रहण किया। कथा में नंदोत्सव एवं भगवान का जन्मोत्सव बड़े भक्तिभाव से मनाया गया। भगवान के जन्म पर सभी भक्त भाव–विभोर होकर नृत्य करने लगे। नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयकारों से पूरा पंडाल गूंज उठा। इस दौरान पुनीत कुमार सराफ, अनिल कुमार 'सुपर', अध्यक्ष जिवेन्द्र कुमार अग्रवाल, पराग बंसल, प्रदीप कुमार अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, विनय अग्रवाल, अमित कुमार आयरन, डा. हरिप्रकाश अग्रवाल, सुनील कुमार पप्पू सेठ', हरिशंकर अग्रवाल, राकेश कुमार सराफ, शोभित अग्रवाल आदि का सहयोग रहा।

# विकास कार्यों में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त, कानून व्यवस्था पर भी सख्त सरकार

## प्रभारी मंत्री की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए गए कड़े निर्देश

- योजनाओं का लाभ हर पात्र तक पहुंचाने पर जोर

जागरण मोर्चा, कार्यालय


कलक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक करते प्रभारी मंत्री।

**बहजोई।** जनपद में विकास कार्यों की प्रगति और कानून व्यवस्था को लेकर गुरुवार को कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में उत्तर प्रदेश सरकार के सहकारिता विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं जनपद प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर ने अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया कि विकास कार्यों की गुणवत्ता और जनता की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है और इसके लिए सभी विभाग पूरी जवाबदेही के साथ कार्य करें।

बैठक में जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल, पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। प्रभारी मंत्री ने विभागवार समीक्षा करते हुए विकास परियोजनाओं की प्रगति, जनहित से जुड़े कार्यों और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी स्तर पर लापरवाही या उदासीनता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी लंबित परियोजनाओं को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा कराया जाए तथा जनता से जुड़े कार्यों में अनावश्यक देरी न हो।

बैठक के दौरान सड़क निर्माण, विद्युत आपूर्ति, पेयजल व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा, कृषि, सहकारिता तथा अन्य विभागों की योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। प्रभारी मंत्री ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पहुंचना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन को अपने कार्यों के लिए सरकारी कार्यालयों के बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। जनसमस्याओं का त्वरित और संवेदनशील समाधान सुनिश्चित किया जाए, जिससे प्रशासन के प्रति जनता का विश्वास और मजबूत हो।

कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने पुलिस अधिकारियों को अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए प्रभावी एवं परिणामकारी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनपद में कानून का राज दिखाई देना चाहिए और अपराधियों में कानून का भय बना रहना चाहिए।

### डीएम और एसपी ने प्रस्तुत की प्रगति रिपोर्ट

बैठक में पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने अपराध नियंत्रण अभियानों, पुलिस की कार्रवाई और कानून व्यवस्था की स्थिति की विस्तृत जानकारी दी। वहीं जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल ने विकास योजनाओं की प्रगति, प्रशासनिक कार्यों और जनहित से जुड़े कार्यक्रमों की स्थिति से अवगत कराया।बैठक के समापन पर प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा कि सरकार की सोच विकास और सुशासन को गांव–गांव और अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की है। इसके लिए सभी अधिकारी पूर्ण निष्ठा, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व के साथ कार्य करें, ताकि सम्भल जनपद विकास और प्रशासनिक कार्यों के क्षेत्र में प्रदेश के अग्रणी जनपदों में अपनी पहचान बना सके।

### चौकी प्रभारी को जान से मारने की नीयत से गाड़ी चढ़ाने पर रिपोर्ट दर्ज

**चन्दौसी।** बनियाठेर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली नरौली पुलिस चौकी के प्रभारी ने एक युवक पर अपनी गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके अलावा उन पर जान से मारने की नीयत से कार चढ़ाने व अन्य आरोपों लगाते हुए आरोपी के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में थाने में मुकदमा पंजीकृत कराया गया है।

नरौली पुलिस चौकी में प्रभारी पद पर तैनात रामविनय चाहर ने थाने में तहरीर दी है। उनका आरोप है कि एक जून की शाम 4.15 बजे वह चौकी में सरकारी कार्य में व्यस्त थे। तभी चौकी के बाहर से गाड़ी टकराने की आवाज आई। जिसे सुनकर वह बाहर आए तो देखा कि थार चालक अपनी गाड़ी को तेजी से चलाकर चौकी के बाहर खड़ी उनके कार में टक्कर मार दी रहा है। तभी साथी पुलिस कर्मी आए और बताया कि विकास राघव निवासी रायपुर कला थाना बहजोई की नरौली चौकी में खड़ी सीज गाड़ी थार को डुप्लीकेट चाबी लगाकर चोरी कर लाया है मना करने पर भी नहीं मान रहा। बताया कि 29 मई को विकास राघव का अंकुश पुत्र विजय सिंह निवासी मोहल्ला मकुपुरा की दुकान पर गाड़ी धुलवाने को लेकर विवाद हुआ था। जिस कारण आरोपी विकास राघव का शांतिभंग में चालान किया था और कार को सीज कर दिया था।

# महाराणा प्रताप चौक पर पुलिस चौकी की मांग तेज

- अपना दल (एस) महिला मंच ने एसपी को सौंपा ज्ञापन, सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की उठाई आवाज

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**संभल।** जनपद के संवेदनशील एवं व्यस्त क्षेत्रों में शुमार सेफ खां सराय स्थित महाराणा प्रताप चौक पर पुलिस चौकी स्थापित किए जाने की मांग जोर पकड़ने लगी है। अपना दल (एस) महिला मंच की जिला अध्यक्ष बबीता भारद्वाज ने पुलिस अधीक्षक संभल को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र में स्थायी पुलिस चौकी स्थापित करने की मांग की है।

पुलिस अधीक्षक को दिए गए प्रार्थना पत्र में बबीता भारद्वाज ने कहा कि महाराणा प्रताप चौक जनपद का प्रमुख चौराहा है, जहां प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन होता है। इसके बावजूद क्षेत्र में पुलिस चौकी का अभाव है, जिससे कानून-व्यवस्था और सुरक्षा संबंधी चुनौतियां बनी रहती हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की बढ़ती आबादी और गतिविधियों को देखते हुए यहां पुलिस की स्थायी मौजूदगी समय की आवश्यकता बन गई है। ज्ञापन में क्षेत्र में पूर्व में हुई गंभीर घटनाओं का भी उल्लेख किया गया है। उन्होंने बताया कि निकटवर्ती चामुंडा मंदिर के पुजारी की हत्या जैसी सनसनीखेज घटना ने क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए थे। इसके अलावा चोरी, छेड़छाड़, आपसी विवाद, असामाजिक तत्वों की गतिविधियां तथा यातायात अव्यवस्था जैसी समस्याएं भी लगातार सामने आती रही हैं। इन घटनाओं के कारण स्थानीय नागरिकों में भय और असुरक्षा का वातावरण बना हुआ है।

बबीता भारद्वाज ने कहा कि महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों की सुरक्षा को लेकर लोगों में विशेष चिंता है। किसी भी आपात स्थिति में पुलिस के पहुंचने में होने वाली देरी आमजन की परेशानियों को बढ़ा देती है। यदि महाराणा प्रताप चौक पर पुलिस चौकी स्थापित कर दी जाए तो अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के साथ-साथ क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया जा सकता है।

# आगामी यूपी पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा को लेकर प्रशासन अलर्ट

- एसपी कृष्ण कुमार ने अधिकारियों संग की समीक्षा बैठक, सुरक्षा और पारदर्शिता पर दिया विशेष जोर

जागरण मोर्चा, कार्यालय


पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करते एसपी। -जागरण मोर्चा

**बहजोई।** आगामी 8, 9 और 10 जून को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित की जाने वाली पुलिस आरक्षी भर्ती (एनरोलमेंट-2025) की लिखित परीक्षा संपन्न कराई जाएगी। जिसको सकुशल, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। गुरुवार को कलक्ट्रेट सभागार में पुलिस अधीक्षक सम्भल कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में संबंधित अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा परीक्षा की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।

एसपी कृष्ण कुमार ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा की शुचिता, निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता अथवा संदिग्ध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे मामलों में तत्काल एवं सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की सुगम आवाजाही, यातायात प्रबंधन तथा केंद्रों के आसपास असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसपी ने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों के आसपास पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती सुनिश्चित की जाएगी तथा संदिग्ध व्यक्तियों और गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जाएगी।

उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा परीक्षा अवधि के दौरान हर स्थिति पर सतर्क दृष्टि बनाए रखने के निर्देश दिए, ताकि भर्ती परीक्षा को पूरी तरह शांतिपूर्ण, सुरक्षित और निष्पक्ष वातावरण में संपन्न कराया जा सके। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने परीक्षा के सफल संचालन के लिए की जा रही तैयारियों की जानकारी दी तथा सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक सुझावों पर भी विचार-विमर्श किया गया। प्रशासन ने भरोसा जताया कि सभी विभागों के सहयोग से भर्ती परीक्षा को निर्विघ्न एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराया जाएगा।

# महिला ने प्रेमी के कहने पर रची लूटपाट की झूठी कहानी

- महिला ने जुनावई थाने में दर्ज कराई झूठी रिपोर्ट
- पुलिस ने महिला व उसके प्रेमी गिरफ्तार कर बरामद किया जेवर

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** थाना जुनावई क्षेत्र में महिला ने अपने प्रेमी के कहने पर लूटपाट की झूठी तहरीर पुलिस को दे दी। पुलिस ने जब जांच शुरू की तो मामला संदिग्ध नजर आया। पुलिस ने महिला ने कड़ाई से पूछताछ की महिला ने सच्चाई बता दी। पुलिस ने महिला व उसके प्रेमी के गिरफ्तार कर मुकदमा पंजीकृत किया है। दोनों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

थाना जुनावई क्षेत्र के गांव घनसेमर निवासी महिला गीता शर्मा पत्नी पप्पू शर्मा ने 3 जून को थाने में लूटपाट की तहरीर दी। जिसमें कहा कि वह अपने 12 वर्षीय पुत्र आदित्य के साथ स्टूटी से अपनी ससुराल से अपने मायके केरई सेरई थाना जरीफनगर जनपद बदायूं जा रही थी। तभी थाना क्षेत्र के मड़ियावली से पीरबहादुर मार्ग पर पहुंचने पर रास्ते में एक बाइक पर तीन अज्ञात बदमाश मिले और उन्होंने अपनी बाइक को स्कूटी के आगे लगा दिया। बदमाशों ने चाकू दिखाकर महिला से कानों की झुमकी, टोपस, अंगूठी व पाजेब छीनकर ले गए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया। पुलिस ने जब जांच की तो घटना झूठी निकली। पुलिस के अनुसार महिला का पति नोएडा में रहकर मेहनत मजदूरी करता है। महिला का प्रेम-प्रसंग एक युवक से चल रहा है। उसी के कहने पर महिला ने अपने जेवर उतार दे दिए। दोनों मिलकर षड़यंत्र के तहत बुराई वाले व्यक्ति को झूठा फंसाना चाहते थे। पुलिस ने महिला व उसके प्रेमी मनोज शर्मा को गिरफ्तार कर उक्त जेवर बरामद किया है। जिनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की गई है।

# वृक्ष केवल प्रकृति की शोभा नहीं, बल्कि मानव जीवन के होते प्राणाधार

जागरण मोर्चा, कार्यालय


पौधारोपण करते आराध्य वूमेन एंड एंड चाइल्ड वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी।

**चन्दौसी।** आराध्या वूमेन एंड चाइल्ड वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में पौधारोपण एवं पर्यावरण विषयक विचार गोष्ठी का आयोजन विश्व पर्यावरण दिवस पर किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा आज का पधारोपण कल का भविष्य संरक्षण है।वृक्ष केवल प्रकृति की शोभा नहीं, बल्कि मानव जीवन के प्राणाधार हैं। आज लगाया गया प्रत्येक पौधा आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित, स्वस्थ एवं समृद्ध भविष्य की आधारशिला है। समिति के अध्यक्ष पूनम अरोड़ा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सबके लिए बहुत जरूरी है पौधारोपण के माध्यम से हम पर्यावरण को संरक्षण करन का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने तथा प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा लगाकर उसके संरक्षण का दायित्व निभाने का आह्वान किया। गोष्ठी में पर्यावरण संतुलन, जल संरक्षण, जैव विविधता एवं हरित जीवनशैली जैसे विषयों पर सारगर्भित विचार व्यक्त किए गए। अंत में सभी सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक संकल्प लिया। इस दौरान पूनम अरोड़ा ,दुर्गा टंडन, अनु गांधी,मीनू आहूजा, कृति, रजनी, जूही,हर्ष, मान्या महरोत्रा, रानी अरोड़ा ,माला, हर्ष, आदि मौजूद रहे।

# भाजपा कार्यकर्ता के साथ मारपीट पर घेरा थाना

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के छाबड़ा मंडल के भाजपा कार्यकर्ता पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। जिसमें वह घायल हो गए। घटना की सूचना पर मिलने पर अन्य भाजपा कार्यकर्ता थाने पहुंचे और थाने का घेराव करते हुए मारपीट करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। थाना क्षेत्र के गांव दियौरा खास निवासी रतन लाल चंद्र छाबड़ा मंडल में मंडल उपाध्यक्ष के पद पर है। गुरुवार की सुबह उन पर हमलाकर घायल कर दिया। बता दे कि बुधवार को परचून की दुकान से सामान उधार न देने पर उनके भतीजे-भतीतियों के साथ कुछ लोगों ने घर में घुसकर मारपीट की गई। घटना के बाद छाबड़ा मंडल प्रभारी डा. विशाल चौहान अन्य भाजपाइयों के साथ थाने पहुंचे और आरोपियों पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर थाने का घेराव कर लिया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रामनरेश यादव, राजेंद्र सिंह, सुरेश सैनी, लकी मिश्रा, सुमित कुमार सिंह, प्रदीप चौहान, महेंद्र सिंह, अंकित शर्मा, सोमपाल सिंह, बंटी गोस्वामी, हरपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम | कानून–व्यवस्था होगी और मजबूत

# सम्भल में नई पुलिस चौकी मंसूरपुर माफी का उद्घाटन

जागरण मोर्चा, कार्यालय


पुलिस चौकी के उद्घाटन पर हवन में शामिल जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार। -जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** जनपद सम्भल में अपराध नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए थाना असमोली क्षेत्र अंतर्गत नवस्थापित पुलिस चौकी मंसूरपुर माफी का उद्घाटन गुरुवार को संपन्न हुआ। उद्घाटन समारोह में जिलाधिकारी सम्भल अंकित खंडेलवाल एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया।विशेष बात यह रही कि मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत स्थानीय विद्यालय की कक्षा 2 की छात्रा जुनैरा अशरफ ने फीता काटकर पुलिस चौकी का उद्घाटन किया। यह पहल महिला सशक्तिकरण एवं बालिकाओं की सामाजिक भागीदारी को बढ़ावा देने का प्रेरणादायी संदेश देती है। इस अवसर पर अधिकारियों ने आमजन को सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण तथा जनसहयोग के माध्यम से अपराध नियंत्रण के महत्व के प्रति जागरूक किया। साथ ही क्षेत्र में शांति, सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए लोगों से सहयोग की अपील की गई। अधिकारियों ने बताया कि नई पुलिस चौकी के संचालन से क्षेत्र में पुलिस की त्वरित पहुंच सुनिश्चित होगी। इससे अपराध नियंत्रण, जनसुनवाई, आपातकालीन सेवाओं एवं आम जनता की समस्याओं के त्वरित निस्तारण में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सम्भल कुलदीप कुमार, क्षेत्राधिकारी असमोली डा. प्रदीप कुमार सिंह, अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।



# नर्सरी संचालक की कोठरी से ढाई लाख की चोरी, मामला दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय



पुलिस को जानकारी देता पीड़ित।

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव में चोरों ने एक नर्सरी संचालक की कोठरी को निशाना बनाते हुए करीब ढाई लाख रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया। चोरों ने कोठरी का ताला तोड़कर वेंटिलेटर, जनरेटर, स्टार्टर और सबमर्सिबल सहित कई अन्य कीमती वस्तुएं चुरा लीं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार, सिहाली जागीर निवासी नर्सरी संचालक साकिब खान की अगरौला कलां स्थित है।पीड़ित के मुताबिक चोरी हुए सामान की कुल कीमत लाखों रुपये है। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर घटनास्थल का मुआयना किया।इस वारदात से क्षेत्र के ग्रामीणों में भय और नाराजगी का माहौल है। ग्रामीणों ने पुलिस से जल्द से जल्द चोरों को पकड़ने की मांग की है। चौकी प्रभारी प्रमोद कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# टीएमयू के आर्यन जैन मिस्टर,अर्पिता श्रीवास्तव बनीं मिस फेयरवेल

- टीएमयू में सीओई सीनियर्स की हुई विदाई

जागरण मोर्चा कार्यालय





**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग-टीएमयू सीओई में बीटेक-सीएसई की फेयरवेल पार्टी- बाय-नरी बैश 2026 में आर्यन जैन को मिस्टर फेयरवेल और अर्पिता श्रीवास्तव को मिस फेयरवेल चुना गया। स्टुडेंट्स अदीश जैन को मिस्टर वर्सेटाइल तो सेजल जैन को मिस वर्सेटाइल, जबकि काशिश रस्तोगी को राइजिंग स्टार के सम्मान से नवाजा गया।विभिन्न खेलों एवम् गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्टुडेंट्स को भी सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता तीन चरणों- रैंप वॉक, टैलेंट हंट एवम् प्रश्नोत्तरी दौर में हुई। टीएमयू स्टुडेंट्स के संग-संग फ़ैकल्टी ने भी यादगार पल संजोए। इससे पूर्व ऋद्धि-सिद्धि भवन में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शंखनाद हुआ। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि फ़ैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी, सीसीएसआईटी के विभागाध्यक्ष डॉ. रूपल गुप्ता, डॉ. अजय चक्रवर्ती, डॉ. मोहम्मद सलीम, डॉ. कामेश कुमार, डॉ. अमित कुमार, डॉ. प्रियांक सिंघल, डॉ. नरपत सिंह आदि मौजूद रहे।प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में मणि सारस्वत, डॉ. शालिनी निनोरिया, डॉ. प्रियांक सिंघल आदि शामिल रहे।

सांस्कृतिक प्रोग्राम्स की शुरूआत गणेश वंदना से हुई। समारोह में जूनियर एवम् सीनियर स्टुडेंट्स ने अनेक रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

नृत्य, समूह नृत्य, गायन, कविता पाठ और मनोरंजक प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को उत्साह और आनंद से भर दिया। फ़ैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी ने जीवन में सफलता प्राप्त करने के महत्वपूर्ण सूत्र साझा किए।जीवन में सफलता केवल शैक्षणिक उपलब्धियों से नहीं, बल्कि संतुलित व्यक्तित्व, अनुशासन, दूरदर्शिता और सकारात्मक सोच से प्राप्त होती है। प्रो. द्विवेदी ने कहा कि उत्कृष्ट करियर को ज्ञान, चरित्र और अनुशासन जरूरी है।

# कीटनाशक के सेवन से महिला की मौत, कोहराम

## मायके पक्ष ने मृतका के घर पहुंचकर जमकर किया हंगामा

जागरण मोर्चा कार्यालय



**हसनपुर।** रहरा थाना क्षेत्र के गांव में गृह क्लेश के चलते एक 27 वर्षीय महिला ने कीटनाशक का सेवन कर लिया। उपचार के लिए मेरठ ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया, वहीं मायके पक्ष ने मृतका के घर पहुंचकर जमकर हंगामा किया।

जानकारी के अनुसार, खेलिया पट्टी निवासी सुरेश की पत्नी कमलेश 27 वर्षीय का गुरुवार सुबह परिवार में किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इसके बाद उसने घर में रखा कीटनाशक खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे निजी चिकित्सक के प

यहां भर्ती कराया। वहां से चिकित्सक के द्वारा गंभीर हालत में उसे मेरठ रेफर कर दिया गया, लेकिन मेरठ पहुंचने से पहले रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

मौत की खबर मिलते ही गांव पथरा मुस्तकम से पहुंचे मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभाला। फिलहाल, ग्रामीणों द्वारा दोनों पक्षों में समझौते के प्रयास किए जा रहे हैं। मृतका अपने पीछे एक बेटा और एक बेटी को रोते-बिलखते छोड़ गई है। थानाध्यक्ष अखिलेश प्रधान ने बताया कि सूचना पर पुलिस मौके पर भेजी गई है। और तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क किनारे पटरी व नालो पर न करे अतिक्रमण

**मसवासी ।** नगर पंचायत प्रशासन ने पुलिस को साथ लेकर दूकानदारो को सचेत किया कि सड़क किनारे पटरी व नालो पर अतिक्रमण न करे अन्यथा माल जब्त कर जुर्माना वसूला जाएगा नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी अशूतोष सिंह व वरिष्ठ लिपिक अमित कुमार चन्द्रा ने पुलिस को लेकर मुनादी की कि सड़क किनारे पटरी व नालो पर अतिक्रमण न करे अन्यथा माल जब्त कर जुर्माना वसूला जाएगा वही उन्होंने कहा कि दुकानदार प्रतिबन्धित पालोथीन प्लास्टिक के गिलास की बिक्री अपनी दुकानो पर न करे और न पोलोथीन मे कोई सामान दे अगर पोलोथीन की थैली या प्लास्टिक के गिलास की बिक्री करते अगर दुकानदार पकड़ा गया तो माल जब्ती के साथ ही जुर्माना भी वसूला जाएगा।।इस मौके पर नमनीत, राजीव कुमार शर्मा, मुकेश कुमार ,भूकन, सोमपाल ,दिनेश, प्रदीप, गीता, नीतू ,अनीता ,सहित नगर पंचायत कर्मचारी मौजूद रहे।

# अधिवक्ता ने कुछ लोगों पर लगाया हत्या का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय



**गजरौला।** अधिवक्ता डॉ-रविन्द्र शुक्ल एडवोकेट ने एक राजनैतिक दल से जुड़े और प्लॉटिंग कारोबारी पर हत्या कराने का संदेह जताया है। उन्होंने यह भी दावा किया कि इस व्यक्ति ने एक हत्यारोपित समेत तीन लोगों को हत्या करने के लिए दस लाख रूपये की सुपारी भी दे दी है। अधिवक्ता ने पुलिस प्रशासन से सुरक्षा के साथ साथ कार्रवाई की मांग की है। गुरूवार को लॉयर्स चैम्बर शुक्लपुरी में आयोजित वार्ता में डॉ-रविन्द्र शुक्ल ने कहा कि वे समय समय पर अवैध कॉलोनीनाईजरों के साथ-साथ अवैध रूप से काम करने वाले लोगों को विरूद्ध आवाज उठाते रहते हैं। यही कारण है कि गलत कार्य करने वालों को उनका यह प्रयास रास नहीं आता है। उन्होंने संदेह जताया कि एक राजनैतिक दल से जुड़ा व्यक्ति जिससे उनकी पुरानी रंजिश चल रही है, वह एक हत्यारोपित और दो अन्य लोगों के साथ मिलकर उनकी हत्या का षडयंत्र रच रहा है। बताया कि उन्होंने इस राजनैतिक कार्यकर्ता द्वारा अवैध रूप से काटी गईं कॉलोनी का मुदद‌ा उठाया है तब से वह उनसे रंजिश रखता है। डॉ-शुक्ल ने बताया कि वे इस मामले में साक्ष्यों सहित एसपी से भी मिल चुके हैं। उन्होंने मीडिया के माध्यम से पुलिस प्रशासन और शासन तक अपनी बात पहुंचाकर कार्रवाई की ऐसे लोगों पर कार्रवाई मांग की है।

## सार संक्षेप

### जातिसूचक टिप्पणी और जान से मारने की धमकी का आरोप, एसपी से शिकायत, मुकदमा दर्ज

**मसवासी।** थाना केमरी क्षेत्र के गांव शमशाबाद निवासी एक दलित युवक ने कुछ लोगों पर जातिसूचक शब्द कहकर अपमानित करने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। एसपी का देश पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव शमशाबाद निवासी मुकेश कुमार पुत्र सीताराम का आरोप है कि 31 मई की रात कुछ लोग पट्टी कला थाना स्वार क्षेत्र में खेत की मेंढ़ काट रहे थे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ अभद्रता की, जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित का यह भी आरोप है कि आरोपियों ने मारपीट की तथा हवाई फायरिंग कर दहशत फैलाने का प्रयास किया। मुकेश कुमार ने बताया कि मामले की शिकायत एक जून को कोतवाली स्वार में भी की थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने जांच के बाद जाति सूचक शब्दों से अपमानित करने और मारपीट करने के मामले में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना करते पूर्व एसडीएम। -जागरण मोर्चा

### पूर्व एसडीएम के मिलक आगमन पर हुआ स्वागत

**मिलक।** तहसील गरौठा, जनपद झांसी के उप जिलाधिकारी सुनील कुमार ने गुरुवार को तहसील मिलक का भ्रमण किया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश चंद्र गंगवार महासचिव रमेश चंद एवं योगेश कुमार बंसल एडवोकेट ने फूल माला पहनकर उप जिलाधिकारी का स्वागत किया। सुनील कुमार इससे पूर्व मिलक में उप जिलाधिकारी रह चुके हैं।नगर आगमन पर सर्वप्रथम उन्होंने तहसील परिसर स्थित शिव शक्ति पंचमुखी हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की। उल्लेखनीय है कि मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य उन्हीं की प्रेरणा से संपन्न हुआ था। पूजा के बाद उन्होंने सुलह अधिकारी मिलक योगेश बंसल एडवोकेट के कक्ष में जाकर मंदिर व्यवस्थाओं की जानकारी ली।इस दौरान पुराने सहयोगियों व स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उन्होंने क्षेत्र के विकास और जनसमस्याओं पर चर्चा की। इस अवसर पर नायब तहसीलदार अंकित अवस्थी, जबर सिंह, बसंत कुमार,फिरोज अहमद, शिव कुमार,दुर्गेश कुमार,विवेक गंगवार आदि उपस्थित रहे ।

### महिलाओं को किया जागरूक

**रामपुर।** मिशन शक्ति फेस - 5 .0 अभियान के द्वितीय चरण अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए के थानो से महिला सुरक्षा दल द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। जागरूकता कार्यक्रम के मुख्य बिंदु में महिला सुरक्षा एवं आत्मरक्षा से जुड़े आवश्यक उपाय, कानूनी अधिकार, नारी सम्मान से संबंधित प्रावधान एवं हेल्पलाइन सेवाओं 1090 महिला शक्ति हेल्पलाइन 181,महिला हेल्पलाइन,112 आपातकालीन सेवा,1098 ( चाइल्ड हेल्पलाइन ) की कार्यप्रणाली एवं उपयोगिता तथा घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, ऑनलाइन उत्पीड़न तथा इनके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की प्रक्रिया के बारे में बताया।

# पौधारोपण का महत्व केवल औपचारिकता नहीं बल्कि धरती के अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** नगर के बदायूं रोड स्थित विट्ठल भगवान भागवत सत्संग भवन के (निकट पथरा मोड़ पेट्रोल पंप के सामने) परिसर में अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर मानव हितार्थ संस्था मानवाधिकार संघ के तत्वावधान में गुलाब और गुड़हल सहित विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह नें बताया कि संस्था के पदाधिकारियों द्वारा कार्यशाला के माध्यम से जनजागरण के तहत मानव अधिकारों एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ सभी राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय दिवसों कों उत्साह पूर्वक मनाया जाता है।

नरेश गुप्ता ने कहा विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण का महत्व केवल औपचारिकता नहीं बल्कि धरती के अस्तित्व और हमारे भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक कदम है। राम अवतार सिंह फौजी ने कहा कि पौधारोपण पर्यावरण को संतुलित रखने, जलवायु परिवर्तन से लड़ने और मानव स्वास्थ्य में सुधार करने का सबसे प्रभावी प्राकृतिक तरीका है। डा. दीपचंद अग्रवाल ने कहा कि गुड़हल का फूल और पौधा सेहत,त्वचा और बालों के लिए एक प्राकृतिक औषधि है, इसमें विटामिन सी,एंटीआक्सीडेंट्स और आयरन भरपूर मात्रा में होता है। तेजपाल सिंह ने कहा कि गुलाब के फूल में वैज्ञानिक रूप से सृजन रोधी और जीवाणु रोधी गुण होते हैं यह तनाव कम करने के साथ साथ पाचन तंत्र को सुधारने में बेहद प्रभावित होते हैं। इस दौरान शंकर लाल गुप्ता, अनिल गुप्ता, प्रेमपाल गुप्ता, प्रेमपाल सिंह, राकेश गुप्ता, गिरवर सिंह, राजेश कुमार, अभय प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

## पूर्व पालिकाध्यक्ष पहुंचे कोर्ट, सुनवाई 6 जुलाई को

**रामपुर।** पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां गुरुवार को एक मुकदमे में न्यायालय पहुंचे। पीठासीन अधिकारी अवकाश पर होने के कारण सुनवाई 6 जुलाई तक टाल दी गई है। यह मुकदमा शहर कोतवाली वर्ष 2019 में दर्ज हुआ था। पान दरीबा गेट पर धरना प्रदर्शन कर रोड जाम करने के मामले में पूर्व पालिकाध्यक्ष समेत कई सपा नेताओं को नामजद किया गया था। जिसमें गुरुवार को स्पेशल कोर्ट एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट न्यायालय में तारीख नियत थी। गुरुवार की दोपहर पूर्व पालिकाध्यक्ष न्यायालय पहुंचे। इस मामले में अब अगली सुनवाई 6 जुलाई को होगी।

# थाने पहुंचे नगर पालिका कर्मचारी, एफएसओ पर की कार्यवाही की मांग

- एफएसओ पर दुर्व्यवहार एवं जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने का लगा है आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय



थाने में मौजूद नगर पालिका कर्मचारी। -जागरण मोर्चा

**गजरौला।** अग्निशमन विभाग के एफएसओ पर कार्रवाई की मांग को लेकर नगर पालिका के कर्मचारी थाने पहुंचे। उन्होंने यहां के बाद सीओ कार्यालय में पहुंचकर सीओ को अपने बयान दिए। कहा कि एफएसओ द्वारा किए गए दुर्व्यवहार और जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने के मामले में उनके विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया जाए। बता दें कि बीते दिन नगर पालिका के कर्मचारी बुधबाजार को व्यवस्थित ढंग से लगवाने के लिए डयूटी पर थे। उनका आरोप है कि एफएसओ फायर बिग्रेड ऑफिस के सामने दुकानदारों के फड़ लगवा रहे थे जबकि पालिका कर्मचारियों ने अधिकारियों के आदेश का हवाला देते हुए उनसे वहां पर फड़ न लगवाने का अनुरोध किया। आरोप है कि एफएसओ ने उनके साथ दुर्व्यवहार व अभद्रता की और जातिसूचक शब्दों से भी अपमानित किया। हालांकि एफएसओ ने इन आरोपों का खंडन करते हुए पालिकाकर्मियों पर ही दुकानदारों को परेशान करने की बात कही थी। गुरूवार को सीओ अंजलि कटारिया ने कर्मचारियों के बयान लिए। पालिकाकर्मियों ने सीओ से एफएसओ के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की मांग की।

# एआईएम का कैडर प्रोग्राम, आस मोहम्मद बने नगर अध्यक्ष



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** कस्बे में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन द्वारा एक दिवसीय कैडर प्रोग्राम का आयोजन किया गया, जिसमें पार्टी की नीतियों और आगामी रणनीतियों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में संगठन की मजबूती के लिए नए पदाधिकारियों की घोषणा की गई।

एआईएमआईएम के विधानसभा अध्यक्ष छुनन अल्वी ने संगठन का विस्तार करते हुए आस मोहम्मद सैफी को नगर पंचायत सैद नगली का नया नगर अध्यक्ष नियुक्त किया।कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में लोगों ने सदस्यता ग्रहण की।विधानसभा अध्यक्ष छुनन अल्वी ने हाफिज आसिफ, शाहज़ेब सलमानी, फारूक सलमानी, वसीम खान, शाकिर, जुबेर, फरहान, आसिफ, कासिम, समीम, रियाज और शाहिद अहमद सैफी को पार्टी की सदस्यता दिलाई और जनहित के मुद्दों पर काम करने की सीख दी। इस अवसर पर मौजूद भारी संख्या में कार्यकर्ताओं ने संगठन

कार्यक्रम | नगर के मुख्य चौराहे देश के महापुरुषों के नाम पर होंगे... राजपाल सैनी

# नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी का किया सम्मान

जागरण मोर्चा कार्यालय




चेयरमैन का स्वागत करते व्यापारी । -जागरण मोर्चा

**हसनपुर ।** नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी के सफलतम तीन वर्ष पूरे होने पर व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान 74/22 द्वारा कार्यक्रम कर चेयरमैन का सम्मान कर उनके द्वारा कराए गए विकास कार्यों की सराहना की गई, व्यापारियों को संबोधित करते हुए चेयरमैन ने कहा कि नगर के प्रमुख चौराहा का नाम देश के महापुरुषों के नाम पर रखा जाएगा।

26 मई को नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी को शपथ लिए हुए तीन वर्ष बीत गए, इस अवसर पर व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान 74/22 के प्रदेश महामंत्री मुकेश गुप्ता के नेतृत्व में व्यापारियों द्वारा गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी के कैंप कार्यालय पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम के दौरान व्यापारियों द्वारा चेयरमैन राजपाल सैनी को अंग वस्त्र, पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देखकर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चेयरमैन राजपाल सैनी ने अपने तीन वर्षों के कार्यकाल के दौरान कराए गए।

विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके द्वारा हर वर्ग का ध्यान रख नगर में विकास कार्य कराए गए हैं, इसी के साथ उन्होंने उनके साथ देने के लिए नगर की जनता का भी आभार व्यक्त किया। संगठन के प्रदेश महामंत्री मुकेश गुप्ता के द्वारा पालिका अध्यक्ष के कार्यकाल को महत्वपूर्ण बताया उन्होंने कहा कि उनके 3तीन सालों के कार्यकाल में नगर का व्यापारिक माहौल सुरक्षित एवं सुगम हुआ है, उन्होंने पालिका प्रशासन द्वारा धरातल पर किए गए कार्यों की सराहना की।इस मौके पर मुकेश गुप्ता,तरुण अग्रवाल,पंकज भटनागर,सचिन गुप्ता,विक्रांत शर्मा,विशाल वर्मा,रानू रस्तोगी,संजय टाटा,संजय सहदेव, रवि सैनी,जयप्रकाश सैनी,संजीव सैनी,राकेश सैनी,प्रमोद रोहिल्ला, सभासद नितिन सैनी,राजपाल सैनी, कविता सैनी,ज्योति गर्ग,बबीता सैनी, सविता सिंह,ममता शर्मा,सौरभ सैनी, राहुल प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने युवक को चोरी के बाइक के साथ दबोचा

जागरण मोर्चा, कार्यालय



**चन्दौसी।** बनियाठेर पुलिस ने कंथरी चौराहा पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ युवक को हिरासत में लिया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

थाना बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव देवरखेड़ा निवासी ग्रीस पुत्र कंचन सिंह ने बुधवार को थाने में तहरीर दी थी। जिसमें कहा था कि वह 2 जून की दोपहर एक बजे वह बाइक से देवरखेड़ा श्मशान घाट के सामने स्थित अपनी दुकान पर गए और बाइक दुकान के बाहर खड़ी करके अंदर जाकर ग्राहकों को सामान देने लगे। तभी कोई अज्ञात चोर बाइक चोरी करके ले गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया। गुरुवार को पुलिस कंथरी चौराहा पर चेकिंग कर रही थी। उक्त बाइक के साथ युवक आकर रुका। पुलिस ने जानकारी लेनी चाही तो वह सही जवाब नहीं दे सके।

पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर थाने ले आई। जहां पूछताछ में युवक ने अपना नाम शानू निवासी तुर्तीपुर ईल्हा थाना नखासा जनपद संभल बताया। आरोपी ने बाइक चोरी करने की बात कही।

पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

# एचपीसीएल कांड के बाद दातागंज से हटे सीओ को अब पीएसी भेजा गया

जागरण मोर्चा कार्यालय


सीओ बिल्सी केके तिवारी।


सीओ रजनीश उपाध्याय।

- बिल्सी में तैनात सीओ के के तिवारी अब बांदा पीएससी पहुंचे
- सटोरियों को सह देने वाले सीओ सिटी का कासगंज तबादला
- एनकाउंटर स्पेशलिस्ट रहे सीओ सिटी रजनीश उपाध्याय विवादों में घिरने के बाद हटाए
- संभल में तैनात सीओ आलोक सिद्धू हो सकते हैं सीओ सिटी

**बदायूं।** शासन ने सीओ सिटी व बिल्सी सीओ का गैर जनपद तबादला किया है। बिल्सी सीओ के के तिवारी एचपीसीएल प्लांट में हुई दो अधिकारियों की हत्या के बाद आरोपियों से उनकी नजदीकी मिलने के बाद दातागंज से हटाकर बिल्सी भेजे गए थे। अब उनको बांदा पीएसी में भेजा गया है।इसी के साथ ही सीओ सिटी रहे रजनीश उपाध्याय पर स्टोरियों को बढ़ावा देने के कई आरोप लगे। लोगों का मानना हैं कि इसी के चलते उनको जिले से हटाकर कासगंज भेज दिया है। उनके स्थान पर संभल में तैनात सीओ आलोक सिद्धू को भेजा गया है। वही देवरिया में तैनात सीओ को भी जिले में तैनाती दी गई है।

एचपीसीएल कांड के बाद जनपद में पुलिस महकमे में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल देखने को मिला था। हत्या कांड के समय दातागंज में तैनात सीओ केके तिवारी को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया और उन्हें पीएसी में संबद्ध कर दिया गया है। इसके अलावा सटोरियों को संरक्षण देने के आरोपों में घिरे सीओ सिटी का तबादला कासगंज कर दिया गया है, जिससे महकमे में हलचल तेज हो गई है। बताया जा रहा है कि एनकाउंटर स्पेशलिस्ट के रूप में पहचान रखने वाले सीओ सिटी रजनीश उपाध्याय भी हालिया विवादों में घिरने के बाद जिले से हटा दिए गए हैं। उनके स्थान पर नए अधिकारी की तैनाती की गई है। सूत्रों का कहना है कि संभल में तैनात सीओ आलोक सिद्धू को बदायूं में सीओ सिटी के पद पर भेजा गया है।

इस फेरबदल के तहत दो सीओ को गैर जनपद भेजा गया है, जबकि दो नए अधिकारियों को बदायूं में तैनाती दी गई है। अधिकारियों का मानना है कि यह बदलाव कानून-व्यवस्था को मजबूत करने और विवादित मामलों पर सख्त संदेश देने के उद्देश्य से किया गया है।

पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एचपीसीएल कांड के बाद उठाए गए इस कदम को विभाग की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में अहम माना जा रहा है।

स्थानीय स्तर पर भी इस फेरबदल को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है। लोगों का मानना है कि यदि नए अधिकारी निष्पक्षता और सख्ती से काम करते हैं तो कानून-व्यवस्था में सुधार देखने को मिल सकता है। अब सबकी निगाहें नए अधिकारियों की कार्यशैली पर टिकी हैं।

## सार संक्षेप

### जिलाध्यक्ष ने बिजली घरों का दौरा कर कर्मचारियों को किया जागरूक



**बदायूं।** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निविदा/संविदा कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष ने जन जागरूकता अभियान के तहत बिजली घरों का दौरा कर कर्मचारियों को जागरुक कर 24 जून को शक्ति भवन लखनऊ पर होने वाले प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया। इस दौरान उन्होंने बदायूं शहर, कचहरी, बिल्सी शहर, बिल्सी ग्रामीण, कुरऊं, बिसौली ग्रामीण आदि बिजली घरों का दौरा किया इस दौरान उनके साथ भुवनेश कुमार सिंह, मुसब्बिर अली सिद्दीकी, धीरेंद्र कुमार, जगतपाल आदि मौजूद रहे।

### सड़क पर दौड़ते 'जुगाड़' दे रहे बड़े हादसों को दावत



**ओरछी।** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के मुरादाबाद फर्रुखाबाद राजमार्ग पर ओरछी चौराहे पर ओवरलोडिंग वाहन के चलते एक मोटरसाइकिल जुगाड़ वाहन का अगला हिस्सा अचानक उठ गया सड़क पर हुए इस वाक्य से हाईवे पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी मच गई, और पीछे आ रहे वाहनों के पहिये जहां के तहां थम गए | पुलिस पिकेट के सामने एक मोटरसाइकिल जुगाड़ वाहन क्षमता से अत्यधिक सामान लादकर मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग से गुजर रहा था| जैसे ही वाहन ओरछी चौराहे के समीप पहुंचा ओवरलोडिंग के अत्यधिक दबाव के कारण गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया, और उसका अगला हिस्सा अचानक ऊपर की तरफ उठ गया, वाहन का अगला पहिया हवा में लहरने के कारण गाड़ी सड़क पूरी तरह जाम हो गई | जिससे हाईवे के किनारे अचानक जुगाड़ वाहन के इस तरह खड़े होने से पीछे से तेज गति में आ रहे अन्य वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। गनीमत रही कि पीछे चल रही गाड़ियों के चालकों ने तत्परता और सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत ब्रेक लगा दिए , जिससे गाड़ियां आपस में टकराने से बच गईं |कुछ देर बाद राहगीरों ने धक्का लगवाकर जुगाड़ हटवाया उसके बाद बहाल हुआ यातायात | ओरछी चौराहे पर जाम की स्थिति बनने लगी, जिसे देख मौके पर मौजूद राहगीरों ने हिम्मत दिखाई। राहगीरों ने मिलकर ओवरलोड मोटरसाइकिल जुगाड़ को पीछे से संभाला और धक्का लगाकर गाड़ी के अगले हिस्से को नीचे टिकाया। इसके बाद वाहन को सुरक्षित आगे की ओर रवाना किया गया, तब कहीं जाकर राजमार्ग पर यातायात सामान्य हो सका।

# जन जागरूकता अभियान के सफल संचालन को प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों के साथ की बैठक

## सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान के मूल भाव के साथ संचालित हों जागरुकता कार्यक्रम: प्रभारी मंत्री

जागरण मोर्चा कार्यालय


अधिकारियों के साथ बैठक करते प्रभारी मंत्री। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनपद सहित पूरे प्रदेश में समेकित जनकल्याण एवं जन जागरूकता अभियान 05 जून से 21 जून तक चलाया जाएगा। अभियान के सफल संचालन व क्रियान्वयन के संबंध में प्रदेश सरकार के स्तर से जनपद के प्रभारी मंत्री बनाए गए राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) वन विभाग अरुण कुमार सक्सेना ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जन प्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ बैठक कर अभियान को जन सहभागिता व माइक्रो प्लानिंग के साथ सफल बनाने के निर्देश दिए। कहा कि अभियान अंतर्गत केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं के प्रचार प्रसार के साथ-साथ पात्रों को योजनाओं से लाभान्वित भी किया जाए।

कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आहूत बैठक की अध्यक्षता करते जनपद के प्रभारी मंत्री व प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) वन एवं पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन को मुहैया कराया गया है। उन्होंने कहा कि समस्त कार्यक्रम सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान के मूल भाव के अनुरूप संचालित किए जाएं।

भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि सभी ब्लॉकों में आयोजित होने वाले जन-जनकल्याण शिविर के आयोजन से पूर्व इसका प्रचार प्रसार किया जाए ताकि अधिक से अधिक लोग इन शिवरों का लाभ ले सकें।

बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने कहा कि चौपाल आयोजन के दौरान अधिकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार व पात्रों को उसका लाभ भी पहुंचाएं। जनता से बेहतर समन्वय व संवाद स्थापित करें। जिलाधिकारी अवनीश राय ने जन जागरूकता अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि अभियान का शुरुआत विश्व पर्यावरण दिवस 05 जून से होगी, इस दिन कृषि विज्ञान केंद्र उझानी में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम किया जाएगा।

इस अवसर पर अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक जेके सक्सेना, मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला, जिला वन अधिकारी निधि चौहान, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार, सहायक निदेशक सूचना आशुतोष चन्दोला सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


राहगीरों को लस्सी बांटते समाजसेवी। -जागरण मोर्चा

# समाजसेवियों ने बांटी लस्सी, भीषण गर्मी से राहगीरों को मिली राहत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**वजीरगंज।** भीषण गर्मी के दौरान राहगीरों को राहत पहुंचाने के लिए नगर के समाजसेवियों ने लस्सी का वितरण किया। यह पहल बढ़ती गर्मी से लोगों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से की गई, जिसकी स्थानीय लोगों ने सराहना की। यह सेवा कार्य वजीरगंज स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर पर आयोजित किया गया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एवं समाजसेवी मौजूद रहे, जिन्होंने मिलकर राहगीरों और स्थानीय लोगों को लस्सी का वितरण किया। समाजसेवियों ने बताया कि लगातार बढ़ रहे तापमान को देखते हुए वे प्रतिदिन लोगों की सेवा के लिए लस्सी, दही, शीतल जल और प्याऊ जैसी व्यवस्थाएं कर रहे हैं। इसका उद्देश्य बाजार में आने-जाने वाले लोगों को गर्मी से राहत दिलाना है लस्सी पीने वाले लोगों ने कहा कि भीषण गर्मी के बीच ठंडी लस्सी पीकर उन्हें काफी राहत और ताजगी महसूस हुई। उन्होंने इस सेवा कार्य के लिए समाजसेवियों का आभार व्यक्त किया और इसे मानवता की मिसाल बताया।

# आरोपी अजय प्रताप के ताऊ की 27 दुकानों को गिराएगा प्रशासन

जागरण मोर्चा कार्यालय


इन दुकानों पर होगी कार्रवाई। -जागरण मोर्चा

- आरोपी पर लगाया एक करोड़ रुपये का जुर्माना

**बदायूं।** मूसाझाग थाना क्षेत्र के सैजनी गांव स्थित एचपीसीएल प्लांट में 12 मार्च को हुए चर्चित दोहरे हत्याकांड के बाद दातागंज तहसील प्रशासन लगातार आरोपियों और उनके परिजनों की अवैध संपत्तियों पर कार्रवाई कर रहा है। इसी क्रम में अब प्रशासन ने मुख्य आरोपी अजय प्रताप सिंह के ताऊ राकेश प्रताप सिंह के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का फैसला लिया है।

ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा कर निर्मित की गई 27 दुकानों को ध्वस्त करने का अंतिम आदेश तहसीलदार न्यायालय दातागंज द्वारा जारी कर दिया गया है। इसके साथ ही सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर उसका व्यावसायिक उपयोग करने के आरोप में राकेश प्रताप सिंह पर एक करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

राजस्व विभाग की इस कार्रवाई को जिले में हाल के वर्षों की सबसे बड़ी अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई माना जा रहा है। तहसीलदार विजय शुक्ला ने बताया कि ध्वस्तीकरण की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं और संबंधित दुकानों पर नोटिस चस्पा करा दिए गए हैं। एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई अमल में लाई जा सकती है।

तीन मुकदमों के बाद आया फैसला सैजनी गांव में सड़क किनारे स्थित ग्राम समाज की भूमि पर लंबे समय से अवैध कब्जा कर दुकानें, जमीन और अन्य निर्माण किए जाने की शिकायतें मिल रही थीं। मामले की जांच के बाद क्षेत्रीय लेखपाल हेम सिंह ने राकेश प्रताप सिंह के खिलाफ तहसीलदार न्यायालय दातागंज में तीन अलग-अलग मुकदमे दर्ज कराए थे।

मुकदमों की सुनवाई के दौरान राजस्व विभाग की ओर से अभिलेख, खतौनी और स्थल निरीक्षण रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत की गईं। जांच में सामने आया कि जिस भूमि पर दुकानें बनाई गई हैं, वह ग्राम समाज की श्रेणी में दर्ज है। आरोप है कि इस भूमि पर कब्जा कर व्यावसायिक गतिविधियां संचालित की जा रही थीं, जिससे सरकारी संपत्ति का निजी लाभ के लिए उपयोग हो रहा था। वहीं जो खेती योग्य भूमि राकेश के कब्जे में थी उसे भी प्रशासन ने अपने कब्जे में ले लिया है।

ध्वस्तीकरण की जद में आने वाली दुकानों में उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की एक शाखा भी संचालित हो रही है। प्रशासन ने बैंक प्रबंधन को नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर भवन खाली करने के निर्देश दिए हैं। बैंक को वैकल्पिक स्थान तलाशने और ग्राहकों को असुविधा से बचाने के लिए समय दिया गया है। निर्धारित अवधि समाप्त होने के बाद यदि भवन खाली नहीं किया गया तो प्रशासन नियमानुसार आगे की कार्रवाई करेगा।

न्यायालय की ओर से राकेश प्रताप सिंह को अपना पक्ष रखने और दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए पर्याप्त अवसर दिया गया था। उन्हें 31 मई तक जवाब दाखिल करने का समय दिया गया था। बताया जाता है कि उनकी ओर से अधिवक्ताओं ने न्यायालय में बहस भी की, लेकिन कब्जेदारी को लेकर कोई ठोस साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए जा सके।

मामले की गंभीरता को देखते हुए तहसीलदार विजय शुक्ला ने दोबारा जांच कराने का निर्णय लिया। नायब तहसीलदार के नेतृत्व में लेखपाल हेम सिंह समेत पांच सदस्यीय टीम गठित कर मौके पर पुनः जांच कराई गई। जांच टीम ने अपनी रिपोर्ट में पहले की रिपोर्टों की पुष्टि करते हुए ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा और निर्माण को सही पाया। इसके बाद न्यायालय ने अंतिम आदेश जारी कर दिया है। जल्द ही प्रशासन इन दुकानों को गिरवाने का काम करेगा।

# एचपीसीएल प्लांट के दो अधिकारियों की हत्या के मामले में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ कोर्ट में दाखिल की चार्जशीट

जागरण मोर्चा कार्यालय

- 12 मार्च को दिनदहाड़े हुई थी दो अधिकारियों की हत्या

**बदायूं।** मूसाझाग थाना क्षेत्र के सैजनी गांव में 12 मार्च को हुए सनसनीखेज एचपीसीएल दोहरे हत्याकांड में पुलिस ने 83 दिन की लंबी विवेचना के बाद बुधवार को 755 पन्नों का आरोपपत्र न्यायालय में दाखिल कर दिया। बहुप्रतीक्षित इस आरोपपत्र में मुख्य आरोपी अजय प्रताप सिंह समेत पांच लोगों को आरोपी बनाया गया है।

पुलिस ने अजय प्रताप सिंह को घटना में मुख्य शूटर बताते हुए हत्या का आरोपी माना है। उसके सगे भाई केशव प्रताप सिंह, तहेरे भाई अभय प्रताप सिंह उर्फ कल्लू, धर्मेंद्र तथा मुनेंद्र विक्रम पर हत्या की साजिश रचने और घटना को अंजाम दिलाने में सहयोग करने के आरोप पाए गए। मामले की विवेचना करने वाले मूसाझाग थाने के इंस्पेक्टर वीरेंद्र तोमर ने बताया कि करीब 755 पन्नों का आरोपपत्र मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) न्यायालय में दाखिल किया गया है।

घटना 12 मार्च 2026 को हुई थी। सीबीजी प्लांट में उस समय अफरातफरी मच गई थी, जब परिसर में घुसकर दो अधिकारियों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतकों में प्लांट के उप महाप्रबंधक सुधीर गुप्ता और सहायक मुख्य प्रबंधक हर्षित मिश्रा शामिल थे। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से पूरे जिले में सनसनी फैल गई थी। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे थे। घटना की गंभीरता को देखते हुए कई पुलिस टीमें गठित की गई थीं और मामले की जांच तेज गति से शुरू कर दी गई थी।

वारदात को अंजाम देने के बाद मुख्य आरोपी अजय प्रताप सिंह स्वयं मूसाझाग थाने पहुंच गया था और पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया था। हालांकि गिरफ्तारी के बाद जब पुलिस उसे हत्या में प्रयुक्त तमंचे की बरामदगी के लिए लेकर गई, तब उसने पुलिस टीम पर ही फायरिंग कर दी थी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में उसके दोनों पैरों में गोलियां लगी थीं। घायल अवस्था में उसे गिरफ्तार कर इलाज के बाद जेल भेज दिया गया था। सूत्रों के अनुसार, विवेचना के दौरान दर्जनों लोगों से पूछताछ की गई और घटनाक्रम को तकनीकी साक्ष्यों के माध्यम से जोड़कर आरोपपत्र तैयार किया गया। पुलिस ने अदालत को यह बताने का प्रयास किया है कि घटना कैसे हुई, किन परिस्थितियों में हुई और इसमें किन-किन लोगों की क्या भूमिका रही

# बैंक के बड़े बकायदारों को अधिकारियों ने चेताया, कर्ज जमा न करने पर होगी कार्रवाई

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बिसौली।** सरकारी बैंकों से कर्जा लेकर जमा न करने वाले डिफाल्टर बकायादारों के खिलाफ तहसील प्रशासन ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। इस दौरान राकेश बाबू, अलबेले सिंह, अरविन्द एवं सुरेंद्र सिंह आदि के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

बृहस्पतिवार को नायब तहसीलदार मो. हारिस खान और पीएनबी शाखा बिसौली के प्रबंधक विवेक कुमार वर्मा के नेतृत्व में बैंक व राजस्व टीम ने बड़े बकायादारों के विरुद्ध अभियान चलाया। बैंक व तहसील प्रशासन की कार्यवाही से बकायादारों में हड़कंप मच गया। नायब तहसीलदार मो. हारिस खान ने बताया कि एसडीएम श्री साई आश्रित शाख मुरी एवं तहसीलदार के निर्देश पर क्षेत्र में बसूली अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अन्य बकायादारों को भी नोटिस जारी कर चेतावनी दी गई है, कि समय रहते बकाया राशि जमा कर दें। अन्यथा उनके खिलाफ भी आरसी की कार्रवाई कर संपत्ति जब्त और कुर्क की करवाई की जाएगी।

इस दौरान पीएनबी के शाखा प्रबंधक विवेक कुमार वर्मा ने बकायादारों को आगाह किया कि अगर समय पर कर्ज नहीं चुकाया गया तो तहसील प्रशासन द्वारा संपत्ति कुर्क की जाएगी। इस दौरान अंकित शर्मा, आकाश कुमार, संग्रह अमीन कुंवरपाल, अवधेश कुमार, कौशल कुमार आदि उपस्थित रहे।

**उत्पीड़न** न्यायालय में प्रभारी के पद पर तैनात इंस्पेक्टर पर प्रताड़ना का आरोप, बेटे ने लगाया आरोप आस्था पर उठाते थे सवाल

# न्यायालय सुरक्षा प्रभारी तिलक लगाने पर करते थे एतराज, कसते थे तंज

जागरण मोर्चा कार्यालय


रोते-बिलखते दरोगा के परिजन। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** न्यायालय सुरक्षा में तैनात एसआई द्वारा की गई आत्महत्या के मामले में एक नया मोड़ सामने आया है। बेटे ने आरोप लगाते हुए बताया कि न्यायालय सुरक्षा प्रभारी उनके पिता को तिलक लगाने पर ऐतराज जताते थे। बार-बार तंज करते थे और आस्था पर कुठाराघात करने का काम करते थे, जिससे पिता मानसिक परेशान हो गए थे। कई बार उन्होंने इस बात का जिक्र घर पर किया तो घर वालों ने उन्हें समझा दिया था। आरोप है कि बार-बार प्रताड़ना से परेशान होकर उन्होंने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। अब इस मामले में पुलिस की जांच में अगर यह सामने आता है तो प्रभारी इंस्पेक्टर पर कार्रवाई तय मानी जा रही है।

मूलरूप से मथुरा जिले के गोविंदनगर निवासी दरोगा मेघश्याम गौतम (52 वर्ष) पुत्र रतनलाल गौतम बदायूं शहर के मधुबनी कॉलोनी में किराये के कमरे में रहते थे। गुरुवार को उन्होंने अपने प्रभारी की प्रताड़ना से परेशान होकर फंदा लगाकर अपने किराये के मकान में आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही पुलिस महकमा में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। परिजनों को घटना की सूचना दी तो रोते बिलखते परिजन दोपहर तक पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए। बेटे ने आरोप लगाते हुए कहा कि उनके पिता बिल्कुल स्वस्थ थे और परिवार में किसी प्रकार की कोई कलह नहीं थी। अभी कुछ दिन पहले ही एक शादी समारोह में पूरा परिवार एकत्र हुआ था। तब उन्होंने बताया कि ड्यूटी को लेकर प्रभारी इंस्पेक्टर उनको प्रताड़ित करते हैं। जब वह तिलक लगाकर ड्यूटी पर पहुंचते हैं तो तरह-तरह के तंज कसे जाते हैं। उनकी आस्था को ठेस पहुंचती है, लेकिन नौकरी का सवाल है इसलिए वह जवाब नहीं देते। इसी प्रताड़ना के चलते उन्होंने आत्महत्या जैसा कदम उठाया है।

### दरोगा की मौत से सिस्टम पर खड़े हुए सवाल,बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

**बदायूं।** जिले के न्यायालय की सुरक्षा में तैनात दारोगा मेघ श्याम गौतम ने फंदे पर लटककर आत्महत्या करने का मामला बेहद दुखद और विचलित करने वाली घटना है। जब कानून और सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने वाले ही विभाग के भीतर के मानसिक दबाव और उत्पीडन का शिकार होने लगते हैं तो यह पूरी व्यवस्था पर एक गंभीर सवाल खड़ा करता है। सबसे बड़ा नुकसान दरोगा के परिवार का हुआ,जिसने अपने कमाने वाले और परिवार के मुखिया को असमय खो दिया। दारोगा की मौत से दो बेटों व एक बेटी के भविष्य जहां अंधकार में चला गया,वहीं बच्चों के सिर से पिता का अचानक साया उठना विचलित करने वाला है। दरोगा के परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटे व एक बेटी हैं। जिसमें एक बेटे की शादी हो चुकी है। पिता की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिवार का कहना है कि इंस्पेक्टर के खिलाफ निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। ताकि विभाग में अन्य कर्मियों को ऐसा कदम उठाने से रोका जा सके।

# सम्पादकीय

## चेतना का क्षरण रोकिए: ओजस संरक्षण और संपूर्ण स्वास्थ्य रक्षा का आयुर्वेदिक मार्ग: कुलदीप

डॉ. कुलदीप सिंह चौहान आयुर्वेद मनोचिकित्सक, मर्म उद्दीपक बताते हैं कि आधुनिकता की अंधी दौड़ में मानव ने भौतिक सुख-साधनों का अंबार तो खड़ा कर लिया है, लेकिन इस प्रक्रिया में उसने अपनी सबसे अनमोल पूंजी आंतरिक ऊर्जा और आध्यात्मिक कमाई को दांव पर लगा दिया है। चिकित्सा विज्ञान आज भले ही शारीरिक व्याधियों के नित नए उपचार ढूंढ रहा हो, परंतु जब तक हम मन और आत्मा के स्तर पर हो रहे ऊर्जा के रिसाव को नहीं रोकेंगे, तब तक पूर्ण स्वास्थ्य की कल्पना बेमानी है। आयुर्वेद के शाश्वत वास्तुकला में इस सर्वोच्च जीवन शक्ति को 'ओजस' कहा गया है। आज का सबसे बड़ा संकट इसी ओजस की सूक्ष्म चोरी है, जिसे रोकना हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए।ऋषियों ने सदियों पहले चेतना के इस क्षरण को पहचान लिया था। आयुर्वेद के सद्वृत्त (सदाचार) और आचार रसायन का सिद्धांत केवल नैतिक शिक्षा नहीं, बल्कि एक गहन न्यूरो-बायोलॉजिकल सुरक्षा कवच है। जब हम क्रोध, ईर्ष्या, भय, और लोभ जैसे मानसिक वेगों के वशीभूत होते हैं, तो हमारे शरीर के सूक्ष्म ऊर्जा तंत्र में गहरा रिसाव होता है।एक आयुर्वेद मनोचिकित्सक के रूप में, मैं पाता हूँ कि आधुनिक विधाएं जैसे न्यूरो-लिंग्विस्टिक प्रोग्रामिंग और इमोशनल फ्रीडम तकनीक वास्तव में हमारे प्राचीन मन-नियंत्रण के विज्ञान का ही पूरक हैं। इनके माध्यम से हम मस्तिष्क के उन पुराने पैटर्न्स को री-वायर कर सकते हैं जो हमारी आध्यात्मिक कमाई को नष्ट करते हैं।

***हार्टफुलनेस जीवनशैली: आत्मिक ऊर्जा का अभेद्य कवच***

इस आध्यात्मिक कमाई की चोरी को रोकने और ऊर्जा के रिसाव पर पूर्ण विराम लगाने में हार्टफुलनेस जीवनशैली एक अचूक ढाल की तरह काम करती है। यह पद्धति केवल ध्यान नहीं, बल्कि हृदय-आधारित जीवन जीने की एक वैज्ञानिक कला है। दिनभर की मानसिक भागदौड़, नकारात्मक विचारों और तनाव के कारण हमारी आत्मा की जो ऊर्जा बिखराव का शिकार होती है, उसे हार्टफुलनेस की 'क्लीयरिंग' (सफाई प्रक्रिया) के माध्यम से पूरी तरह शुद्ध किया जा सकता है।

यह दैनिक अभ्यास मन की जटिलताओं और ग्रंथियों को हटाकर आंतरिक चेतना के द्वार पर एक अभेद्य पहरा बिठा देता है। जब हृदय में ध्यान की गहराई उतरती है, तो इच्छाओं का नियमन होता है और अहंकार स्वतः शांत होने लगता है। परिणामस्वरूप, हमारी संचित आध्यात्मिक ऊर्जा (ओजस) व्यर्थ की प्रतिक्रियाओं और मानसिक विकारों में बहने से बच जाती है, जिससे शरीर को एक दिव्य और निरंतर ऊर्जा प्राप्त होती रहती है।

***मर्म उद्दीपक चिकित्सा: प्राण का पुनरुत्थान***

मानव शरीर केवल मांस और मज्जा का ढांचा नहीं है, बल्कि यह १०७ ऊर्जा केंद्रों (मर्म स्थानों) का एक जीवंत नक्शा है। मानसिक आघात या दीर्घकालिक तनाव के कारण इन केंद्रों में प्राण वायु का प्रवाह अवरुद्ध हो जाता है। यहीं पर मर्म उद्दीपक चिकित्सा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है।एक कुशल मर्म उद्दीपक जब इन सूक्ष्म बिंदुओं को जागृत करता है, तो अवरुद्ध पड़ी जीवनी शक्ति पुनः प्रवाहित होने लगती है। जब इस चिकित्सा को पास्ट लाइफ रिग्रेशन थेरेपी के साथ जोड़ा जाता है, तो यह आत्मा के गहरे अचेतन स्तर पर बैठे पुराने भयों और मानसिक ग्रंथियों को जड़ से उखाड़ फेंकती है। यह विज्ञान तन और मन के सेतु को मजबूत करने का अचूक साधन है।

***त्रिदोष संतुलन: ऋतु और प्रकृति का सामंजस्य***

संपूर्ण स्वास्थ्य रक्षा की चौथी धुरी है वात, पित्त और कफ का सामंजस्य। यदि हमारा खान-पान हमारी शारीरिक प्रकृति के विपरीत है, तो वह भोजन ओजस न बनकर 'आम' (विषाक्त तत्व) में बदल जाता है, जो रोगों की जड़ है।वात (वायु + आकाश) जिनकी प्रकृति में सूखापन, चिंता और अनिद्रा है, उन्हें गर्म, स्निग्ध (घी-तेल युक्त) और भारी भोजन की आवश्यकता होती है। अदरक, लहसुन और सुपाच्य अनाज इनके रक्षक हैं।

***पित्त (अग्नि + जल)***

अत्यधिक क्रोध, एसिडिटी और त्वचा विकारों से घिरे व्यक्तियों को ठंडी तासीर वाले, मीठे और कड़वे खाद्य पदार्थों (जैसे नारियल पानी, सौंफ, लौकी) का सेवन करना चाहिए। मिर्च-मसालों का पूर्ण त्याग ही इनका उपचार है।कफ (पृथ्वी + जल) आलस्य, भारीपन और कफ की अधिकता वाले लोगों के लिए हल्का, सूखा, गर्म और कड़वा-कसैला भोजन (जैसे जौ, बाजरा, काली मिर्च, सोंठ) वरदान साबित होता है। उन्हें मिठाइयों और ठंडे पेयों से दूरी बनानी होगी।

***स्वस्थ जीवन के शाश्वत नियम***

स्वास्थ्य कोई मंज़िल नहीं, बल्कि एक दैनिक यात्रा है। भोजन हमेशा पूर्ण भूख लगने पर, शांत चित्त से और गैजेट्स (मोबाइल/टीवी) से दूर रहकर करें। अनुलोम-विलोम और भ्रामरी प्राणायाम के माध्यम से प्राण का विस्तार करें। सबसे महत्वपूर्ण, रात्रि को विश्राम से पूर्व समूचे ब्रह्मांड के प्रति कृतज्ञता (आभार) व्यक्त करें।



डॉ. कुलदीप चौहान

जब हम आयुर्वेद के त्रिदोष सिद्धांत, मर्म उद्दीपक विज्ञान, हार्टफुलनेस जीवनशैली और आधुनिक थेरेपीज का एक एकीकृत उपयोग करते हैं, तभी हम अपनी आध्यात्मिक कमाई की चोरी को रोक पाते हैं। सुरक्षित ओजस ही वह दिव्य ढाल है जो हमें दीर्घायु, तेजस्विता और संपूर्ण स्वास्थ्य प्रदान करती है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम इस समग्र दृष्टिकोण को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएं।

# शांग्री-ला संवाद के चार प्रमुख संदेश



■ पवन चौरसिया

भू राजनीति के विषय पर होने वाले कार्यक्रमों और संवादों में से 'शांग्री-ला डायलाग' को विश्व के कुछ सबसे महत्वपूर्ण सुरक्षा संवादों में से एक माना जाता है। और इसके अनेकों कारण भी हैं। अकादमिक कॉन्फ्रेंस या कूटनीतिक शिखर सम्मेलनों से अलग सिंगापुर में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला यह संवाद हिंद-प्रशांत क्षेत्र और उससे बाहर के देशों के रक्षा मंत्रियों, सैन्य कमांडरों, नीति निर्माताओं और रणनीतिक विशेषज्ञों को एक साथ एक मंच पर लाता है। इसका आयोजन ब्रिटेन के लंदन स्थित इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्ट्रेटेजिक स्टडीज (आईआईएसएस) और सिंगापुर के रक्षा मंत्रालय द्वारा किया जाता है।

इस संवाद की प्रासंगिकता सिर्फ मंच से दिए जाने वाले भाषणों में ही नहीं, बल्कि इसके साथ-साथ होने वाली उच्च-स्तरीय बातचीत के कारण भी है। पिछले कुछ सालों में यह एक ऐसे अहम मंच के तौर पर उभरा है जहां सरकारें अपनी सुरक्षा चिंताओं को जाहिर करती हैं, रणनीतिक इरादों को सार्वजनिक करती हैं और रक्षा कूटनीति में हिस्सा लेती हैं। परिणामस्वरूप यह संवाद एशिया में मौजूदा सुरक्षा माहौल का एक अहम पैमाना है और अक्सर उभरते हुए भू-राजनीतिक रुझानों के प्रारंभिक संकेत देता है। सिंगापुर में 29-30 मई को आयोजित संवाद के तेईसवें संस्करण में इस बार चालीस से अधिक देशों के लगभग 550 प्रतिनिधि एक साथ आए, जिनमें रक्षा मंत्री, वरिष्ठ सैन्य अधिकारी और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि शामिल थे। वैसे तो इस आयोजन में कई विषयों और मुद्दों पर व्यापक चर्चा हुई, परन्तु भू-राजनीति की दृष्टि से इस संवाद से चार महत्वपूर्ण सन्देश निकल कर आए हैं, जिनको समझना अत्यंत आवश्यक है।

**हिन्द-प्रशांत क्षेत्र बनता भू-राजनीतिक का सबसे प्रासंगिक केंद्र**

इस संवाद से निकला सबसे जरूरी सन्देश था हिन्द-प्रशांत क्षेत्र का वैश्विक भू-राजनीति का केंद्र के रूप में स्थापित होना। सनद रहे कि बीते कुछ वर्षों से जिस तरह से चीन तेजी से शक्तिशाली हुआ है और उसने अमरीका के वर्चस्व को चुनौती देना शुरू किया है, उससे यह तो साफ हो गया है कि अब हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में होने वाली हर गतिविधि के प्रभाव पूरे विश्व पर पड़ेगा। इस क्षेत्र में स्थित अमेरिका, चीन, जापान, भारत और आसियान जैसे देशों की नीतियां इस क्षेत्र को भविष्य की आर्थिक व्यवस्था का निर्धारक बना रही हैं। इसके साथ-साथ यह क्षेत्र दुनिया के कुछ सबसे व्यस्त समुद्री मार्गों और महत्वपूर्ण समुद्री संकरे रास्तों का इलाका भी है, जिनसे होकर वैश्विक व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति का एक बड़ा हिस्सा गुजरता है। वैसे भी होरमुज संकट ने समुद्री मार्गों और महत्वपूर्ण समुद्री संकरे रास्तों की महत्ता को जग जाहिर कर ही दिया है। ऐसे में यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि भविष्य में 'शक्ति संतुलन' और महाशक्तियों के बीच की प्रतिद्वंद्विता काफी हद तक हिंद-प्रशांत क्षेत्र में ही निर्धारित होगी।




**चीन का आक्रामक रवैया क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा**

इस वर्ष का संवाद वस्तुतः चीन के इर्द-गिर्द ही घूमता रहा। गौरतलब है कि अमरीकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने चीन को प्रशांत क्षेत्र में क्षेत्रीय संतुलन न बिगाड़ने की चेतावनी देते हुए कहा कि अमरीका की राष्ट्रीय रक्षा रणनीति पेंटागन को प्रशांत क्षेत्र में एक स्थायी और अनुकूल शक्ति संतुलन हासिल करने का निर्देश देती है, जिससे चीन का सैन्य निर्माण और सैन्य गतिविधियों का विस्तार चिंताजनक हो जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका और उसके क्षेत्रीय सहयोगी इस सुरक्षा वातावरण का स्पष्ट आकलन करते हैं और इस बात से सहमत हैं कि किसी भी महाशक्ति द्वारा प्रशांत क्षेत्र पर प्रभुत्व स्थापित होने से क्षेत्रीय शक्ति संतुलन बिगड़ जाएगा। इसके अलावा जापान और अन्य देशों के वक्तव्यों में भी चीन की सैन्य शक्ति और क्षेत्रीय प्रभाव मुख्य विषय रहे। ऑस्ट्रेलिया और उसके सहयोगी देशों ने चीन के तीव्र सैन्य विस्तार पर बार-बार चिंता जताई, जिसे व्यापक रूप से द्वितीय विश्व युद्ध के बाद का सबसे बड़ा पारंपरिक सैन्य विस्तार माना जाता है। इन देशों का तर्क है कि इस सैन्य वृद्धि के अनुरूप पर्याप्त पारदर्शिता नहीं बरती गई है और न ही चीन के दीर्घकालिक इरादों के बारे में कोई आश्वासन दिया गया है।

**एशिया एक नए शीत युद्ध का दौर नहीं चाहता**

शांग्री-ला संवाद का तीसरा और शायद सबसे महत्वपूर्ण संदेश यह था कि एशिया के अधिकांश देश अमेरिका और चीन के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा को लेकर चिंतित हैं, और वे इस प्रतिस्पर्धा को एक नए शीत युद्ध में बदलते हुए नहीं देखना चाहते। यद्यपि क्षेत्र के कई देशों को चीन की बढ़ती सैन्य शक्ति और आक्रामकता को लेकर चिंता है, फिर भी वे चीन के साथ अपने आर्थिक संबंधों को बनाए रखना चाहते हैं। इसी प्रकार वो अमेरिका की सुरक्षा भूमिका का स्वागत तो करते हैं, लेकिन किसी सैन्य गुट का हिस्सा बनकर चीन-विरोधी मोर्चे में शामिल होने से बचना भी चाहते हैं।

शांग्री-ला संवाद में उपस्थित आसियान देशों, विशेषकर वियतनाम, इंडोनेशिया, मलेशिया एवं सिंगापुर के प्रतिनिधियों ने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से यह स्पष्ट किया कि उनकी प्राथमिकता 'पक्ष चुनना' नहीं बल्कि 'संतुलन बनाए रखना' है। एक ओर जहां इन देशों की अर्थव्यवस्थाएं चीन से गहराई तक जुड़ी हुई हैं, वहीं दूसरी ओर उनकी सुरक्षा व्यवस्था में अमेरिका की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए वे ऐसी किसी व्यवस्था का समर्थन नहीं करते जिसमें उन्हें दोनों में से किसी एक को चुनना पड़े। यह संदेश केवल आसियान देशों तक सीमित नहीं था। भारत और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों ने भी अलग-अलग रूपों में यह संकेत दिया कि वे नियम-आधारित व्यवस्था और क्षेत्रीय स्थिरता का समर्थन करते हैं, लेकिन वे एक कठोर द्विध्रुवीय व्यवस्था नहीं चाहते जिसमें पूरी दुनिया को दो विरोधी खेमों में बांट दिया जाए।

**रक्षा व्यय बढ़ाने को लेकर बनती आम सहमति**

इस संवाद के दौरान हुए भाषणों से यह समझ आने लगा है की लगभग सभी देशों ने यह बात स्वीकार कर ली है कि उन्हें अपनी रक्षा पर अधिक खर्च करना होगा। जापान, फिलीपींस और नीदरलैंड जैसे साधारण रूप से युद्ध और सैन्य विषयों से दूर रहने वाले देश तक इस दिशा में आवंटन बढ़ाने की योजना बना रहे हैं। अमेरिकी युद्ध सचिव पीट हेगसेथ ने तो अपने संबोधन में कहा कि देशों को अपनी जीडीपी का कम से कम 3.5% रक्षा पर खर्च करना चाहिए। यहां तक कि न्यूजीलैंड जैसे देश, जो रक्षा खर्च के मामले में इस आंकड़े से बहुत नीचे है, ने भी इस क्षेत्र में अपना खर्च बढ़ा दिया है और इसका समर्थन कर रहा है। सम्मलेन में डच उप प्रधानमंत्री ने तो यहां तक कह दिया कि देशों से अधिक खर्च करने के लिए कहना अमेरिका का 'सही' कदम है। उन्होंने यह भी कहा कि यूक्रेन पर रूस के आक्रमण ने डच जनता के दृष्टिकोण को इस दिशा में बदल दिया है। कनाडा की रक्षा प्रमुख ने भी कहा कि कोई भी देश अकेले वैश्विक सुरक्षा बनाए रखने के लिए सब कुछ नहीं कर सकता और एक-दूसरे की क्षमताओं को पूरा करने के लिए एकजुट होने की क्षमता बेहद महत्वपूर्ण है, लेकिन इसके लिए आपके पास अपनी रक्षा व्यवस्था होनी चाहिए।

**वैश्विक शांति बनाए रखना है आवश्यक**

इस साल के शिखर सम्मेलन में चीन ने लगातार दूसरे वर्ष अपने रक्षा मंत्री को नहीं भेजा। क्षेत्रीय सुरक्षा की दृष्टि से एक संवेदनशील समय पर वरिष्ठ चीनी रक्षा अधिकारियों की अनुपस्थिति सामने आई है। शांग्री-ला संवाद जैसे मंचों पर उच्च स्तरीय प्रत्यक्ष सहभागिता की कमी संवाद के माध्यम से गलतफहमियों को कम करने, विश्वास बढ़ाने और बढ़ते तनावों को प्रबंधित करने के अवसरों को सीमित करती है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र के देशों, विशेषकर छोटे राज्यों के लिए वरिष्ठ चीनी प्रतिनिधित्व की अनुपस्थिति क्षेत्रीय सुरक्षा और दीर्घकालिक रणनीतिक संतुलन के बारे में अनिश्चितता बढ़ा सकती है। ऐसे में यह आवश्यक है कि वैश्विक शांति के लिए सैन्य महाशक्तियां ऐसे मंचों पर साथ आकर आपस में संवाद जारी रखें।

**(लेखक इंडिया फाउंडेशन नई दिल्ली के शोधार्थी हैं)**

# नदियों के प्रदूषित होने से रोकने में कितना कामयाब है नमामि गंगे कार्यक्रम

भारत में मजबूत विधिक प्रावधानों के बावजूद कमजोर प्रवर्तन, खराब समन्वय और अपर्याप्त अवसंरचना के कारण नदी प्रदूषण की समस्या बनी हुई है। पिछले कुछ वर्षों में नदियों और अन्य जल निकायों पर पानी की बढ़ती मांग के कारण गंगा नदी जैसे कई नदियों के जल की गुणवत्ता में गिरावट आई है। जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभाव से स्थिति और भी गंभीर होने की आशंका है। इसलिए बहुत पहले ही स्थिति की गंभीरता को देखते हुए भारत सरकार ने गंगा नदी और उसकी सहायक नदियों के पुनरुद्धार के लिए वर्ष 2014-15 में नमामि गंगे कार्यक्रम (एनजीपी) शुरू किया था, जो मार्च 2021 तक पांच वर्षों के लिए था और जिसका और विस्तार कर दिया गया है। नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत, गंगा नदी को स्वच्छ और इसका पुनरुद्धार करने के लिए विविध और समग्र उपाय किए जाते हैं, जिनमें अपशिष्ट जल उपचार, नदी तट प्रबंधन, ई-प्रवाह सुनिश्चित करना, ग्रामीण स्वच्छता, वृक्षारोपण, जैव विविधता संरक्षण और जन भागीदारी शामिल हैं। केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय द्वारा संसद में पेश आंकड़ों के अनुसार फरवरी 2026 तक, कुल 524 परियोजनाओं को 43,030 करोड़ रुपए की लागत से स्वीकृत किया गया, जिनमें से 355 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। अब तक एनआरसीपी ने देश के 17 राज्यों में फैले 100 शहरों की 58 नदियों को कवर किया है और 3,019 मिलियन लीटर (एमएलडी) प्रतिदिन की सीवेज उपचार क्षमता का सृजन किया है। ज्ञात हो कि गंगा बेसिन 11 राज्यों में फैला हुआ है, जो भारत के 27 फीसदी भूमि क्षेत्र को कवर करता है और 47 फीसदी जनसंख्या को पोषण प्रदान करता है। दक्षिण भारत के तेलंगाना में मूसी नदी, गोदावरी, कृष्णा, नर्मदा, कावेरी, महानदी और पेरियार नामक छह नदी बेसिनों की प्रदूषण मुक्ति के लिए कार्य चल रहा है।



■ एस.एन. वर्मा

नमामि गंगे कार्यक्रम के अलावा केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी), गंगा नदी के पांच मुख्य धारा वाले राज्यों उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल में 112 स्थानों पर गंगा नदी की जल गुणवत्ता की मैन्युअल निगरानी करता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की प्रदूषित नदी खंडों (पीआरएस) पर वर्ष 2018 और वर्ष 2025 की रिपोर्टों के अनुसार गंगा नदी के मुख्य प्रवाह की जल गुणवत्ता में सुधार हुआ है। इसके अतिरिक्त वर्ष 2025 (जनवरी से अगस्त) के दौरान गंगा नदी के जल गुणवत्ता आंकड़ों (मीडियन वैल्यू) के आधार पर यह पाया गया है कि गंगा नदी के सभी स्थानों पर पीएच और घुलीय ऑक्सीजन (डीओ) स्नान मानदंडों के लिए निर्धारित मानकों को पूरा करते हैं। तथापि, उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद से कानपुर में पुराना राजापुर, रायबरेली में डलमऊ और मिर्जापुर अनुप्रवाह से तारीघाट, गाजीपुर के स्थानों व हिस्सों को छोड़कर उत्तराखंड, झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल में गंगा नदी के पूरे प्रवाह में जैव-रासायनिक ऑक्सीजन मांग (बीओडी) मानकों के अनुरूप पाया गया है। वर्ष 2024-25 के दौरान गंगा नदी और उसकी सहायक नदियों के किनारे 50 स्थानों पर और यमुना नदी और उसकी सहायक नदियों के किनारे 26 स्थानों पर की गई जैव निगरानी के अनुसार, जैविक जल गुणवत्ता (बीडब्ल्यूक्यू) मुख्य रूप से अच्छी से मध्यम रही।



नदियों की सफाई एक सतत प्रक्रिया है और यह राज्य सरकारों व संघ राज्य क्षेत्रों, स्थानीय निकायों और उद्योगों की प्राथमिक जिम्मेदारी है कि वे प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण के लिए नदियों और अन्य जल निकायों में सीवेज और औद्योगिक अपशिष्टों के निर्वहन से पहले उनका आवश्यक उपचार सुनिश्चित करें। नमामि गंगे कार्यक्रम और एनआरसीपी दोनों के तहत, गंगा और देश की अन्य नदियों को साफ करने और संरक्षित करने के प्रयासों में जनता के बीच जिम्मेदारी और सहभागिता की भावना को बढ़ावा देने के लिए व्यापक जन जागरूकता अभियान भी इन कार्यक्रमों के तहल चलाए गए हैं, जिनमें शैक्षिक सामग्री, सामुदायिक संपर्क, स्कूल कार्यक्रम, जनसंचार अभियान, सफाई अभियान और ऑनलाइन सहभागिता शामिल हैं। स्वच्छता पखवाड़ा गंगा उत्सव, गंगा रन, गंगा राफ्टिंग अभियान, ट्रेकिंग, वृक्षारोपण अभियान, घाट पर योग, गंगा आरती सामाजिक संदेश के साथ घाट पे हाट और कई अन्य ऐसी गतिविधियां भी आयोजित की जा रही हैं।

उच्चतम न्यायालय ने भी प्रदूषित नदियों को लेकर काफी टिप्पणियां की थी पर वर्ष 2021 से स्वतः संज्ञान कार्यवाही बंद कर दी है और प्राथमिक निगरानी की जिम्मेदारी राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण को सौंप दी है। न्यायालय का मानना था कि एनजीटी जैसे विशेष न्यायाधिकरण इन स्थितियों की निरंतर निगरानी करने के लिए बेहतर रूप से सक्षम हैं। एमसी मेहता बनाम भारत संघ, 1987 वाद में उच्चतम न्यायालय ने प्रदूषण मुक्त वातावरण में रहने के अधिकार को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के मूल अधिकार का हिस्सा माना है। इस वाद के तहत, उच्चतम न्यायालय ने उद्योगों को तब तक के लिए गंगा नदी में प्रदूषणकारी अपशिष्ट छोड़ने से रोक दिया जब तक कि वे उपचार संयंत्र स्थापित नहीं कर लेते।

असल में कड़े पर्यावरण कानूनों के लागू होने के बावजूद, कर्मचारियों की कमी और खराब निगरानी के कारण उद्योगों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पाती है। उदाहरण के लिए यमुना नदी के किनारे स्थित कारखाने सख्त विनियामक निगरानी के अभाव में नियमित रूप से बिना शोधन किए अपशिष्ट को नदी में डंप करते हैं। भारत का 60 फीसदी से अधिक सीवेज बिना शोधन के सीधे नदियों में प्रवाहित हो जाता है। नदी प्रबंधन में कई एजेंसियों की भागीदारी से कार्यों का ओवरलैप और प्रशासनिक अक्षमता उत्पन्न होती है। उदाहरण के लिए, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड प्रायः स्थानीय नगरपालिका अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करने में विफल रहते हैं, जिससे अवैध अपशिष्ट निपटान पर कार्रवाई धीमी हो जाती है। विस्तृत परियोजना रिपोर्टों की स्वीकृति में देरी, कार्यान्वयन की धीमी गति और निधि का कम उपयोग देखा गया है। उदाहरण के लिए वर्ष 2024-25 तक नमामि गंगे कार्यक्रम के लिए आवंटित धन का केवल 69 फीसदी ही उपयोग किया गया था।

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार व स्तंभकार हैं)**

कलम से...



आनन्द प्रकाश गुप्ता

# पोस्टमार्टम से आगे : आखिर किसने रचा यह षड्यंत्र

**केंद्र सरकार ने 10 अगस्त 2017 को एक राजपत्र अधिसूचना जारी कर अप्रशिक्षित शिक्षकों को 31 मार्च 2019 तक डीएलएड प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर दिया था।**

29 मई 2026 को सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए निर्णय के बाद यह लगभग स्पष्ट हो चुका है कि टीईटी अनिवार्यता विवाद में सेवारत शिक्षकों की कोई प्रत्यक्ष गलती नहीं थी। यदि इस पूरे प्रकरण में किसी की भूमिका सबसे अधिक सवालों के घेरे में है तो वह केंद्र सरकार की है। लेकिन अब सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि आखिर केंद्र सरकार से यह सब किसने कराया?

केंद्र सरकार ने 10 अगस्त 2017 को एक राजपत्र अधिसूचना जारी कर अप्रशिक्षित शिक्षकों को 31 मार्च 2019 तक डीएलएड प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर दिया था। तत्कालीन केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने संसद में भी स्पष्ट रूप से केवल डीएलएड प्रशिक्षण पूरा करने की बात कही थी, टीईटी उत्तीर्ण करने की नहीं। उनका यह वीडियो आज भी सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है।

लेकिन 17 अक्टूबर 2017 को एक अन्य राजपत्र अधिसूचना जारी की गई, जिसने आगे चलकर पूरे विवाद की नींव रखी। इस अधिसूचना में कहा गया कि शिक्षक चार वर्षों के भीतर "निर्धारित योग्यताएं पूरी कर लें। किंतु यह नहीं बताया गया कि इन निर्धारित योग्यताओं में क्या-क्या शामिल है। न कोई स्पष्टीकरण जारी किया गया और न ही राज्यों को कोई व्याख्यात्मक निर्देश भेजे गए। आठ वर्ष बाद, वर्ष 2025 में इसी अधिसूचना की ऐसी व्याख्या न्यायालय में प्रस्तुत की गई, जिसने लाखों शिक्षकों के भविष्य को प्रभावित कर दिया।यह अधिसूचना राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद की संस्तुति पर मानव संसाधन विकास मंत्रालय के माध्यम से जारी हुई थी। ऐसे में यह प्रश्न पूरी तरह प्रासंगिक है कि ने कभी यह स्पष्ट क्यों नहीं किया कि टीईटी को वह "योग्यता" मानता है या पात्रतादरअसल, योग्यता और पात्रता में मूलभूत अंतर होता है। योग्यता के लिए सामान्यतः सभी अभ्यर्थियों पर समान मानक लागू होते हैं, जबकि पात्रता परीक्षा में विभिन्न वर्गों के लिए अलग-अलग उत्तीर्णांक निर्धारित किए जा सकते हैं। टीईटी में यही व्यवस्था लागू है।

इसी आधार पर यह तर्क दिया जाता है कि टीईटी एक पात्रता परीक्षा है, न कि शैक्षणिक योग्यता।इसके अतिरिक्त टीईटी की अनिवार्यता आरटीई व्यवस्था लागू होने के बाद अस्तित्व में आई। ऐसे में यह भी विचारणीय प्रश्न है कि क्या इसे उन शिक्षकों पर लागू किया जा सकता है, जिनकी नियुक्ति आरटीई और टीईटी व्यवस्था लागू होने से पहले हो चुकी थी।सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि ने न्यायालय के समक्ष यह स्पष्ट करने का प्रयास नहीं किया कि 17 अक्टूबर 2017 की अधिसूचना में प्रयुक्त "निर्धारित योग्यताएं" शब्द का आशय केवल शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण योग्यताओं से था अथवा उसमें टीईटी भी शामिल था। यदि इस विषय में समय रहते स्पष्टता प्रदान की जाती, तो संभव है कि यह पूरा विवाद ही उत्पन्न न होता। यदि वास्तव में टीईटी को भी अधिसूचना के अंतर्गत आने वाली योग्यता मानता था, तो उसका दायित्व था कि वह सभी राज्यों को स्पष्ट व्याख्यात्मक पत्र जारी करता। लेकिन ऐसा नहीं हुआ और वर्षों तक भ्रम की स्थिति बनी रही।ऐसे में यह कहना अनुचित नहीं होगा कि यदि केंद्र सरकार ने कोई निर्णय लिया, तो उसके पीछे सलाह, संस्तुति और व्याख्या देने वाली संस्थाओं की भूमिका की भी निष्पक्ष समीक्षा होनी चाहिए। आखिर जब संसद में एक बात कही गई, राज्यों को कोई स्पष्ट निर्देश नहीं दिए गए और बाद में न्यायालय में अलग व्याख्या प्रस्तुत की गई, तो इस विरोधाभास की जिम्मेदारी कौन लेगा?शिक्षक पूरी तरह निर्दोष है, तब यह आवश्यक हो जाता है कि उन नीतिगत और प्रशासनिक निर्णयों की भी समीक्षा हो, जिनकी वजह से यह पूरा विवाद खड़ा हुआ। आखिर 10 अगस्त 2017 और 17 अक्टूबर 2017 के बीच ऐसा क्या हुआ कि सरकार की भाषा और व्याख्या बदल गई? यह प्रश्न केवल शिक्षकों का नहीं, बल्कि नीति निर्माण की पारदर्शिता और जवाबदेही का भी है। यदि लाखों शिक्षकों का भविष्य प्रभावित हुआ है, तो यह जानने का अधिकार देश को भी है कि इसके लिए वास्तविक जिम्मेदारी किसकी थी।

# डिजिटल युग में स्क्रीन टाइम नहीं, स्मार्ट टाइम की आवश्यकता

आज हम सभी डिजिटल युग में सांस ले रहे हैं- मोबाइल, लैपटॉप और इंटरनेट हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। लेकिन यही तकनीक, जो सुविधा और ज्ञान का द्वार खोलती है, धीरे-धीरे युवाओं के मानसिक और बौद्धिक विकास के लिए एक गंभीर चुनौती बनती जा रही है। स्क्रीन टाइम सुविधाएं तो बढ़ा रहा है, लेकिन सबसे पहले, इसका असर स्वास्थ्य पर स्पष्ट दिखाई देता है। घंटों स्क्रीन देखने से आंखों में जलन, सिरदर्द और नींद की समस्या आम हो गई है। स्क्रीन की नीली रोशनी नींद के चक्र को बिगाड़ती है, साथ ही, शारीरिक गतिविधि में कमी के कारण अन्य बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है। मानसिक स्तर पर भी इसके दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं। लगातार सोशल मीडिया उपयोग से युवाओं में अवसाद, चिंता और आत्म-संतोष की कमी देखी जा रही है। 'लाइक' और 'फॉलो' की दुनिया में वे वास्तविक खुशी को भूलते जा रहे हैं। इससे ध्यान और एकाग्रता में भी गिरावट आती है। सामाजिक दृष्टि से भी स्थिति चिंताजनक है। परिवार और मित्रों के साथ समय बिताने के बजाय युवा स्क्रीन में खोए रहते हैं, जिससे रिश्तों में दूरी और संवाद की कमी बढ़ती है। इसलिए आवश्यक है कि युवा स्क्रीन टाइम को नियंत्रित करें। सीमित और उद्देश्यपूर्ण उपयोग ही तकनीक को वरदान बना सकता है, यह समझना जरूरी है कि डिजिटल दुनिया में रहना ठीक है, लेकिन उसमें खो जाना नहीं। आज के डिजिटल युग में 'स्क्रीन टाइम कम करो' एक आम सलाह बन चुकी है, लेकिन यह हर परिस्थिति पर समान रूप से लागू नहीं होती। हजारों युवा आज वर्क फ्रॉम होम, फ्रीलांसिंग और ऑनलाइन काम के माध्यम से न केवल अपना कॅरियर बना रहे हैं, बल्कि अपने परिवार का भरण-पोषण भी कर रहे हैं। ऐसे में स्क्रीन उनके लिए कोई लत नहीं, बल्कि रोजगार का आधार है।

# सीबीआई ने पोस्टल सर्विसेज के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर और दो बैंककर्मियों को घूस लेते दबोचा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** भ्रष्टाचार विरोधी कार्रवाई में जांच एजेंसी ने डाक विभाग के एक अभियंता और बैंक से जुड़े दो कर्मचारियों को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। आरोप है कि लंबित भुगतान और सरकारी योजना से जुड़ी प्रक्रिया पूरी करने के बदले धन की मांग की गई थी। कार्रवाई के दौरान कई स्थानों पर छापेमारी भी की गई।




सीबीआई की एंटी करप्शन ब्रांच ने प्रयागराज में पोस्टल सर्विसेज के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर आशीष अग्रवाल को 1.50 लाख रुपये और कानपुर देहात में बैंक ऑफ बड़ौदा का ब्रांच मैनेजर गौरव वर्मा और बैंक मित्र राघवेंद्र को 15 हजार रुपये की घूस लेते हुए बृहस्पतिवार को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। सीबीआई की टीम ने तीनों आरोपियों के ठिकानों पर छापे मारकर भ्रष्टाचार से जुटाई गई कई संपत्तियों के दस्तावेज बरामद किए हैं।

तीनों को शुक्रवार को अदालत में पेश किया जाएगा। सीबीआई, लखनऊ की एंटी करप्शन ब्रांच को पोस्टल सिविल डिविजन, प्रयागराज के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर आशीष अग्रवाल के खिलाफ शिकायत मिली थी कि वह शिकायतकर्ता के बिलों को भुगतान के लिए आगे बढ़ाने के बदले से 3 लाख रुपये की घूस मांग रहे हैं। उससे 90 हजार रुपये ले भी चुके हैं। घूस की रकम कानपुर देहात, वाराणसी, अकबरपुर, बलरामपुर और प्रयागराज जिलों में पोस्टल सिविल डिवीजन के तहत शिकायतकर्ता द्वारा किए जा रहे कई कामों के बदले करीब 40 लाख रुपये के लंबित भुगतानों को आगे बढ़ाने की कार्यवाही करने के लिए मांगी गई थी।

सीबीआई ने बुधवार को एग्जीक्यूटिव इंजीनियर के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद प्रयागराज में उसे घूस के 1.50 लाख रुपये लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। तत्पश्चात उसके प्रयागराज और छत्तीसगढ़ के रायपुर स्थित ठिकानों पर छापे मारे हैं, जिसमें संपत्तियों के तमाम दस्तावेज हाथ लगे हैं।

### रोजगार योजना की सब्सिडी के लिए मांगे 25 हजार

इसी तरह सीबीआई ने बुधवार को कानपुर देहात में बैंक ऑफ बड़ौदा की नोनारी बुजुर्ग शाखा के ब्रांच मैनेजर गौरव वर्मा और बैंक मित्र राघवेंद्र को 15 हजार रुपये घूस लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। उनके खिलाफ सीबीआई में शिकायत हुई थी कि वह पंडित दीनदयाल ग्रामोद्योग रोजगार योजना के तहत ब्याज सब्सिडी का दावा करने के लिए जरूरी दस्तावेज जारी करने के बदले 25 हजार रुपये घूस मांग रहे हैं। सीबीआई ने बुधवार को इस मामले की एफआईआर दर्ज करने के बाद टीम कानपुर देहात भेजी, जिसने दोनों को 15 हजार रुपये घूस लेते हुए रंगे हाथों दबोच लिया। सीबीआई दोनों के कानपुर देहात और उत्तराखंड के ठिकानों पर छानबीन कर रही है।

## सार संक्षेप

### माटीकला कारीगरों के लिए नि:शुल्क विद्युत चालित चाक हेतु आवेदन आमंत्रित

**पीलीभीत।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अमेघ सिंह ने बताया कि वर्ष 2026-27 की माटीकला नि :शुल्क टूलकिट्स वितरण योजना के अंतर्गत पारंपरिक माटीकला कारीगरों को नि :शुल्क विद्युत चालित चाक वितरित किए जाएंगे। इसके लिए पात्र कारीगरों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना का लाभ लेने के इच्छुक ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के पारंपरिक माटीकला कारीगर 08 जून 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, पीलीभीत अथवा दूरभाष संख्या 9580503168 पर संपर्क किया जा सकता है।

### व्यापारी संवाद कार्यक्रम में व्यापारियों ने रखीं जीएसटी संबंधी मांगें

**पूरनपुर।** राज्य कर विभाग द्वारा गुरुवार को पूरनपुर के मंगलम बैंक्वेट हॉल में व्यापारी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में व्यापारियों को जीएसटी पोर्टल, ई-इनवॉइस, रिटर्न फाइलिंग, इनपुट टैक्स क्रेडिट, जीएसटी 2 .0 सुधारों तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान व्यापारियों ने ई-वे बिल की सीमा 50 हजार रुपये से बढ़ाकर 1 लाख रुपये करने, सोना-चांदी पर कर की दर घटाने, जीएसटी-3बी रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि 25 तारीख करने तथा कंपोजिशन योजना की सीमा बढ़ाने जैसी मांगें रखीं। कार्यक्रम में उपायुक्त राज्य कर रिकेश सिंह, सहायक आयुक्त रूचि यादव, राज्य कर अधिकारी विपिन कुमार मिश्रा सहित विभिन्न व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी, व्यापारी, अधिवक्ता और चार्टर्ड अकाउंटेंट मौजूद रहे।

### अंतरजनपदीय स्थानांतरण पर लगी रोक : शिक्षकों के नहीं होंगे तबादले, विशेष परिस्थितियों में मिलेगी अनुमति

**लखनऊ।** बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन संचालित विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों और शिक्षिकाओं के अंतरजनपदीय स्थानांतरण पर फिलहाल रोक लगा दी गई है। यह रोक बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का जनजगणा कार्य में लगे होना है, ताकि जनगणना कार्य प्रभावित न हो। इसके लिए अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने निर्देश जारी किए हैं। महानिदेशक स्कूल शिक्षा को जारी आदेश के अनुसार, वर्ष 2026-27 की जनगणना में बड़ी संख्या में परिषदीय शिक्षक और शिक्षिकाएं तैनात हैं। केंद्र सरकार के निर्देशों के तहत जनगणना कार्य में लगे कार्मिकों का स्थानांतरण 31 मार्च 2027 तक नहीं किया जाना है। ऐसे में बड़े पैमाने पर अंतरजनपदीय तबादले जनगणना कार्य को प्रभावित कर सकते हैं। हालांकि किसी विशेष और विषम परिस्थिति में मुख्यमंत्री की अनुमति से स्थानांतरण किया जा सकेगा। शासन ने कुछ मामलों में स्थानांतरण की अनुमति दी है। इसके तहत शिक्षक या उनके जीवनसाथी तथा अविवाहित पुत्र-पुत्री के दिव्यांग होने, कैंसर से पीड़ित होने अथवा डायलिसिस पर होने की स्थिति में तबादला किया जा सकेगा। यदि पति-पत्नी दोनों परिषदीय विद्यालयों में शिक्षक हैं और उनमें से किसी एक ने आवेदन किया है तो शिक्षक-छात्र अनुपात को ध्यान में रखते हुए किसी एक का स्थानांतरण किया जा सकेगा। बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि योगी सरकार शिक्षकों की वास्तविक एवं समस्याओं के समाधान के प्रति संवेदनशील है। इसी दृष्टिकोण से शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं के अंतर्जनपदीय स्थानांतरण हेतु विशेष नीति निर्धारित की गई है।

### शराब के नशे में संघर्ष, आठ घायल

**लखनऊ।** क्षेत्र पचगवां में बुधवार देर रात शराब के नशे में हुई मारपीट में आठ लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया और दलित उत्पीड़न सहित गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज दर्ज कर ली है। यह घटना बुधवार रात करीब 10 बजे गांव के पास सड़क पर हुई। आरोप है कि रामनारायण यादव शराब के नशे में गाली-गलौज कर रहे थे। दलित परिवार के कृपा शंकर ने इसका विरोध किया, जिससे दोनों में विवाद हो गया। रामनारायण बाद में अपने परिवार के लोगों के साथ वापस आया। उसने लाठी-डंडों से कृपा शंकर के परिवार पर हमला कर दिया। इस मारपीट में कृपा शंकर की पत्नी शीला देवी, हरिशंकर, गीता देवी, अनुराग और मुकेश घायल हो गए।

# प्रवेश में देरी होने पर रजिस्ट्रार होंगे जिम्मेदार, उच्च शिक्षा विभाग सत्र नियमित करने को लेकर सख्त

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** उच्च शिक्षा विभाग ने नए शैक्षणिक सत्र को समय पर संचालित करने के लिए सख्ती दिखाई है। प्रवेश प्रक्रिया में देरी होने पर कुलसचिव और परीक्षाएं समय से न होने पर परीक्षा नियंत्रक जिम्मेदार होंगे। सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों को वार्षिक गतिविधि कैलेंडर बनाकर निर्धारित समयसीमा में शैक्षणिक कार्य पूरे करने होंगे।

प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों में नए सत्र 2026-27 में सत्र नियमितीकरण पर जोर होगा। उच्च शिक्षा विभाग ने इस बार शैक्षिक कैलेंडर में सत्र नियमितीकरण को लेकर जिम्मेदारी तय की है। विभाग ने कहा है कि अगर समय से प्रवेश कार्य नहीं होता है तो संबंधित विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार और समय से परीक्षा न होने पर परीक्षा नियंत्रक को प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाएगी।



विभाग ने कहा है कि इंटर के परिणाम 15 मई और पीजी के 15 जून तक आ जाते हैं। सभी प्रकार के प्रवेश 25 जुलाई तक पूरे कर लिए जाएं। यदि सीयूईटी आदि परीक्षाओं के परिणम के कारण विद्यार्थी प्रवेश नहीं ले पाते हैं तो ऐसे विद्यार्थियों के लिए सीटें खाली होने पर प्रवेश की अनुमति विश्वविद्यालय दे सकता है। ताकि शैक्षिक कैलेंडर न प्रभावित हो।

उच्च शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव शकील अहमद सिद्दीकी ने कहा है कि प्रवेश कार्य निर्धारित समय में पूरा कराने का उत्तरदायित्व कुलसचिव का है। किसी भी प्रकार की देरी के लिए कुलसचिव की व्यक्तिगत जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाएगी। इसी प्रकार उन्होंने कहा है कि सेमेस्टर परीक्षाएं दो बार आयोजित की जाएंगी।

विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न परीक्षाओं के लिए महाविद्यालयों को केंद्र बनाया जाता है। इससे उसका शिक्षण कार्य प्रभावित होता है। इसलिए विश्वविद्यालय किसी भी प्रकार की परीक्षा निर्धारित समय में ही आयोजित करे। निर्धारित समय से इतर परीक्षाएं आयोजित नहीं की जाएंगी। परीक्षा नियंत्रक अन्य सभी प्रकार की परीक्षाओं के कार्यक्रम इस तरह बनाएंगे कि वे निर्धारित समय में ही पूरी हों।

विशेष परिस्थिति के लिए शासन को पत्र भेजकर अनुमति लेनी होगी। निर्धारित समय के बाद विश्वविद्यालय की परीक्षाएं चलने पर संबंधित विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक की व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय करते हुए प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाएगी।

संयुक्त सचिव ने यह भी कहा है कि सभी माइनर पेर की परीक्षा एक-दो दिन में की जाए। माइनर पेपर-स्किल कोर्स के लिए स्वयं पर उपलब्ध कोर्स की सूची बना सकते हैं। साथ ही कोर्स न पूरा होने पर ऑनलाइन कक्षाएं लेकर कोर्स पूरा कराना अनिवार्य होगा।

### सभी बनाएंगे वार्षिक गतिविधि कैलेंडर

उच्च शिक्षा विभाग ने निर्देश दिया है कि सभी विश्वविद्यालय व महाविद्यालय शैक्षिक कैलेंडर के दृष्टिगत अपना वार्षिक गतिविधि कैलेंडर बनाकर अपनी वेबसाइट पर देंगे। इसके अनुसार साल भर होने वाली सभी को-कॅरिकुलर व गैर शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन किया जाएगा। ऐसे में छात्रों को इसके बारे में पहले से जानकारी होगी।

# दिल्ली में मौसम खराब होने से चार उड़ानें लखनऊ हुईं डायवर्ट




जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** दिल्ली में बृहस्पतिवार दोपहर अचानक मौसम खराब होने से विमान संचालन प्रभावित हो गया। खराब मौसम और विमान संचालन में आई बाधा के कारण दिल्ली जाने वाली चार उड़ानों को डायवर्ट कर चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर उतारा गया। इससे यात्रियों को कुछ समय तक असुविधा का सामना करना पड़ा।

एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक गोवा से दिल्ली जा रही अकासा एयरलाइंस की उड़ान (क्यूपी-1814) को एटीसी से दिल्ली में लैंडिंग की अनुमति नहीं मिल सकी, जिसके बाद उसे डायवर्ट कर लखनऊ भेज दिया गया। यह विमान दोपहर 3:10 बजे लखनऊ पहुंचा। विमान में एक बच्चे सहित कुल 160 यात्री सवार थे। मौसम में सुधार होने के बाद इस उड़ान को शाम 4:37 बजे दिल्ली के लिए रवाना कर दिया गया।

इसी तरह मुंबई से दिल्ली जा रही एयर इंडिया की उड़ान (एआई-2419) को भी लखनऊ डायवर्ट किया गया। यह विमान 3:20 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर उतरा, इस विमान में 86 यात्री सवार थे। इस विमान को शाम 4:50 बजे रवाना किया गया। वहीं बैंकॉक से दिल्ली जाने वाली इंडिगो की उड़ान (6ई-1064) शाम चार बजे लखनऊ पहुंची। इसमें 215 यात्री सवार थे।

यह उड़ान एक घंटे बाद दिल्ली के लिए रवाना हुई। इसके अलावा पूर्णिया से दिल्ली जा रही इंडिगो की उड़ान (6ई-6560) को भी डायवर्ट कर लखनऊ एयरपोर्ट पर उतारा गया। इस विमान में 176 यात्री सवार थे। बाद में मौसम सामान्य होने पर इस उड़ान को 5:13 बजे गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया।

# विद्यार्थी इम्प्रूवमेंट और कम्पार्टमेंट परीक्षा के लिए 27 जून तक कर सकेंगे आवेदन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** बोर्ड द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, हाईस्कूल इम्प्रूवमेंट परीक्षा के लिए एक विषय में अनुत्तीर्ण विद्यार्थी पात्र होंगे, जबकि कम्पार्टमेंट परीक्षा के तहत दो विषयों में अनुत्तीर्ण परीक्षार्थी किसी एक विषय की परीक्षा दे सकेंगे



उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) ने वर्ष 2026 की हाईस्कूल इम्प्रूवमेंट/कम्पार्टमेंट तथा इंटरमीडिएट कम्पार्टमेंट परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ करने की घोषणा की है। इस व्यवस्था के अंतर्गत पात्र परीक्षार्थी 6 जून से 27 जून 2026 की मध्यरात्रि तक परिषद की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

बोर्ड द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, हाईस्कूल इम्प्रूवमेंट परीक्षा के लिए एक विषय में अनुत्तीर्ण विद्यार्थी पात्र होंगे, जबकि कम्पार्टमेंट परीक्षा के तहत दो विषयों में अनुत्तीर्ण परीक्षार्थी किसी एक विषय की परीक्षा दे सकेंगे। इसके लिए परीक्षा शुल्क 256.50 रुपये निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार, इंटरमीडिएट कम्पार्टमेंट परीक्षा में मानविकी, विज्ञान, वाणिज्य और व्यावसायिक वर्ग के ऐसे विद्यार्थी आवेदन कर सकेंगे जो किसी एक विषय के किसी एक प्रश्नपत्र में अनुत्तीर्ण हैं, और इसके लिए परीक्षा शुल्क 306 रुपये तय किया गया है। आवेदन प्रक्रिया को पूरा करने के लिए परीक्षार्थियों को निर्धारित शुल्क कोषागार चालान के माध्यम से जमा करना होगा। ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के बाद उसकी प्रति तथा शुल्क जमा करने के चालान की मूल प्रति डाउनलोड करनी होगी, जिसे अंतिम तिथि के बाद तीन दिनों के भीतर संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को पंजीकृत डाक से भेजना अनिवार्य है।

# लखनऊ-कानपुर नमो भारत कॉरिडोर की तैयारी तेज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** लखनऊ और कानपुर के बीच हाईस्पीड क्षेत्रीय रेल सेवा नमो भारत चलाने का काम का काम तेज हो गया है। प्रदेश सरकार ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना की अल्टरनेटिव्स एनालिसिस रिपोर्ट (एएआर) और डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कराने के लिए छह करोड़ रुपये का बजट पास है। रिपोर्ट तैयार करने की जिम्मेदारी राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) नई दिल्ली को सौंपी गई है।



एएआर और डीपीआर में नमो भारत रेल सेवा कॉरिडोर का प्रस्तावित रूट, संभावित स्टेशन, अनुमानित यात्री संख्या, निर्माण लागत, तकनीकी व्यवहार्यता और वित्तीय मॉडल का विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी। रिपोर्ट तैयार होने के बाद परियोजना को अंतिम स्वीकृति और निर्माण प्रक्रिया के लिए आगे बढ़ाया जाएगा।

इसको लेकर प्रमुख सचिव आवास एवं शहरी नियोजन विभाग प्रमुख सचिव पी. गुरुप्रसाद ने एनसीआरटीसी को पत्र भी भेजा है। ताकि रेल सेवा का काम जल्द शुरू किया जा सके। पत्र में प्रमुख सचिव ने यह भी कहा है कि परियोजना पर आने वाला खर्च लखनऊ विकास प्राधिकरण, कानपुर विकास प्राधिकरण और उन्नाव-शुक्लागंज विकास प्राधिकरण संयुक्त रूप से वहन करेंगे।

# अखिलेश यादव बोले- चित्रकूट में पानी संकट के बाद विकास का दावा फुस्स, सिर्फ दीवारों पर लिखा- 'हर घर जल'

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** चित्रकूट में पानी की समस्या को लेकर विपक्ष ने सरकार पर निशाना साधा है। आरोप लगाया गया कि विकास और जलापूर्ति योजनाओं के दावे जमीन पर सफल नहीं दिख रहे हैं। पेयजल संकट, अधूरी परियोजनाओं और बुनियादी सुविधाओं को लेकर सवाल उठाए गए, जबकि नदियों की सफाई और पूर्व विकास कार्यों का भी उल्लेख किया गया।



उन्होंने कहा कि जब तक भाजपा का शासन रहेगा तब तक 'जल जीवन मिशन' की टंकियां गिरती रहेंगी और 'हर घर जल' का नारा दीवारों पर ही लिखा मिलेगा। अब फिर कोई किसी 'स्वतंत्र' को बंधक बनाएगा तो भाजपाई कहेंगे, ये ठीक नहीं किया।

अखिलेश यादव ने आरोप लगाए कि भाजपा सरकार में केवल बजट की लूट हुई है। सारा पैसा भाजपाईयों की कमीशनखोरी में बंट जाता है। इसीलिए कहीं पानी की टंकियां गिर रही हैं तो कहीं पुल गिर रहे हैं, और सड़कें टूट रही हैं। आरोप लगाया कि भाजपा मां गंगा को भी साफ नहीं कर पायी। यमुना नदी का बुरा हाल है। नदियों की सफाई और शहर में नदी साफ बनाने के लिए लखनऊ में गोमती रिवर फ्रंट एक उदाहरण है। कहा कि सपा सरकार ने नदियों की सफाई के लिए ऐतिहासिक काम किया था। गोमती नदी पर विश्वस्तरीय रिवरफ्रंट बनाया गया। नदियों को साफ रखने का यही तरीका है।

# दिल्ली-एनसीआर समेत केरल में मानसून की दस्तक यूपी के इन जिलों में अगले तीन दिन होगी बारिश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मानसून ने बृहस्पतिवार को केरल में दस्तक दे दी। आमतौर पर मानसून एक जून के आसपास केरल पहुंचता है, जो दक्षिण-पश्चिम मानसून ऋतु (जून से सितंबर) की शुरुआत का संकेत माना जाता है।

आईएमडी ने कहा, ''दक्षिण-पश्चिम मानसून चार जून, 2026 को दक्षिण-पश्चिम और दक्षिण-पूर्व अरब सागर के शेष हिस्सों, पश्चिम-मध्य और पूर्व-मध्य अरब सागर के कुछ भागों, पूरे लक्षद्वीप द्वीपसमूह, केरल और माहे, कर्नाटक तथा तमिलनाडु के कुछ हिस्सों, कोमोरिन क्षेत्र के शेष भागों, दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी तथा दक्षिण-पश्चिम, पश्चिम-मध्य, पूर्व-मध्य और उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्सों तक आगे बढ़ गया है।'

दिल्ली के कई हिस्सों में गुरुवार दोपहर को हुई बारिश से पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी से राहत मिली है। राष्ट्रीय राजधानी के कुछ हिस्सों में दिन में तेज आंधी के बाद बारिश हुई।

यूपी में अगले तीन दिनों तक मौसम का मिजाज बदला हुआ रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार चार से छह जून के बीच प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी हिस्सों में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बारिश और बौछारें पड़ सकती हैं। इस दौरान तेज हवाएं चलने तथा कुछ स्थानों पर वज्रपात की भी आशंका जताई गई है। मौसम केंद्र, लखनऊ द्वारा गुरुवार को जारी दैनिक मौसम पूर्वानुमान बुलेटिन के अनुसार 4, 5 और 6 जून को पश्चिमी एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर वर्षा और गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है।

**आदेश** — मोदी सरकार के 12 साल, मुख्यमंत्री योगी ने दिए दिशा-निर्देश

# यूपी में कल से चलेगा जनभागीदारी अभियान, जिलों में रात्रि प्रवास करेंगे मंत्री

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में उत्तर प्रदेश में 5 जून से 21 जून तक जनभागीदारी आधारित विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान मंत्री, जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारी जनता के बीच जाकर सरकार की उपलब्धियों को साझा करेंगे तथा चौपाल, जनसंवाद और रात्रि प्रवास के माध्यम से लोगों की समस्याएं भी सुनेंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस तक आयोजित कार्यक्रम केवल औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि जनजागरण और जनभागीदारी का व्यापक अभियान बनना चाहिए।



उन्होंने निर्देश दिया कि 5 जून को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत न्यूनतम पांच करोड़ पौधों का रोपण किया जाए। पौधरोपण के साथ उनकी जियो टैगिंग और संरक्षण की भी प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अवधि में प्रबुद्ध नागरिकों, शिक्षाविदों, चिकित्सकों, उद्योगपतियों, अधिवक्ताओं, युवा उद्यमियों और स्टार्टअप इनोवेटरों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सरकार की उपलब्धियों, निवेश, रोजगार, आधारभूत संरचना और जनकल्याण योजनाओं पर चर्चा की जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि 14 से 16 जून तक विकास खंड स्तर पर जनकल्याण शिविर और स्वास्थ्य मेले आयोजित कर पात्र लेकिन वंचित लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि चौपाल और जनसंवाद कार्यक्रमों के माध्यम से जनसमस्याओं का समाधान किया जाए। प्रभारी मंत्री, जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारी गांवों में रात्रि प्रवास कर स्थानीय आवश्यकताओं का आकलन करेंगे। मुख्यमंत्री ने आगामी आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्हें बताया गया कि 8, 9 और 10 जून को दो पालियों में होने वाली परीक्षा में लगभग 29 लाख अभ्यर्थियों के शामिल होने की संभावना है। सीएम ने निर्देश दिए कि परीक्षा की शुचिता, निष्पक्षता और गोपनीयता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं होना चाहिए। सभी परीक्षा केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं, पेयजल, छाया, विद्युत आपूर्ति और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# 551 सुहागिनों ने अवसानी माता का किया पूजन-अर्चन



जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** गोसाईंगंज कस्बे में बृहस्पतिवार को अंगियार समाज की ओर से दुखदुरिया (दुरदुरिया) कार्यक्रम आयोजित किया गया। अमसिन, महबूबगंज, उनियार, सेवागंज, इल्तिफ़ातगंज, कटेहरी आदि क्षेत्रों से पहुंचीं 551 सुहागिन महिलाओं ने अवसानी माता का पूजन अर्चन किया। समाज के अध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि यह अनुष्ठान समूचे समाज व क्षेत्र के कल्याण के लिए आयोजित किया गया था। मुख्य उद्देश्य समाज की महिलाओं का संगम, समाज के सुख-दुख में भागीदारी व समाज को एक सूत्र में पिरोने का है।

संरक्षक गोपीनाथ अंगियार ने मातृशक्ति के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि जब पुरुष व माताएं मिलकर कोई कार्य करते है तो निश्चित रूप से सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। इस दौरान समाज की दो महिला सभासद मीना गुप्ता व मीनू गुप्ता को सम्मानित भी किया गया। इस दौरान राधेश्याम,

# विश्व पर्यावरण दिवस पर 7.20 लाख पौधारोपण का लक्ष्य, डीएम ने तैयार कराई कार्ययोजना


पौधारोपण को लेकर मीटिंग में भाग लेते डीएम व अन्य। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** आगामी विश्व पर्यावरण दिवस के आयोजन को लेकर जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में गांधी सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद को 7 लाख 20 हजार पौधारोपण का लक्ष्य मिलने की जानकारी दी गई।जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों को अपने कार्यालय परिसरों, खाली भूमि, तालाबों और नदी किनारों पर "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत पौधारोपण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, जनजागरूकता और वृक्षारोपण कार्यक्रमों में युवाओं तथा स्कूली बच्चों की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक में विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण, प्लास्टिक उन्मूलन अभियान तथा पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाने जैसे कार्यक्रमों की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार चार वर्षीय मासूम की मौत, गर्भवती मां गंभीर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**न्यूरिया।** मझोला बाजार में दर्दनाक सड़क हादसे में 4 वर्षीय मासूम की मौत हो गई, जबकि उसकी गर्भवती मां गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसा उस समय हुआ जब परिवार अल्ट्रासाउंड कराने बाजार आया था और फल खरीदने के लिए सड़क किनारे रुका था।

जानकारी के अनुसार ग्राम हसननगर भगातिनिया निवासी आकाश पुत्र कान्ता प्रसाद अपनी पत्नी ऊषा और चार वर्षीय बेटे मिलन के साथ मझोला बाजार आए थे। सुबह करीब 10 बजे उन्होंने फल खरीदने के लिए अपनी मोटरसाइकिल सड़क किनारे खड़ी की। इसी दौरान


मृतक मिलन का फ़ाइल फ़ोटो।



इसी बस ने मारी बाइक को टक्कर। –जागरण मोर्चा

बरेली-टनकपुर मार्ग पर चल रही रोहिलखंड डिपो की रोडवेज बस (संख्या UP 25 DT 1558) ने तेज रफ्तार और कथित लापरवाही से बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में मासूम मिलन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी मां ऊषा गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के समय गांव के ही सियाराम और अरुण कुमार मौके पर मौजूद थे, जिन्होंने दुर्घटना को अपनी आंखों से देखा। घटना के बाद मृतक बच्चे के पिता आकाश ने थाना न्यूरिया में तहरीर देकर आरोपी बस चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामले की जांच शुरू कर दी है। दुर्घटना में शामिल रोडवेज बस को भी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

## सार संक्षेप

### ढका में घरों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन, ग्रामीणों को सता रहा हादसे का डर, निस्तारण की मांग

**पूरनपुर।** गांव ढका जमीमा में घरों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन विद्युत लाइन ग्रामीणों के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। लंबे समय से आबादी के बीच और कई मकानों के ऊपर से गुजर रही यह लाइन किसी बड़े हादसे को न्योता देती नजर आ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार संबंधित विभाग को शिकायत देने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। गांव के लोगों के अनुसार हाईटेंशन लाइन के तार कई स्थानों पर मकानों के बेहद करीब हैं। तेज हवा, बारिश या आंधी के दौरान तारों के हिलने से लोगों में भय बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि किसी कारणवश तार टूटकर नीचे गिर जाए या विद्युत स्पार्किंग हो जाए तो जान–माल का भारी नुकसान हो सकता है। सबसे अधिक चिंता बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा को लेकर है, क्योंकि वे अक्सर घरों की छतों और आसपास के क्षेत्रों में रहते हैं। गांव में आबादी बढ़ने के साथ कई नए मकान बन गए हैं, लेकिन विद्युत लाइन को अब तक दूसरी जगह स्थानांतरित नहीं किया गया। इसके चलते लोगों को हर समय दुर्घटना की आशंका सताती रहती है। कई परिवारों ने छत पर पानी की टंकी लगाने, मरम्मत कार्य कराने और अन्य घरेलू काम करने में भी परेशानी होने की बात कही है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के मौसम में खतरा और बढ़ जाता है। नमी और तेज हवाओं के कारण विद्युत लाइन में फॉल्ट होने की संभावना बनी रहती है। लोगों ने आशंका जताई कि यदि समय रहते लाइन को आबादी से दूर नहीं किया गया तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है। इस दौरान कई लोगों ने लाइन को हटाए जाने की मांग की है।

### फॉर्च्यूनर गाडी ना देने पर विवाहिता को निकाला, मुकदमा

**पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव नवदिया मकसूदपुर निवासी चानन सिंह ने वताया कि उसने अपनी पुत्री हरमनदीप कौर की शादी दो साल पहले गुलडिया बलकरनपुर निवासी लबप्रीत सिंह के साथ की थी। जिसमे उसने अपनी सार्मथ के अनुसार दहेज दिया था। लेकिन दिए गए दहेज से ससुराली संतुष्ट नही हुए। शादी के बाद ही ससुरालियों ने कम दहेज को लेकर आए दिन मारपीट कर प्रताडित करना शुरू कर दिया। आरोप है कि ससुरालियों ने अतिरिक्त दहेज में एक फॉर्च्यूनर गाडी की मांग शुरू कर दी। मना करने पर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। मांग पूरी ना करने पर पिटाई कर उसको घर से निकाल दिया। वापस आने पर जान से मारने की धमकी दी। मायके वालों ने ससुरालियों को काफी समझाने का प्रयास किया। जिस पर वह फिर ससुराल गई। आरोप है कि पति उसको आस्ट्रेलिया ले गया। वहां जाने के बाद भगाकर दूसरी शादी करने की धमकी दी। कुछ दिन बाद विवाहिता को आस्ट्रेलिया में घर से निकाल दिया। जिससे वह वहां पर बेघर होकर घूम रही है। तहरीर पर पुलिस ने पति लवप्रीत सिंह, मुख्तार सिंह, बलविन्दर कौर, किरन दीप कौर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने वताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

### एक लाख की नकदी ना देने पर विवाहिता को निकाला

**पूरनपुर।** अतिरिक्त दहेज में एक लाख रुपये ना देने पर विवाहिता को मारा पीटा। दवाई लाने के दौरान उसको घेर कर पीटा। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। थाना सेहरामऊ क्षेत्र के गांव बहादुरपुर निवासी नन्दराम ने वताया उसने अपनी पुत्री दानमती की शादी दो माह पहले थाना क्षेत्र के ही गांव हीरपुर निवासी प्रियांशु के साथ की थी। जिसमे उसने अपनी सार्मथ के अनुसार दहेज दिया था। शादी के बाद ही ससुरालियों ने कम दहेज को लेकर आए दिन मारपीट कर प्रताडित करना शुरू कर दिया। आरोप है कि ससुरालियों ने अतिरिक्त दहेज में एक लाख रुपये की नकदी की मांग शुरू कर दी। मना करने पर उसको प्रताडित करना शुरु कर दिया।एक जून को पति प्रियांशु, देवसुति, डाली व प्रदीप ने एक राय होकर उसको मारा पीटा। इसके बाद उसका मुंह फोड दिया। जिससे वह घायल हो गई। थाने गई तो पुलिस ने उसका मेडिकल करा दिया। तहरीर मिलने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# हाईवे पर बस की टक्कर से ई–रिक्शा सवार दो लोगों की मौत

## दादा के साथ गांव लौट रहे भाई-बहन हादसे का शिकार, घुंघचाई हाईवे पर तडके हुई घटना से मची चीख-पुकार

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**पूरनपुर।** पूरनपुर-मैगलगंज हाईवे पर गुरुबार को तडके घुंघचाई उदराह तिराहे पर दर्दनाक हादसा हो गया। तेज रफ्तार बस और ई-रिक्शा की भीषण टक्कर में दो की मौत हो गई। जबकि मासूम सहित तीन अन्य घायल हो गए। घायल मदद के लिए पुकारते रहे और राहगीर उन्हें बचाने के लिए दौड़ पड़े। सूचना मिलने पर पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाया गया। एसडीएम, सीओ ने पहुंच कर लोगों से हादसे की जानकारी की।

हादसा पूरनपुर-मैगलगंज हाईवे पर घुंघचाई उदरहा तिराहे पर हुआ। गुरुवार सुबह करीब पांच बजे पूरनपुर के मोहल्ला राजीवनगर निवासी महबूब अली अपने ई-रिक्शा से सवारियों को लेकर बलरामपुर गांव जा रहे थे। सुबह का समय होने के कारण सड़क पर यातायात कम था। इसी दौरान घुंघचाई के पास उदराह मार्ग के निकट सामने से आ रही तेज रफ्तार बस ने ई-रिक्शा को रौंद दिया। ई-रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें बैठे यात्री सड़क पर जा गिरे। कई यात्रियों को संभलने तक का मौका नहीं मिला। इसको लेकर चीख पुकार मच गई। हादसे में घुंघचाई क्षेत्र के गांव कढैया निवासी सूरज (40) गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके अलावा बलरामपुर निवासी बाबूराम (55), उनके पौत्र विवेक (13), पौत्री मीनाक्षी (3) तथा ई-रिक्शा चालक महबूब अली (60) भी घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को


हादसे के बाद रोते–बिखलते परिजन व मौजूद लोग। –जागरण मोर्चा


मृतक सूरज का फाइल फोटो।


मृतक बाबूराम का फाइल फोटो।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरनपुर पहुंचाया गया,अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने सूरज को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां घायल बाबूराम ने भी दम तोड दिया। सूचना पाकर उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह, सीओ प्रतीक दहिया के अलावा परिवहन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच और हादसा स्थल का निरीक्षण कर लोगों से जानकारी जुटाई। पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में लिया है। परिवार के अनुसार मृतक सूरज एक माह पहले हरियाणा काम करने गया था। गुरुबार को वह वापस गांव लौट रहा था। इससे पहले ही वह हादसे का शिकार हो गया। सूरज की मौत से पत्नी राजेश्वरी देवी, पुत्री रोशनी, ज्योति व पुत्र आयूष का रो-रोकर बुरा हाल है। वंही बलरामपुर निवासी मृतक बाबूराम के परिवार ने वताया कि बाबूराम अपने बेटे सुरेंद्र के पास दिल्ली गए हुए थे। गर्मी की छुट्टियों के चलते उनके पौत्र विवेक और पौत्री मीनाक्षी भी उनके साथ थे। परिवार के लोग छुट्टियां बिताकर गांव लौट रहे थे। पूरनपुर पहुंचने के बाद आगे की यात्रा के लिए उन्होंने ई-रिक्शा किया था। रास्ते में हुए हादसे ने पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया। पुलिस हादसे की पड़ताल कर रही है। हादसे से परिवारों में चीत्कार मची हुई है। जिनका रो रो कर बुराहाल है। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि हादसे में दो लोगों की मौत हुई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। चालक हिरासत में लिया गया है। जांच शुरू कर दी गई है।

# अमेरिकी ट्रेड डील के विरोध में भाकियू का प्रदर्शन

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**पूरनपुर।** भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के बैनर तले गुरुवार को किसानों ने भारत-अमेरिका प्रस्तावित ट्रेड डील के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। संगठन के कार्यकर्ता और किसान बड़ी संख्या में एकत्र हुए तथा केंद्र सरकार से किसानों के हितों की रक्षा करने की मांग उठाई।

प्रदर्शन के दौरान किसानों ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का पुतला फूंककर अपना विरोध दर्ज कराया और बाद में राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए भाकियू चढ़ूनी के पदाधिकारियों ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते का सबसे अधिक प्रभाव देश के कृषि और डेयरी क्षेत्र पर पड़ सकता है। उन्होंने आशंका जताई कि यदि विदेशी कृषि उत्पादों को भारतीय बाजार में अधिक छूट दी गई तो देश के छोटे और मध्यम किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। किसानों का कहना था कि पहले से ही बढ़ती लागत, मौसम की मार और फसलों के उचित मूल्य न मिलने की समस्या से किसान जूझ रहे हैं, ऐसे में किसी भी ऐसे समझौते को स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए जो किसानों की आजीविका के लिए खतरा बने।

प्रदर्शन के बाद भाकियू चढ़ूनी के प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता के दौरान कृषि, डेयरी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर विशेष सावधानी बरती जाए तथा किसानों के हितों को किसी भी कीमत पर प्रभावित न होने दिया जाए। इस दौरान मंगल सिंह, बलराम सिंह, चमकोर सिंह, भूपेंद्र सिंह सहित कई मौजूद रहे।

# माधोटांडा नहर के पास मिले गौवंशीय पशुओं के अवशेष

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**पूरनपुर।** गुरुबार को हिन्दु संगठनों को सूचना मिली कि कुछ गौ तस्कर गौवंशीय पशु के अवशेष ले जा रहे है। सूचना पर राष्ट्रीय बजरंग दल पूरनपुर माधोटांडा टीम के दीपक बॉथम और गोविंद राणा व राष्ट्रीय बजरंग दल टीम तुरंत ठाकुर शिवम सिंह भदोरिया गौ रक्षा दल जिला अध्यक्ष के साथ मौके पर पहुंची तो पाया के कसाई बोरे भरके हड्डिया कही ले जा रहे थे। जांच करने पर पता चला कि अवशेष 20-25 गौवंश के वहां गौशाला संचालक ने डलवाए है। जिनकी हड्डियां का ठेका इन कसाइयों के पास है। पूरे मामले की सूचना पुलिस को दी गई और पुलिस ने मौके पर पहुंच कर कसाइयों को थाने भेजा। राष्ट्रीय बजरंग दल गौ रक्षा दल टीम ने एसडीएम आने पर ही


अवशेष मिलने की सूचना पर पहुंचे एसडीएम। –जागरण मोर्चा

अंतिम संस्कार करने को कहा। लेकिन घंटे बाद भी मौके पर नहीं पहुंचे। जब अवशेष लेकर राष्ट्रीय बजरंग दल और दूसरे संगठन जब तहसील पहुंचे और हंगामा किया। तब एसडीएम मौके पर पहुंचे और सभी शवों का अन्तिम संस्कार जेसीबी द्वारा करवाया गया। पुलिस मामले कि जांच मैं जुटी हुई है। और पकडे सभी से पूछताछ कर रही है। इधर अबशेष मिलने से हिन्दू संगठनों में कडी नाराजगी जताई। इस दौरान हिन्दु संगठन के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पीलीभीत में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल सीओ सिटी और सीओ पूरनपुर का तबादला

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश शासन ने पुलिस विभाग में प्रशासनिक फेरबदल करते हुए पीलीभीत में तैनात दो पुलिस उपाधीक्षकों (सीओ) का गैर जनपद तबादला कर दिया है। शासन के आदेश के अनुसार सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी को हापुड़ तथा सीओ पूरनपुर प्रतीक दहिया को अन्य जनपद में नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, उनके स्थान पर चित्रकूट जनपद से राजकमल और सोनभद्र से राहुल पांडेय की पीलीभीत में तैनाती की गई है। दोनों अधिकारियों के जल्द ही जनपद में कार्यभार ग्रहण करने की संभावना है। सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी और सीओ पूरनपुर प्रतीक दहिया



ने अपने कार्यकाल के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ कई महत्वपूर्ण मामलों के सफल निस्तारण में अहम भूमिका निभाई। उनके कार्यकाल में कई चर्चित घटनाओं का खुलासा हुआ तथा पुलिसिंग व्यवस्था को मजबूत करने के प्रयास किए गए। पुलिस विभाग में हुए इस फेरबदल को प्रशासनिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जिसका असर जिले की कानून-व्यवस्था और पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी देखने को मिल सकता है।

# केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर चलेगा जन-जागरूकता अभियान

**पीलीभीत।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 5 जून से 21 जून 2026 तक जनपद में व्यापक जन-कल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जिलाधिकारी पीलीभीत ने शासन के निर्देशों के अनुपालन में मुख्य विकास अधिकारी को नोडल अधिकारी तथा अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) एवं जिला विकास अधिकारी को सह-नोडल अधिकारी नामित किया है। अभियान के दौरान केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। साथ ही पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने, जनसमस्याओं के समाधान और जनभागीदारी को बढ़ावा देने पर विशेष जोर रहेगा। सभी संबंधित विभागों को कार्यक्रमों के सफल आयोजन के निर्देश दिए गए हैं।

# बकरी चराने से मना करने पर बाग स्वामी को पीटा

**पूरनपुर।** घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव कबीरपुर कसगंजा निवासी भजन्ने ने बताया कि उसका एक बाग है। जिसमें आम व अमरुद आदि के पेड़ लगे हैं। आरोप है कि गांव के कुछ लोग रोजाना उसके बाग में जबरन बकरी चराने जाते हैं। गुरुवार को गांव निवासी रिसात बकरी चराने के लिए उसके बाग में आए। सूचना पर जब वह पहुंचा और उसने बाग में बकरी चराने से मना कर दिया। आरोप है कि उसको गाली गलौज करने लगे, विरोध करने पर उसको लात घूंसों व डंडों से मारा पीटा। शोर मचाने पर दोवारा बाग में आने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गया। मामले की तहरीर पुलिस को दी गई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। पुलिस ने बताया मामले की तहरीर मिली है जिसकी जांच शुरू कर दी गई है।




# 8 से 10 जून तक होगी पुलिस भर्ती परीक्षा, 13,824 अभ्यर्थी होंगे शामिल


बैठक में संबंधित अधिकारियों को परीक्षा की सभी व्यवस्थाएं ठीक रखने के निर्देश देते जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जनपद के छह परीक्षा केंद्रों पर 8, 9 और 10 जून को आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती परीक्षा-2025 आयोजित की जाएगी। परीक्षा दो पालियों में होगी, जिसमें कुल 13,824 अभ्यर्थी शामिल होंगे। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने गांधी सभागार में आयोजित बैठक में स्टैटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट और केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षा की सभी व्यवस्थाएं समय से दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई जाए तथा सभी केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी, सुरक्षा और मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। बैठक में पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव, अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) रोशनी यादव, उपजिलाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की पात्रता सूची पर 12 से 18 जून तक होंगी ग्रामसभा बैठकें

**पीलीभीत।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत आवास प्लस सर्वे-2024 की स्थायी पात्रता सूची तैयार करने को लेकर जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में गांधी सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पात्रता सूची ग्रामसभाओं में चस्पा की जाए और 12 से 18 जून 2026 तक खुली बैठकों के माध्यम से उसका अनुमोदन कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि ग्रामसभा आपात्र व्यक्तियों के नाम सूची से हटा सकती है, लेकिन नए नाम जोड़ने का प्रावधान नहीं है। जिलाधिकारी ने जिला पंचायतराज अधिकारी को सूची की एक प्रति पंचायत सहायक के पास सुरक्षित रखने के निर्देश भी दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला पंचायतराज अधिकारी तथा सभी खंड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

# खाटू श्याम बाबा की निशान यात्रा में गूंजे जयकारे, उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब


निशान यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं की भीड़। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**पीलीभीत।** खाटू श्याम बाबा की विशाल निशान यात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। हजारों श्रद्धालु हाथों में निशान लेकर भजन-कीर्तन और 'जय श्री श्याम' के जयकारों के बीच यात्रा में शामिल हुए। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया तथा शरबत, पानी और प्रसाद का वितरण किया गया। विशेष रूप से सजाए गए बाबा श्याम के डोले और भजन गायकों की प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहीं, जिन पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। यात्रा के दौरान पूरे शहर में भक्तिमय माहौल बना रहा। बड़ी संख्या में उमड़ी भीड़ को देखते हुए पुलिस और प्रशासन ने सुरक्षा तथा यातायात के विशेष इंतजाम किए। यात्रा का समापन महाआरती, छप्पन भोग और प्रसाद वितरण के साथ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

# सबसे बड़े तिरंगे के साथ एमपीएल शुरू, माधव के दोहरे प्रदर्शन से उज्जैन फाल्कन जीती

**इंदौर**

होलकर स्टेडियम में आयोजित मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) टी-20 सिंधिया कप का उद्घाटन देश का सबसे बड़ा तिरंगा ध्वज फहरा कर किया गया। बुधवार को खेले गए मुकाबले में उज्जैन फाल्कन ने ग्वालियर चीताज को हराया।

35 मीटर म 20 मीटर आकार का यह विशाल राष्ट्रीय ध्वज लगभग 11,000 प्लास्टिक की बोतलों के अपशिष्ट से तैयार किया गया है और यह 100 प्रतिशत जीआरएस (जीआरएस) प्रमाणित है, जो पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस अद्भुत तिरंगे को पहले ही लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में स्थान मिल चुका है।



## एमपीएल बनी प्रमुख लीग

एमपीसीए अध्यक्ष महाआर्यमन सिंधिया ने एमपीएल के पहली बार इंदौर में आयोजित होने पर खुशी जताते हुए कहा कि पूरी टीम ने इसे सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत की है। हम देश की नंबर वन लीग बन गए है। हमारे पास 10 टीमें है। पांच महिलाओं की टीमें भी खेल रही है। उन्होंने कहा कि एमपीएल प्रदेश के युवा खिलाड़ियों को बड़ा मंच देने में सफल रहा है। पुरुषों के साथ महिला क्रिकेटरों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल रहा है। महिला क्रिकेट को बढ़ावा देना एमपीसीए की प्राथमिकता रहा है।

## रजत की टीम ग्वालियर चीताज को मिली हार





होलकर स्टेडियम में बुधवार को मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) टी-20 सिंधिया कप का पहला मुकाबला उज्जैन फाल्कन ने 92 रनों से के बड़े अंतर से अपने नाम किया। उज्जैन ने आरसीबी को दूसरी बार आईपीएल का चैंपियन बनाने वाले रजत पाटीदार की कप्तानी वाली टीम ग्वालियर चीताज को मात दी। कप्तान रजत भी मात्र 11 रन ही बना सके। टॉस जीत कर रजत पाटीदार की कप्तानी वाली ग्वालियर चीताज ने गेंदबाजी चुनी। उज्जैन फाल्कन के लिए यश दुबे ने 37, कप्तान चंचल राठौर ने 33, ओजस्व ने 31 रनों की उपयोगी पारी खेली। लेकिन उज्जैन के लिए मध्यक्रम के बल्लेबाज माधव तिवारी ने 200 की स्ट्राइक से 31 गेंदों में बनाए 62 रनों की धूआंधार पारी की बदौलत 20 ओवर में 6 विकेट पर 221 रनों का स्कोर खड़ा किया।

## प्रज्ञानानंदा ने वर्ल्ड नं-1 कार्लसन को किया पराजित



**नई दिल्ली**

भारत के 20 साल के ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानानंदा रमेशबाबू ने नॉर्वे चेस के आठवें राउंड में दुनिया के नंबर-1 खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराया। प्रज्ञानानंदा की यह टूर्नामेंट में 5 बार के वर्ल्ड चैंपियन कार्लसन के खिलाफ दूसरी जीत है। इससे पहले 28 मई को प्रज्ञानानंदा ने कार्लसन को सफेद मोहरों से मात दी थी। मंगलवार, 2 जून को प्रज्ञानानंदा ने नॉर्वेजियन प्लेयर को काले मोहरों से हराया।इस जीत के साथ आर. प्रज्ञानानंदा भारत के दूसरे ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने एक ही टूर्नामेंट में मैग्नस कार्लसन को दो बार हराया। इससे पहले 2007 में विश्वनाथन आनंद ने लिनारेस इंटरनेशनल टूर्नामेंट में कार्लसन को लगातार दो मुकाबलों में शिकस्त दी थी।

आठवें दौर के एक अन्य मुकाबले में फ्रांस के अलीरजा फिरोजा ने मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन भारत के गुकेश डोमराजु (डी गुकेश) को हराया। सफेद मोहरों से खेल रहे फिरोजा ने टाइम प्रेशर के बीच एंडगेम में शानदार खेल दिखाया और गुकेश की गलतियों का फायदा उठाया। इस जीत से फिरोजा के 13 अंक हो गए हैं। टूर्नामेंट लीडर वेस्ली सो और विंसेंट केमर के बीच क्लासिकल मुकाबला ड्रॉ रहा।

▶ 6 साल बाद न्यूजीलैंड में टेस्ट मैच के लिए दौरा करेगा भारत

# न्यूजीलैंड में 5 वनडे, 5 टी 20 व 2 टेस्ट खेलेगी टीम इंडिया

**नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट टीम इस साल अक्टूबर से दिसंबर के बीच न्यूजीलैंड का दौरा करेगी। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने होम समर सीजन 2026/27 के तहत इस मल्टी-फॉर्मेट सीरीज का शेड्यूल जारी कर दिया है। दौरे पर भारत और न्यूजीलैंड के बीच 5 टी-20, 5 वनडे और 2 टेस्ट मैच खेले जाएंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट के मुताबिक, मैचों की संख्या के लिहाज से यह न्यूजीलैंड के इतिहास का सबसे बड़ा घरेलू दौरा होगा।

दौरे की शुरुआत 22 अक्टूबर से व्हाइट-बॉल सीरीज के साथ होगी। इसके बाद वेलिंगटन और क्राइस्टचर्च में दो टेस्ट मैच खेले जाएंगे।इस दौरे की 5 मैचों की वनडे सीरीज न्यूजीलैंड के फैंस के लिए खास रहेगी। फैंस को रोहित शर्मा और विराट कोहली को वनडे में लाइव खेलते देखने का मौका मिल सकता है। दोनों खिलाड़ी टी-20 इंटरनेशनल से संन्यास ले चुके हैं, लेकिन वनडे फॉर्मेट में खेल रहे हैं। अगले साल होने वाले वनडे वर्ल्ड कप को देखते हुए यह सीरीज दोनों टीमों के लिए तैयारियां पुख्ता करने का अहम मौका होगी।

भारतीय टीम 2019/20 के बाद पहली बार टेस्ट सीरीज के लिए न्यूजीलैंड का दौरा करेगी। इस बीच न्यूजीलैंड की टीम दो बार भारत आ चुकी है। इसमें 2024/25 का दौरा भी शामिल है, जहां न्यूजीलैंड ने भारत को उसकी सरजमीं पर टेस्ट सीरीज में 3-0 से हराकर क्लीन स्वीप किया था। भारतीय टीम के पास न्यूजीलैंड को उसके घर में हराकर उस हार का बदला लेने का मौका होगा।



### इस साल टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में हुई थी भिड़ंत

इसी साल दोनों टीमों के बीच टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल खेला गया था। इससे पहले साल की शुरुआत में न्यूजीलैंड की टीम 8 व्हाइट-बॉल मैच खेलने भारत आई थी। न्यूजीलैंड ने वनडे सीरीज 2-1 से जीती थी, जबकि टी-20 सीरीज में भारत ने 4-1 से जीत दर्ज की थी। भारत के अलावा न्यूजीलैंड का होम समर सीजन व्यस्त रहेगा। भारत के दौरे के बाद न्यूजीलैंड की महिला टीम बांग्लादेश के खिलाफ 3 टी-20 और 3 वनडे मैचों की मेजबानी करेगी। इसके बाद पुरुष टीम 4 टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी। ऑस्ट्रेलिया दौरे से लौटने के बाद न्यूजीलैंड की टीम श्रीलंका की मेजबानी करेगी। यह सीरीज जनवरी 2027 में 3 वनडे और 3 टी20 मैचों से शुरू होगी और 2 टेस्ट मैचों के साथ खत्म होगी।

**भारत का न्यूजीलैंड दौरा 2026**

| | | |
|---|---|---|
| पहला टी20 | 22 अक्टूबर | क्राइस्टचर्च |
| दूसरा टी20 | 24 अक्टूबर | क्राइस्टचर्च |
| तीसरा टी20 | 27 अक्टूबर | वेलिंगटन |
| चौथा टी20 | 30 अक्टूबर | ऑकलैंड |
| पांचवां टी20 | 1 नवंबर | हैमिल्टन |
| **वनडे सीरीज 2026** | | |
| पहला वनडे | 4 नवंबर | ऑकलैंड |
| दूसरा वनडे | 7 नवंबर | वेलिंगटन |
| तीसरा वनडे | 10 नवंबर | हैमिल्टन |
| चौथा वनडे | 13 नवंबर | माउंट माउनगानुई |
| पांचवां वनडे | 15 नवंबर | माउंट माउनगानुई |

टेस्ट सीरीज
**पहला टेस्ट:** 19-23 नवंबर, वेलिंगटन
**दूसरा टेस्ट** 27 नवंबर, 1 दिसंबर क्राइस्टचर्च

## सौरव गांगुली की सुरक्षा में कटौती



**नई दिल्ली,** पूर्व भारतीय कप्तान और क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (सीएबी) के अध्यक्ष सौरव गांगुली की सुरक्षा व्यवस्था में कटौती की गई है। उनकी सुरक्षा को जेड कैटेगरी से घटाकर वाई कैटेगरी कर दिया गया है। गांगुली को पिछले कुछ वर्षों से जेड श्रेणी की सुरक्षा दी जा रही थी। हालांकि, हालिया सुरक्षा समीक्षा के बाद राज्य प्रशासन ने उनकी सुरक्षा श्रेणी में बदलाव करने का फैसला लिया है।सौरव गांगुली भारतीय क्रिकेट के सबसे सफल कप्तानों में गिने जाते हैं। उनकी कप्तानी में भारतीय टीम ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में नई पहचान बनाई और कई युवा खिलाड़ियों को अवसर मिला। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद भी वह क्रिकेट प्रशासन में सक्रिय रहे हैं।

**जेड कैटेगरी से वाई में किया गया डाउनग्रेड**

मौजूदा समय में गांगुली क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (सीएबी) के अध्यक्ष हैं और खेल जगत की प्रमुख हस्तियों में उनकी गिनती होती है। सरकार के इस कदम को राज्य में बदले राजनीतिक समीकरणों के संदर्भ में भी देखा जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, सौरव को वर्ष 2023 में तत्कालीन ममता बनर्जी सरकार ने जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की थी।

# सुदर्शन व पडिक्कल को टेस्ट टीम में दी गई जगह

अफगानिस्तान के खिलाफ मुकाबला 6 से



**नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट टीम अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच के लिए पूरी तरह तैयार है। यह मुकाबला 6 से 10 जून तक न्यू चंडीगढ़ के महाराजा यादविंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा।

यह मैच आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 साइकिल का हिस्सा नहीं है इसलिए सेलेक्टर्स ने कई वरिष्ठ खिलाड़ियों को आराम देते हुए शुभमन गिल को टीम की कमान सौंपी है। भारतीय टीम मैनेजमेंट को इस मुकाबले के लिए युवाओं और अनुभवी खिलाड़ियों के मिश्रण के साथ एक मजबूत प्लेइंग इलेवन तैयार करनी होगी, जिसमें आईपीएल 2026 और घरेलू सीजन के स्टार खिलाड़ियों को मौका मिलना तय माना जा रहा है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले दौरे पर नाकाम रहे यशस्वी जायसवाल इस मैच में वापसी की उम्मीद के साथ पारी की शुरुआत करेंगे। उनका साथ देंगे टीम के नए उप-कप्तान केएल राहुल जो आईपीएल 2026 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए सबसे ज्यादा रन बनाकर बेहतरीन फॉर्म में चल रहे हैं। इसके बाद नंबर 3 पर बाएं हाथ के होनहार बल्लेबाज साई सुदर्शन मोर्चा संभालेंगे, जिन्होंने गुजरात टाइटंस के लिए शानदार खेल दिखाया है और अब तक खेले 6 टेस्ट में दो अर्धशतक लगा चुके हैं। नंबर 4 की अहम पोजीशन पर खुद कप्तान गिल बल्लेबाजी के लिए उतरेंगे जो आईपीएल 2026 में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे हैं। ऑलराउंडर की भूमिका निभाने के लिए टीम में कई मैच-विनर शामिल हैं।

**भारत की संभावित प्लेइंग इलेवन**

यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल (उप-कप्तान), साई सुदर्शन, शुभमन गिल (कप्तान), देवदत्त पडिक्कल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, नीतीश कुमार रेड्डी, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा।

## फीफा में भारतीय मूल के खिलाड़ी भी दिखाएंगे दम

नई दिल्ली। भारतीय फुटबॉल टीम के लिए विश्व कप खेलना अभी भी सपने जैसा ही है, लेकिन समय-समय पर फुटबॉल के इस मेले में भारतीय मूल के खिलाड़ियों का जलवा देखने को मिल जाता है। अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको में शुरू हो रहे फीफा विश्व कप में भारतीय मूल के चार खिलाड़ी दिखेंगे। विश्व कप के इतिहास में पहली बार होगा जब इतनी संख्या में भारतीय मूल के खिलाड़ी खेलते दिखेंगे। इन खिलाड़ियों के नाम सरप्रीत सिंह, सैमुअल मुत्तुस्वामी, निशान वेलुपिल्लै और तहसीन मोहम्मद हैं। इससे पहले साल 2006 के विश्व कप में भारतीय मूल के विकास धोरासू ने फ्रांस की ओर से हिस्सा लिया था। विकास के पूर्वज आंध्र प्रदेश से थे। न्यूजीलैंड की टीम में शामिल सरप्रीत तो भारत के विरुद्ध भारत में खेल भी चुके हैं। उन्होंने साल 2018 के इंटरकांटिनेंटल कप में भारत के सरप्रीत जर्मन फुटबॉल की टीम बायर्न म्यूनिख के लिए भी खेले हैं। 29 साल के मुत्तुस्वामी डीआर कांगो की तरफ से खेलने उतरेंगे। इनकी मां कांगो की जबकि पिता तमिल हैं। मुत्तुस्वामी का जन्म कैरेबियन में स्थित फ्रेंच द्वीप गुआदेलोप में हुआ था। वह लंबे समय से कांगो की टीम का हिस्सा हैं। इनके पुरखे सालों पहले इस द्वीप पर मजदूरी करने आए थे। वहीं ऑस्ट्रेलिया की ओर से उतरने जा रहे निशान की मां एंग्लो-इंडियन हैं जबकि उनके पिता श्रीलंकन तमिल मूल के मलेशियन हैं। 25 साल के निशान ने 2024 में ऑस्ट्रेलिया के लिए पदार्पण किया था। हाल ही में 20 साल के हुए तहसीन मोहम्मद जमशीद के माता-पिता केरल से हैं। दोहा से अपना फुटबॉल करियर शुरू करने वाले तहसीन कतर की स्टार्स लीग में खेलने पहले पहले भारतीय मूल के खिलाड़ी हैं। साथ ही वह कतर के लिए खेलने वाले पहले भारतीय मूल के खिलाड़ी भी बनेंगे। आईएसएल फ्रेंचाइजी केरला ब्लास्टर्स की ओर से खेल चुके डकेंस नाजोन भी इस विश्व कप में हैती की टीम में शामिल हैं।

# भारतीय बेटियों ने सिंगापुर को रौंदा

दागे हर 3 मिनट में एक गोल



**नई दिल्ली**

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने अंडर-18 एशिया कप 2026 में अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए सिंगापुर को 25-0 के रिकॉर्ड अंतर से रौंद दिया। पूल-ए के इस एकतरफा मुकाबले में भारतीय टीम ने शुरू से लेकर अंत तक मैच पर अपना दबदबा बनाए रखा। इस ऐतिहासिक और धमाकेदार जीत के साथ ही भारत ने पूल-ए में अपने सभी मैच जीतकर अपराजित रहते हुए सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली है। यह अंडर-18 स्तर पर भारतीय टीम की अब तक की सबसे बड़ी जीतों में से एक है।

# माजा च्वालिन्स्का और डायना श्नाइडर सेमीफाइनल में पहुंचीं

नंबर-1 सबालेंका फ्रेंच ओपन से बाहर

**नई दिल्ली**

फ्रेंच ओपन 2026 के महिला एकल वर्ग में सेमीफाइनल की तस्वीर लगभग साफ हो चुकी है। पोलैंड की माजा च्वालिन्स्का और रूस की डायना श्नाइडर ने अपने-अपने क्वार्टरफाइनल मुकाबले जीतकर पहली बार ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में जगह बनाई है।

खास बात यह रही कि श्नाइडर ने दुनिया की नंबर-1 खिलाड़ी आर्यना सबालेंका को हराकर टूर्नामेंट का सबसे बड़ा उलटफेर किया। पोलैंड की 24 वर्षीय माजा च्वालिन्स्का ने महिला एकल क्वार्टरफाइनल में 22वीं वरीयता प्राप्त अन्ना कालिंस्काया को 7-6(3), 6-3 से हराकर अपने करियर के पहले ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मुकाबले में दोनों खिलाड़ियों के बीच लंबी रैलियां और कई उतार-चढ़ाव देखने को मिले, लेकिन निर्णायक मौकों पर च्वालिन्स्का ने बेहतर खेल दिखाया।



### इतिहास रचने के करीब च्वालिन्स्का

रोलां गैरों में यह च्वालिन्स्का की लगातार आठवीं जीत रही। इसके साथ वह ओपन एरा में फ्रेंच ओपन महिला एकल के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली केवल दूसरी क्वालिफायर खिलाड़ी बन गई हैं। अब उनके पास ओपन एरा में फ्रेंच ओपन महिला एकल फाइनल तक पहुंचने वाली पहली क्वालिफायर खिलाड़ी बनने का मौका है।

# खेल का नेटवर्क बढ़ाने हर जिले में बनेंगे फीडर सेंटर

मंत्री सारंग ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

**भोपाल**

मध्यप्रदेश सरकार के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने प्रदेश में खेल प्रतिभाओं की खोज और संवर्धन को नई गति देने के उद्देश्य से संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग स्थित मेजर ध्यानचंद हॉल में टैलेंट सर्च अभियान की समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों एवं खेल प्रशिक्षकों को व्यापक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में मंत्री सारंग ने कहा कि प्रदेश के हर जिले में फीडर सेंटर स्थापित किए जाएंगे, मंत्री सारंग ने निर्देश दिए कि द्वितीय स्तर में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में विकसित किए जा रहे नए स्टेडियमों को भी फीडर सेंटर के रूप में विकसित किया जाए।



### युवाओं को खेल से जोड़ना प्राथमिकता

मंत्री सारंग ने स्कूलों, कॉलेजों, समर कैंपों और शिक्षा विभाग के साथ समन्वय बढ़ाने के निर्देश देते हुए कहा कि अधिक से अधिक बच्चों और युवाओं को खेलों से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि खेलो इंडिया स्मॉल सेंटर, फीडर सेंटर और खेल अकादमियों के लिए प्रतिभा खोज का कार्य एकीकृत रूप से किया जाए।










जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।